# हरिभूमि

मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com भोपाल, शनिवार 22 मार्च 2025





**भागवत कथा: कोलार में बह रही ज्ञान की गंगा, छठवें दिन बड़ी संख्या में पहुंचे श्रद्धालु**

# कंस वध, श्रीकृष्ण-रुक्मिणी विवाह का प्रसंग सुन भक्त हुए भाव-विभोर

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

कोलार में आयोजित की जा रही श्रीमद्भागवत कथा के छठे दिन शुक्रवार को भागवताचार्य शैलेन्द्र कृष्ण शास्त्री ने भगवान श्रीकृष्ण के कंस वध और रुक्मिणी विवाह का अलौकिक प्रसंग सुनाया। उन्होंने कहा कि भगवान श्रीकृष्ण संयोग और वियोग, दोनों परिस्थितियों को जीना जानते हैं। वृंदावन की गोपियां जिनके बिना भगवान एक पल भी नहीं रहते थे, मथुरा गमन के समय उन्हें पीछे मुड़कर भी नहीं देखा। यह प्रसंग प्रेम और भक्ति का गूढ़ रहस्य सिखाता है। इस मौके पर मां चामुंडा दरबार के पुजारी पंडित रामजीवन दुबे ने शॉल श्रीफल से भागवताचार्य शैलेन्द्र कृष्ण शास्त्री का स्वागत किया।




**कंस वधः अधर्म पर धर्म की विजय**

*महाराज ने बताया कि मथुरा पहुंचने के बाद भगवान श्रीकृष्ण ने पाप और आतंक के प्रतीक कंस का वध कर धरती को उसके अत्याचारों से मुक्त किया। भगवान श्रीकृष्ण पत्थर की तरह कठोर भी हैं और फूल की तरह कोमल भी। जब पाप बढ़ता है तो भगवान दंड देने में संकोच नहीं करते, और जब भक्त प्रेम में लीन होता है तो भगवान उसे अपने स्नेह से सराबोर कर देते हैं। भगवान श्रीकृष्ण और माता रुक्मिणी के विवाह प्रसंग में भक्त भाव-विभोर हो गए। कथा के दौरान दो बच्चों ने श्रीकृष्ण और रुक्मिणी का स्वरूप धारण कर एक-दूसरे को वरमाला पहनाई, जिससे पूरा पंडाल भक्तिरस से सराबोर हो गया।*

## मानस भवन में रामायण सम्मेलन आज से, भारतीय ज्ञान परंपरा अनुसार आयोजित होगी रामकथा, सुबह 10 बजे प्रदर्शनी का किया जाएगा उद्घाटन

तुलसी मानस प्रतिष्ठान और रामायण केन्द्र भोपाल के संयुक्त तत्वावधान में आगामी 22 एवं 23 मार्च को मानस भवन भोपाल में तृतीय अंतरराष्ट्रीय रामायण सम्मेलन का आयोजन किया जाएगा। सम्मेलन का केंद्रीय विषय भारतीय ज्ञान परंपरा में रामकथा है। सम्मेलन का शुभारंभ 22 मार्च सुबह 10 बजे प्रदर्शनी के उद्घाटन से होगा। मुख्य अतिथि मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव होंगे एवं कैलाशचन्द्र पंत विशेष अतिथि होंगे। समापन 23 मार्च को दोपहर 3.30 बजे होगा। प्रदेश के संस्कृति मंत्री धर्मेन्द्र सिंह लोधी मुख्यअतिथि एवं विशिष्ट अतिथि कौशलेन्द्र विक्रमसिंह जिलाध्यक्ष भोपाल होंगे। रामायण सम्मेलन के संयोजक डॉ. राजेश श्रीवास्तव ने बताया कि सम्मेलन में कुल 14 सत्र होंगे। जिसमें आठ प्रदेशों के सौ से अधिक विद्वान शोधकर्ता रामायण के जानकार साहित्यकार और कथाकार सम्मेलन में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका का निर्वहन करेंगे। रामायण आधारित पुस्तकों का लोकर्पण भी किया जाएगा। रामायण के वैश्विक प्रचार एवं सांस्कृतिक विशेषताओं पर चर्चा करने के लिए अनेक देशों के विद्वान सम्मेलन में आ रहे हैं। अमेरिका, जापान, इंडोनेशिया, चीन, त्रिनीदा एवं टोबेको, श्रीलंका आदि देशों के विद्वानों के आने की स्वीकृति प्राप्त हो चुकी है। रंगमंच के प्रतिष्ठित एवं अंतरराष्ट्रीय ख्याति प्राप्त कलाकारों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए जाएंगे, मूर्तिकला एवं दुर्लभ वस्तुओं की प्रदर्शनी सम्मेलन का विशेष आकर्षण है।



## खबर संक्षेप

### 22,500 की रिश्वत लेते प्रधान आरक्षक और सहयोगी गिरफ्तार

**भोपाल।** मध्यप्रदेश के धार जिले में पदस्थ एक प्रधान आरक्षक और उसके सहयोगी को रिश्वत लेते हुए लोकायुक्त ने रंगे हाथों पकड़ा है। मामला राजौंद पुलिस थाने का है, जहां पदस्थ प्रधान आरक्षक बनेसिंह परमार और उसके सहयोगी भारत डामर को इंदौर लोकायुक्त पुलिस की टीम ने शुक्रवार को 22 हजार 500 रुपए की रिश्वत लेते रंगे हाथ पकड़ा है। प्रधान आरक्षक ने सरदापुर तहसील के झिंझापाड़ा गांव के निवासी नानूराम ओसारी से 50 हजार की रिश्वत मांगी थी। बनेसिंह ने यह रकम एक आपराधिक मामले में आरोपी नानूराम का नाम केस से हटाने के एवज में घूस की मांग की थी। इसकी शिकायत नानूराम ने इंदौर लोकायुक्त कार्यालय में कर दी।

### अखिल भारतवर्षीय यादव महासभा की बैठक व होली मिलन समारोह आज

**भोपाल।** अखिल भारतवर्षीय यादव महासभा मध्य प्रदेश का आधार सिटी सूखी सेवनिया विदिशा रोड में प्रदेश कार्यकारिणी की बैठक एवं होली मिलन समारोह रखा गया है। अखिल भारतवर्षीय यादव महासभा आईटी सेल और सोशल मीडिया के प्रदेश अध्यक्ष प्रताप सिंह यादव ने बताया कि कार्यक्रम में पूरे प्रदेश से संगठन के पदाधिकारी सम्मिलित होंगे। कार्यकारिणी में विगत तीन माह में समाज में किया जा रहे कार्यों की समीक्षा की जाएगी एवं सभी पदाधिकारी अपने विचार रखेंगे।

### एम्स में डाउन सिंड्रोम पर जागरुकता बढ़ाने हुआ विशेष सत्र

**भोपाल।** एम्स में विश्व डाउन सिंड्रोम दिवस के मौके पर एक जागरुकता सत्र का आयोजन किया गया। इसका उद्देश्य डाउन सिंड्रोम के बारे में जागरुकता बढ़ाना और इससे जुड़े शुरुआती इलाज व देखभाल के महत्व को समझाना था। इस सत्र का नेतृत्व डॉ. भावना ढींगरा ने किया, जिसमें माता-पिता, देखभाल करने वाले और स्वास्थ्यकर्मियों ने सक्रिय रूप से भाग लिया। कार्यक्रम में बताया कि डाउन सिंड्रोम एक आनुवंशिक स्थिति है, जो बच्चे के विकास को प्रभावित करती है, लेकिन सही देखभाल और सहयोग से ये बच्चे भी आत्मनिर्भर जीवन जी सकते हैं। सत्र में विशेषज्ञों ने बताया कि समाज में ऐसे बच्चों के प्रति सहयोग और समावेशी शिक्षा के अवसरों को बढ़ावा देना बहुत जरूरी है। कार्यपालक निदेशक प्रो. डॉ. अजय सिंह ने कहा कि एम्स भोपाल डाउन सिंड्रोम से प्रभावित बच्चों की देखभाल और जागरुकता बढ़ाने के लिए पूरी तरह समर्पित है।

### कांग्रेस: सोशल मीडिया विभाग में उपाध्यक्ष और महासचिव की नियुक्ति

**भोपाल।** मध्य प्रदेश कांग्रेस कमेटी ने सोशल मीडिया विभाग में 22 उपाध्यक्ष और 45 महासचिव के पदों पर नियुक्तियां की हैं। जारी सूची के मुताबिक सोशल मीडिया में उपाध्यक्ष के तौर पर अविरल जैन, शौकत मंसूरी, अश्वनी ए कुमार, आशुतोष शर्मा और दीपांशु यादव शाहिद 22 उपाध्यक्ष बनाए गए हैं। पीसीसी चीफ जीतू पटवारी के निर्देश पर सोशल मीडिया विभाग में नियुक्तियां की गई है इसमें 45 उपाध्यक्ष भी शामिल है। सभी नवनियुक्त पदाधिकारियों को उनके समर्थकों और परिचितों ने बधाई दी है।

## अष्टमी पर आज महिलाएं माता का व्रत रख करेंगी पूजा

# शीतला सप्तमी पर माता को लगाया बासी भोजन का भोग, बच्चों के अच्छे स्वास्थ्य का मांगा आशीर्वाद

*माता से घर-परिवार की सुख-समृद्धि के लिए करेंगी कामना*

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

शीतला सप्तमी पर शुक्रवार को शीतला माता की पूजा की गई। इसके चलते सुबह से ही शीतलदास की बगिया, टीलाजमालपुरा शीतला माता मंदिर सहित अन्य महिलाएं शीतला माता मंदिर पहुंचीं। इस दौरान विधि-विधान के साथ पूजन कर बच्चों के अच्छे स्वास्थ्य व परिवार के लिए मंगल कामनाएं कीं। सुबह से शुरू हुआ पूजन का सिलसिला दोपहर तक चला। पूजन के बाद घर में सुख-शांति व समृद्धि बनी रहने की कामनाएं कर महिलाओं ने घर की दीवार पर हल्दी के छापे लगाए। मान्यता है कि सप्तमी व अष्टमी पर शीतला माता की पूजा करने से अग्निकांड आदि घटनाएं नहीं होती।

**सप्तमी व अष्टमी पर शीतला माता की पूजा करने से नहीं होती आगजनी की घटनाएं**



### अष्टमी पर भी होगी विशेष पूजा-अर्चना

राजधानी में शनिवार को शीतला अष्टमी रहेगी। इस मौके पर महिलाएं व्रत रख पूजन पाठ करेंगी। शीतला माता मंदिर में पूजन कर महिलाएं परिवार की सुख-समृद्धि की कामना करेंगी। धार्मिक परंपरा के अनुसार अष्टमी मनाने वाले लोगों के यहां पूजन के दौरान ठंडा (बासी) भोजन का भोग लगाया जाएगा। खासतौर पर दही की बनी हुई कढ़ी, रायते, पूड़ी समेत अन्य व्यंजनों का भोग लगाने की परंपरा है।

### चार दिन तक होगी आराधना

टीलाजमालपुरा शीतला माता मंदिर में चार दिनों तक यानी दशमीं तक पूजन कार्यक्रम का आयोजन किए जाएंगे। शुक्रवार को सप्तमी पर शीतला माता मंदिर शॉपिंग सेंटर टीलाजमालपुरा पर शीतला माता जनकल्याण भक्त मंडल के तत्वावधान में शीतला माता की पूजा अर्चना कर विशेष आरती की गई।

### चार इमली स्थित शीतला माता मंदिर में की शीतला माता की पूजा-अर्चना

**भोपाल।** चार इमली स्थित शीतला माता के नए मंदिर में चैत्र मास की सप्तमी को शीतला माता की पूजा-अर्चना कर सभी के उत्तम स्वास्थ्य की कामना की गई। मंदिर में उपस्थित अंकिता शर्मा, जाह्नवी भारद्वाज और सीमा भारद्वाज ने कहा कि शीतला माता ने पूरे विश्व को कोरोना के कठिन समय से पार किया। हम सभी को चैत्र मास की सप्तमी-अष्टमी को विधि-विधान से माता का पूजन कर एक दिन पहले शाम को प्रसादी बनाकर ठंडी प्रसादी माता को अर्पित कर ग्रहण करना चाहिए। सर्दी के मौसम के बाद शरीर को संतुलन में रखने के लिए शास्त्रों में शीतला माता का पूजन कई सालों की सनातन परंपरा है।



**कलेक्ट्रेट में हुआ मुख्य समारोह**

## उपभोक्ता जागरूक रहेगा तभी ठगी से बच सकेगा

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

विश्व उपभोक्ता अधिकार दिवस के उपलक्ष्य में 21 मार्च को कलेक्ट्रेट में जिला स्तरीय कार्यक्रम आयोजित किया गया। कलेक्ट्रेट स्थित जन-सुनवाई कक्ष में यह आयोजन हुआ। इस कार्यक्रम में विभिन्न विभागों द्वारा उपभोक्ताओं को जागरूक करने के लिए प्रदर्शनी लगाई गई।

जिला आपूर्ति नियंत्रक विपिन श्रीवास्तव ने बताया कि कार्यक्रम में नगर निगम, नापतौल विभाग, उपभोक्ता जागरुकता के क्षेत्र में कार्यरत सामाजिक संस्था अलख, सेंटर फॉर साइंस एंड हेरिटेज डेवलपमेंट, ग्वालियर, ऑल इंडिया कंज्यूमर सोसाइटी आदि ने भी अपनी उपभोक्ता जागरुकता प्रदर्शनी लगाई। मध्य प्रदेश सरकार ने ग्वालियर में उपभोक्ता पुरस्कार कलेक्टर ऑफिस में दिए।



### ऑल इंडिया कंज्यूमर एजुकेशन सोसाइटी को दूसरा पुरस्कार

ऑल इंडिया कंज्यूमर एजुकेशन सोसाइटी को दूसरा पुरस्कार दिया गया। ग्वालियर में उपभोक्ता दिवस पर एक विशेष कार्यक्रम आयोजित किया गया था। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में डिस्ट्रिक्ट कमीशन ग्वालियर की पूरी टीम, फूड कंट्रोलर और वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे। उपभोक्ता जागरूकता के क्षेत्र में कार्यरत संस्था अलख के सचिव जावेद खान ने उपभोक्ताओं को उनके अधिकारों के प्रति सचेत किया।

## पोस्टर्स तथा बैनर के माध्यम से बिजली उपभोक्ताओं को बताए उनके अधिकार

**भोपाल।** विश्व उपभोक्ता अधिकार दिवस के अवसर पर मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी द्वारा कुशाभाऊ ठाकरे इंटरनेशनल कन्वेंशन सेंटर में आयोजित प्रदर्शनी में उपभोक्ता संरक्षण तथा उनके हितों को लेकर अनेक पोस्टर्स तथा बैनर के माध्यम से बिजली उपभोक्ताओं को राज्य शासन एवं कंपनी द्वारा दी जा रही सुविधाओं तथा योजनाओं की जानकारी दी गई। कार्यक्रम में उच्च दाब उपभोक्ताओं को रिलेशनशिप मैनेजरों के संपर्क नंबर भी उपलब्ध कराए गए। कंपनी द्वारा स्टॉल पर पहुंचने वाले उपभोक्ताओं को योजनाओं की जानकारी से संबंधित प्रचार-प्रसार सामग्री वितरित की गई।



## अखिल भारतीय शास्त्रोत्सव में मध्यप्रदेश को मिला 7 पुरस्कार

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

अखिल भारतीय शास्त्रोत्सव (62वीं अखिल भारतीय शास्त्रीय स्पर्धा) का आयोजन पतंजलि विश्व विद्यालय, हरिद्वार, उत्तराखंड में किया गया। इसमें मध्यप्रदेश से 22 छात्र-छात्राओं ने भाग लिया। इस मौके पर प्रदेश विभिन्न शास्त्रीय स्पर्धाओं में मध्यप्रदेश के 7 छात्र-छात्राओं ने पुरस्कार प्राप्त किया। इसमें मुख्य रूप से केंद्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय के छात्र चन्द्रमणि शर्मा, व्याकरण भाषण में प्रथम स्थान प्राप्त किया।



### प्रशांत को मिला ज्योतिष भाषण में दूसरा स्थान

मेवा प्रसाद तिवारी, धातुरूप कंठपाठ में द्वितीय स्थान प्राप्त किया। प्रशंत मिश्रा ने ज्योतिष भाषण में द्वितीय स्थान, दीपेश दुबे ने अष्टाध्यायी कंठपाठ में तृतीय स्थान, प्रेक्षा जैन ने जैन-बौद्ध दर्शन भाषण में तृतीय स्थान प्राप्त किया। साथ ही दुर्गा गुरुकुल, उज्जयिनी के छात्र अखिल त्रिपाठी ने भारतीय गणित शलाका में तृतीय स्थान एवं श्रीराम संस्कृत महाविद्यालय, जानकीकुण्ड, चित्रकूट के छात्र मनुज शुक्ल ने अक्षर श्लोकी में तृतीय स्थान प्राप्त किया।

## एमसीयू में सीयूईटी एवं विवि ने 11 कोर्स किए ऑफर

**भोपाल।** माखनलाल चतुर्वेदी राष्ट्रीय पत्रकारिता एवं संचार विश्वविद्यालय इस साल प्रवेश के लिए सीयूईटी के जरिए 11 कोर्स ऑफर दिए है। शुक्रवार को कुलगुरु विजय मनोहर तिवारी की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई जिसमें ये निर्णय लिया गया। सीयूईटी-यूजी एवं सीयूईटी-पीजी के अलावा विश्वविद्यालय के स्तर पर भी विभिन्न पाठ्यक्रमों में प्रवेश की प्रक्रिया पृथक से संचालित की जाएगी। भोपाल के साथ ही रीवा, खंडवा और दतिया परिसर में भी प्रवेश के लिए विद्यार्थी आवेदन कर सकते हैं। जिन 11 कोर्स को सीयूईटी के जरिए विश्वविद्यालय ने ऑफर किया है, वे कोर्स इस प्रकार हैं। बीए (पत्रकारिता और रचनात्मक लेखन), बीएससी (फिल्म और कम्युनिकेशन स्टडीज), बीए (अंग्रेजी पत्रकारिता), बीए (मास कम्युनिकेशन), बीए (विज्ञापन और जनसंपर्क), बीएससी (इलेक्ट्रॉनिक मीडिया), बीएससी (मल्टीमीडिया), बी.कॉम (प्रबंधन), कंप्यूटर अनुप्रयोग में स्नातक (बीसीए), बीएससी (मीडिया रिसर्च) एवं बीए (हिंदी भाषा, प्रौद्योगिकी और अनुवाद)।

**राजनीति विज्ञान अध्ययनशाला एवं शोध केंद्र के विद्यार्थियों ने किया विधानसभा का भ्रमण**

## विधानसभा की कार्यवाही एवं प्रक्रिया से रूबरू हुए विद्यार्थी

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

महाराजा छत्रसाल बुंदेलखंड विश्वविद्यालय के राजनीति विज्ञान अध्ययन शाला एवं शोध केंद्र ने पीएम ऊषा के अंतर्गत कुलगुरु प्रो. शुभा तिवारी के मार्गदर्शन, कुलसचिव यशवंत सिंह पटेल के विशेष सहयोग तथा विभागाध्यक्ष व समाज विज्ञान संकायाध्यक्ष डॉ. अर्चना शर्मा के नेतृत्व में विधानसभा का शैक्षणिक भ्रमण किया गया।



### शैक्षणिक स्टाफ के साथ 44 विद्यार्थी हुए शामिल

इसमें शैक्षणिक स्टाफ डॉ. अर्चना शर्मा, डॉ. रेखा शुक्ला, डॉ. कल्पना वैश्य, डॉ. गीता दुबे, अतिथि विद्वान विकास तंवर, भवानी अहिरवार, खुशी करवरिया, अनिल साहू, 44 छात्र-छात्राएं शामिल हुए। सभी ने विधानसभा की कार्यवाही देखी एवं विभिन्न पहलुओं से रूबरू हुए।

## विश्व वानिकी दिवस पर किया पौधरोपण

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

विश्व वानिकी दिवस पर शुक्रवार को पर्यावरण वानिकी वन मंडल भोपाल द्वारा एकांत पार्क में सृष्टि शिक्षा एवं समाज कल्याण समिति के अध्यक्ष महेंद्र दवे और समिति के सदस्यों ने पौधरोपण किया। इस अवसर पर वन विभाग के एसडीओ योगेश चौहान, कुल शर्मा, संतोष मालवीय, शुभम जुनेजा, सौरभ रैना, सहित आमजन उपस्थित थे।



## दोस्त की मौत से दुखी होकर पीया जहर, मौत

**भोपाल।** छोला मंदिर थाना क्षेत्र स्थित शिव नगर में रहने वाले एक युवक ने जहर पदार्थ पी लिया। उसे अस्पताल ले जाया गया, वहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। पुलिस ने मर्ग कायम कर शव पीएम के बाद परिजन को सौंप दिया है। प्रारंभिक जांच में पता चला कि मृतक के दोस्त ने बीस दिन पहले आत्महत्या की थी। उसके बाद से ही तनाव में रहने लगा था।

पुलिस के मुताबिक, शिव नगर निवासी 21 वर्षीय चैन सिंह पिता अशोक सिंह हम्माली का काम करता था। गुरुवार रात उसने घर में जहरीला पदार्थ खा लिया। हालत बिगड़ने पर परिजन उसे अस्पताल ले गए, जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। मृतक के रिश्तेदार अनिल मालवीय ने बताया कि 20 दिन पहले उसके एक दोस्त ने भी सुसाइड किया था, जिसके बाद से चैन सिंह मानसिक रूप से परेशान था। वह डिप्रेशन में चला गया था। हालांकि, उसने कभी भी इस बारे में परिवार को नहीं बताया था। चैन सिंह ने चार साल पहले नंदनी रावत से प्रेम विवाह किया था।

## पांच नंबर स्टॉप पर विवाद में 11वीं के छात्र पर चाकू से जानलेवा हमला

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

हबीबगंज थाना क्षेत्र स्थित पांच नंबर में सरस्वती शिशु मंदिर के सामने तीन युवकों ने 11वीं के छात्र पर चाकू से हमला कर दिया। चाकू पेट में लगने से छात्र को गंभीर चोट आई है। उसका अस्पताल में इलाज चल रहा है। पुलिस ने छात्र के दोस्त की शिकायत पर तीनों आरोपियों के खिलाफ हत्या के प्रयास का मामला दर्ज कर उनकी तलाश शुरू कर दी है। हमले की वजह दो साल पूर्व हुआ विवाद बताया जा रहा है। पुलिस के अनुसार भीमनगर निवासी विनय चतुर्वेदी (18) पांच नंबर स्टाप स्थित सरस्वती शिशु मंदिर में ग्यारहवीं कक्षा में पढ़ता है। गुरुवार शाम करीब पांच बजे वह स्कूल से परीक्षा देकर बाहर निकला। इसी दौरान स्कूल के बाहर उसे भीम नगर निवासी छोटा, अन्ना और वरुण नामक तीन युवकों ने रोक लिया और दो साल पूर्व हुए विवाद में माफी मांगने की बात कहते हुए उससे मारपीट करने लगे। विनय का कहना था कि वह पहले ही माफी मांग चुका है और अब कोई विवाद नहीं चाहता। इस आरोपी भड़क गए और उस पर चाकू से हमला कर दिया।

### आग से झुलसी प्रधान आरक्षक की बेटी की मौत

हनुमानगंज थाना क्षेत्र स्थित इसरानी मार्केट में आग से झुलसी प्रधान आरक्षक की बेटी की इलाज के दौरान मौत हो गई। पुलिस ने मर्ग कायम कर शव पीएम के बाद परिजन को सौंप दिया है। पुलिस के मुताबिक 24 साल की पूनम सूर्यवंशी इसरानी मार्केट स्थित पुलिस लाइन में परिवार के साथ रहती थी। उसके पिता कुंजबिहारी सूर्यवंशी भोपाल पुलिस में प्रधान आरक्षक हैं। पूनम शहर के एक प्राइवेट बैंक में नौकरी करती है। 16 मार्च को सुबह उसके कमरे में जल रही मच्छर मारने वाली क्वाइल पास में बोतल में रखे तारपीन के संपर्क में आ गई थी, जिससे एकाएक आग भभक गई थी। पास में ही पूनम सो रही थी, जिसे पूनम आग की चपेट में आ गई। पूनम चीखी तो उसका भाई और मां कमरे में पहुंचे और पानी डालकर आग बुझाई। साथ ही उसे हमीदिया अस्पताल में भर्ती करवाया।

**निरोगी काया अभियान में हुई डेढ़ लाख युवाओं की स्क्रीनिंग**

**दवाइयों के साथ खानपान एवं व्यायाम की सलाह भी दी**

## 12 हजार 139 युवा हाई ब्लड प्रेशर तो 13 हजार 648 डायबिटीज से पीड़ित

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

निरोगी काया अभियान में 30 वर्ष के अधिक उम्र के एक लाख 55 हजार 373 युवाओं की हाई ब्लड प्रेशर और एक लाख 45 हजार 653 लोगों की डायबिटीज की जांच की गई है। अभियान में अब तक 12 हजार 139 युवाओं में हाई ब्लड प्रेशर और 13 हजार 648 में डायबिटीज पाई गई है। इन लोगों को अभियान के दौरान ही पहली बार हाइपरटेंशन और डायबिटीज का पता चला। चिन्हित मरीजों का उपचार नजदीकी स्वास्थ्य संस्थाओं से प्रारंभ किया गया है। दवाइयों के साथ-साथ जीवन शैली में परिवर्तन, खानपान एवं व्यायाम की सलाह भी दी गई है। अभियान में 46 हजार 226 लोगों में नॉन एल्कोहोलिक फैटी लीवर डिजीज की स्क्रीनिंग की गई है, इनमें से 11 हजार 261 लोगों में प्रारंभिक लक्षण मिले हैं।

**चिन्हित मरीजों का उपचार नजदीकी स्वास्थ्य संस्थाओं से प्रारंभ किया**



### 30 वर्ष से अधिक उम्र के लोगों की जांच

सीएमएचओ डॉ. प्रभाकर तिवारी ने बताया कि निरोगी काया अभियान के तहत 30 वर्ष से अधिक उम्र के लोगों की मधुमेह, उच्च रक्तचाप, नॉन अल्कोहलिक फैटी लीवर डिजीज, ओरल, ब्रेस्ट एवं सर्वाइकल स्क्रीनिंग की जा रही है। ये स्क्रीनिंग आयुष्मान आरोग्य मंदिरों, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों, मुख्यमंत्री संजीवनी क्लीनिक, सिविल डिस्पेंसरी, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों, सिविल अस्पतालों एवं जिला पर की जा रही है।

### एनसीडी पोर्टल में दर्ज की रिपोर्ट

*हितग्राहियों की जांच और उपचार की रिपोर्ट एनसीडी पोर्टल में दर्ज की जा रही है। डॉ. तिवारी ने बताया कि असंचारी रोग जीवन घातक हो सकते हैं, इसलिए इनकी नियमित जांच बेहद जरूरी है। इन बीमारियों का पारिवारिक इतिहास होने पर अपनी जांच अवश्य कराई जानी चाहिए।*

भोपाल
शनिवार, 22 मार्च 2025
चैत्र मास कृष्ण पक्ष-8
वर्ष : 11, अंक : 355
पृष्ठ : 14 मूल्य : 4.00 **

मौसम
अधि. 32
न्यून. 19

# हरिभूमि

मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com



विश्व जल दिवस

संबंधित खबर पेज 3 पर देखें

## मंत्री नरेंद्र शिवाजी पटेल बेटे के साथ पुलिस दुर्व्यवहार को यादकर हुए भावुक

# अभय मिश्रा और बेटे के मामले में रीवा के चोरहटा थाना प्रभारी को तत्काल किया निलंबित, जांच होगी

### स्पीकर नरेंद्र सिंह तोमर ने कहा कि आप भावुक नहीं हों, धैर्य से जवाब दीजिए

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

विधानसभा के बजट सत्र में शुक्रवार को सदन में एक प्रश्न का जवाब देते वक्त गृह विभाग के लिए अधिकृत राज्य मंत्री नरेंद्र शिवाजी पटेल भावुक होकर रूआंसे हो गए। दो बार तो उन्होंने सिसकियां ली। स्पीकर नरेंद्र सिंह तोमर ने कहा कि आप भावुक नहीं हों, धैर्य से जवाब दीजिए।

सदन में एक मंत्री के इस तरह से भावुक होने पर पूरा सदन हतप्रभ रह गया। हालांकि, बाद में अपने को संभालते हुए उन्होंने सदस्य को जवाब दिए। उन्होंने रीवा के चोरहटा में पदस्थ थाना प्रभारी को तत्काल निलंबित करने व उच्च स्तरीय जांच का आश्वासन दिया। सदन में प्रश्नकाल के दौरान सेमरिया से विधायक अभय मिश्रा ने खुद व बेटे के खिलाफ आपराधिक मामला दर्ज करने का मामला उठाया था। उन्होंने कहा कि मेरा बेटा लंदन में रहता है। कभी रीवा में रहा, पर दो वर्षों से इस डर से त्यौहार मनाने नहीं आया कि कहीं उसे फंसा न दिया जाए। उन्होंने मामले का सिलसिलेवार ब्यौरा भी सदन को दिया। उन्होंने कहा ▶▶ शेष पेज 4 पर





नरेंद्र शिवाजी पटेल

### स्पीकर बोले- कोई रास्ता निकाला जाए

स्पीकर तोमर ने कहा कि सामान्य तौर पर हम सभी को ध्यान रखना चाहिए कि जब इस तरह का प्रश्न हो तो कोई रास्ता निकाला जाए। अपने पुत्र के बारे में हम ही प्रश्न पूछें, यह स्थिति ठीक नहीं है। वरिष्ठ सदस्य अजय सिंह ने कहा कि इस मामले में वे स्वयं शामिल हैं। दोनों के खिलाफ आपराधिक प्रकरण दर्ज किया गया है। मंत्री पटेल ने जवाब में कहा कि आपकी भावनाओं से सहमत होते हुए उच्च स्तरीय जांच करा लेते हैं। हालांकि, वे इससे सहमत नहीं हुए। नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार ने कहा कि तत्काल उक्त अधिकारी का निलंबन होना चाहिए। ▶▶ पढ़ें पेज 02 भी

### इस वजह से भावुक हुए थे मंत्री पटेल

दरअसल, कुछ समय पहले मंत्री पटेल के बेटे का भोपाल के शाहपुरा थाने में किसी व्यक्ति से विवाद हुआ था। इसमें पुलिस ने कथित रूप से उनके बेटे के साथ काफी मारपीट की थी। उस वक्त पुलिस ने मंत्री की भी नहीं सुनी, मंत्री खुद थाने पहुंचे थे और पुलिस के दुर्व्यवहार से खासे क्षुब्ध हुए थे। संभवतः उसी बात को लेकर उनके मन में कसक रही होगी। सदन में जवाब देते समय पुरानी बातों को याद कर उनके सब्र का बांध टूट गया और वे फफक पड़े।

inh 24x7
छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें
TATA PLAY चैनल नं. 1155 | airtel चैनल नं. 366

## खबर संक्षेप

### शादी के बंधन में बंधे हॉकी खिलाड़ी मनदीप



**जालंधर।** पुरुष हॉकी टीम के स्टार खिलाड़ी मनदीप सिंह और भारतीय महिला हॉकी टीम की डिफेंडर उदिता दुहान शुक्रवार को शादी के बंधन में बंध गए। मंदीप ने अपने जीवन के नए अध्याय की शुरुआत होने पर खुशी जताते हुए कहा कि हम हमेशा भारत के लिए मैच जीतना चाहते थे और अब जब शादी कर ली है, तो अपना सर्वश्रेष्ठ देने का प्रयास जारी रखेंगे।

### पुलिस से विवाद करने वाले जिलाध्यक्ष पर केस



**डिंडौरी।** जिले के बालपुर में 20 मार्च को मुख्यमंत्री के काफिले में जबरन घुसने की कोशिश कर रहे भाजपा जिला अध्यक्ष चमरू सिंह नेताम को रोकने के दौरान आरक्षक हेमंत कुमार मरावी के साथ अभद्र व्यवहार और धक्का-मुक्की की गई। आरक्षक की शिकायत पर शाहपुर थाने में नेताम के खिलाफ कई धाराओं में केस दर्ज हुआ है।

### मप्र में 9 परिवहन अधिकारियों के तबादले



**भोपाल।** राज्य शासन ने 9 परिवहन अधिकारियों के तबादले किए हैं। इसमें क्षेत्रीय, अतिरिक्त क्षेत्रीय, जिला परिवहन अधिकारी शामिल हैं। जितेंद्र कुमार शर्मा को नरसिंहपुर से हटाकर भोपाल में प्रभारी क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी पदस्थ किया गया है। मनोज कुमार तेहनगुरिया को छिंदवाड़ा से सागर, सुनील शुक्ला को सागर से पन्ना भेजा है।

### रीवा से लॉ किया है जस्टिस यशवंत वर्मा ने

### जस्टिस वर्मा के घर लगी आग, बुझाने पहुंचे दमकल दस्ते ने नोटों से भरा देखा कमरा, यह रकम तकरीबन 15 करोड़ बताई जा रही है

# सुप्रीम कोर्ट ने फौरन तबादला किया, जांच बैठाई दिल्ली हाईकोर्ट के चीफ जस्टिस से मांगी रिपोर्ट

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

दिल्ली हाईकोर्ट के जस्टिस यशवंत वर्मा। पिछले हफ्ते वे होली की छुट्टियों के दौरान बाहर थे। सरकारी बंगले में आग लगी। दमकल दस्ते को बुलाया। वह आग बुझा रहा था कि एक कमरे को नोटों से ठसाठस देखा। उनके होश उड़ गए। दमकल दस्ते ने पुलिस कर्मियों को बुलाया। यह रकम तकरीबन 15 करोड़ बताई जा रही है।

तत्काल सूचना सुप्रीम कोर्ट को दी गई। सूचना मिलते ही सीजेआई संजीव खन्ना ने तुरंत सुप्रीम कोर्ट कॉलेजियम की बैठक बुलाई। कॉलेजियम ने सर्वसम्मति से जस्टिस वर्मा को दिल्ली हाईकोर्ट से उनके मूल हाईकोर्ट, इलाहाबाद स्थानांतरित करने का निर्णय लिया। जज वर्मा को अक्टूबर 2021 में इलाहाबाद से दिल्ली हाईकोर्ट में भेजा गया था। कॉलेजियम के कुछ सदस्यों ने इस घटनाक्रम पर चिंता जताते हुए कहा ▶▶ शेष पेज 4 पर



नकदी बरामद होने का मामला शुक्रवार को राज्यसभा में भी गूंजा। सभापति जगदीप धनखड़ ने कहा कि वह इस मुद्दे पर व्यवस्थित चर्चा के लिए कोई व्यवस्था ढूंढ़ेंगे।

### दिल्ली हाईकोर्ट से इलाहाबाद तबादला किया तो बार एसोसिएशन बोली-हम कूड़ा घर नहीं

- न्यायमूर्ति यशवंत वर्मा ने लोकपाल के निर्देशानुसार शिबू सोरेन के खिलाफ भ्रष्टाचार के आरोपों की सीबीआई जांच रोक दी थी
- भाजपा प्रवक्ता संबित पात्रा ने कहा कि अदालती मामलों पर टिप्पणी नहीं करनी चाहिए

### क्या होती है इन-हाउस जांच?



संविधान के अनुसार, किसी भी हाईकोर्ट या सुप्रीम कोर्ट के न्यायाधीश के खिलाफ भ्रष्टाचार, अनियमितता या कदाचार के आरोपों की जांच के लिए 1999 में सुप्रीम कोर्ट द्वारा इन-हाउस प्रक्रिया तैयार की गई थी। इस प्रक्रिया के तहत, सीजेआई पहले संबंधित न्यायाधीश से स्पष्टीकरण मांगते हैं। यदि जवाब संतोषजनक नहीं होता या मामले में गहन जांच की जरूरत महसूस होती है, तो सीजेआई सुप्रीम कोर्ट के एक न्यायाधीश और दो उच्च न्यायालयों के मुख्य न्यायाधीशों की एक इन-हाउस जांच समिति गठित कर सकते हैं।

उधर, देर रात दिल्ली फायर विभाग के प्रमुख का दावा

### जस्टिस वर्मा के घर नहीं मिला कोई कैश



जस्टिस वर्मा के घर आग लगने की घटना के दौरान कथित तौर पर बड़ी मात्रा में नकदी बरामद होने के मामले में शुक्रवार देर रात नया मोड़ आ गया। दिल्ली अग्निशमन सेवा प्रमुख अतुल गर्ग ने तमाम दावों को खारिज करते हुए कहा कि आग बुझाते वक्त अग्निशमन कर्मियों को कोई नकदी नहीं मिली थी। अतुल गर्ग ▶▶ शेष पेज 4 पर

दिल्ली हाईकोर्ट के चीफ जस्टिस उपाध्याय ने कहा

### हर कोई 'हिल गया' और 'हतोत्साहित' हो गया

*दिल्ली उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश डीके उपाध्याय ने वरिष्ठ वकील की भावनाओं को साझा करते हुए कहा कि इस घटना से हर कोई 'हिल गया' और 'हत्साहित' हो गया है। वरिष्ठ अधिवक्ता और राज्यसभा सांसद कपिल सिब्बल ने कहा कि न्यायपालिका के भीतर भ्रष्टाचार का मुद्दा बहुत गंभीर है। यह ऐसा कुछ नहीं है जिसे देश के वरिष्ठ परिषदों और वकीलों ने पहली बार व्यक्त किया है। यह वर्षों से चल रहा है। अब समय आ गया है कि सुप्रीम कोर्ट इस मुद्दे पर गौर करना शुरू करे कि नियुक्ति प्रक्रिया कैसे होती है। नियुक्ति प्रक्रिया अधिक पारदर्शी और सावधानीपूर्वक होनी चाहिए।*

### अंबाह में रेत माफिया का आतंक

## वन विभाग की टीम पर हमला, ट्रैक्टर छुड़ाया, जान से मारने की धमकी दी



हरिभूमि न्यूज ▶▶ मुरैना

जिले के अंबाह में रेत माफिया द्वारा वन विभाग की टीम पर हमला कर जब्त ट्रैक्टर छुड़ा ले जाने का वीडियो सामने आया है। रेत माफिया ने ट्रैक्टर के सामने अपनी बाइक गिराकर उसे रोका और फिर वनकर्मियों पर एक साथ हमला कर जब्त किया गया ट्रैक्टर को छुड़ाकर ले गए।

- इस मामले की शिकायत अंबाह थाने में दर्ज करा दी गई

अंबाह वन रेंज ऑफिसर वीर कुमार तिर्की एसएएफ के दो जवानों और अपने स्टाफ के साथ गश्ती पर मुरैना गए थे। अंबाह लौटते समय बरेह के पास एक ट्रैक्टर-ट्रॉली चंबल नदी की रेत से भरी हुई दिखी। वन टीम ने ट्रैक्टर-ट्रॉली का पीछा कर उसे रोकने की कोशिश की। लेकिन, ट्रैक्टर चाल ने ड्राइवर ने ट्रॉली को पलटा दिया। इससे ट्रैक्टर रुक गया और उसका चालक फरार ▶▶ शेष पेज 4 पर

### मंत्री एदल सिंह कंषाना के विवादित बोल

## रेत माफिया नहीं, वह पेट माफिया



हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

कृषि मंत्री एदल सिंह कंषाना ने रेत माफिया को लेकर एक अजीब बयान दिया है। उन्होंने रेत माफिया को पेट माफिया बताया है। उनका कहना है कि ये लोग पेट पालने के लिए काम कर रहे हैं। मुरैना के अंबाह में रेत माफिया द्वारा वन विभाग की टीम पर हमला होने के बाद उन्होंने यह बयान दिया। उनके इस बयान पर कांग्रेस विधायकों ने निशाना साधा है। मंत्री कंषाना मुरैना की सुमावली सीट से विधायक हैं। अंबाह भी इसी जिले का हिस्सा है। कांग्रेस नेता हेमंत कटारे ने कहा कि यह कोई नई बात नहीं है। पहले भी ऐसी घटनाएं हो चुकी हैं, जिनमें एक आईपीएस अधिकारी पर हमला तक हुआ था, जो राष्ट्रीय सुर्खियों में आया था।


### चार महीने पूर्व ही हुई थी शादी : दरवाजा अंदर से था बंद, मजदूरों की मदद से उसे खुलवाया, चाचा लेकर पहुंचे थे निजी अस्पताल

# लेडी डॉक्टर की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हाथ पर मिले इंजेक्शन लगाने के कई निशान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

शाहपुरा थाना क्षेत्र स्थित रोहित नगर की स्काई ग्रीन कॉलोनी में एक लेडी डॉक्टर की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। उनकी शादी चार महीने पहले ही हुई थी।

परिजन ने पति पर हत्या के आरोप लगाए हैं। रिचा के चाचा प्रकाश चंद्र पांडे बोले मामला संदिग्ध लग रहा है। हालांकि, जिस कमरे में लेडी डॉक्टर की लाश मिली है वह ▶▶ शेष पेज 4 पर



डॉ. रिचा पांडे

- कमरे से इंजेक्शन की खाली शीशी मिली
- प्रथम दृष्टया मामला आत्महत्या से जुड़ा
- परिजन ने पति पर हत्या के आरोप लगाए

### पति के साथ बुधवार रात किया था डिनर

डॉक्टर अभिजीत पांडे ने पुलिस को बताया कि बुधवार रात उन्होंने रिचा के साथ डिनर किया था। इसके बाद अपने कमरे में सो गए। दरअसल, उनकी कमर में दर्द था। सुबह नींद खुली और वे रिचा के कमरे के बाहर पहुंचे। उन्होंने रिचा को आवाज दी, लेकिन उसने दरवाजा नहीं खोला। काफी प्रयास करने के बाद भी दरवाजा नहीं खुला तो अभिजीत मजदूरों को लेकर घर पहुंचे थे। मजदूरों ने टूल्स से दरवाजा खोल लिया। ▶▶ शेष पेज 4 पर

### ऑनलाइन लेन-देन में धोखाधड़ी का शिकार

## जेपी यूनिवर्सिटी के छात्र ने हॉस्टल की चौथी मंजिल से कूदकर दी जान



वैभव वर्मा, मृतक

सुसाइड नोट में भी दोस्त से उधार लिए पैसे न लौटा पाने का जिक्र

गुना/ राघौगढ़ ▶▶ भोपाल

जिले के राघौगढ़ थानाक्षेत्र स्थित जेपी यूनिवर्सिटी के छात्र ने शुक्रवार तड़के हास्टल की चौथी मंजिल से कूदकर आत्महत्या कर ली। प्रारंभिक जांच में सामने आया कि छात्र ऑनलाइन लेन-देन में धोखाधड़ी का शिकार हुआ था, जिसके चलते कदम उठाया। छात्र के लैपटॉप से मिले सुसाइड नोट में भी दोस्त से उधार लिए ▶▶ शेष पेज 4 पर

### एक सप्ताह में इस तरह की दूसरी घटना

## एयर इंडिया की फ्लाइट में एक यात्री की मौत



यात्री की तबियत पहले से खराब थी या फिर विमान में बिगड़ी हालत जांच शुरू

एजेंसी ▶▶ लखनऊ

चौधरी चरण सिंह अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट पर शुक्रवार सुबह पहुंचे विमान में यात्री की मौत हो गई। विमान लैंडिंग के बाद यात्री उतर गए, जबकि अचेत यात्री ने सीट बेल्ट खोलने सहित अन्य निर्देशों का पालन नहीं किया। यात्री की तबीयत पहले से खराब थी या फिर विमान में हालत बिगड़ी, इसकी जांच शुरू हो गई है। एयर इंडिया की फ्लाइट संख्या एआई ▶▶ शेष पेज 4 पर


### आंधी, बारिश और ओले का अलर्ट

## मौसम में ठंडक, कल तक नए बने सिस्टम का रहेगा 'असर'

### भोपाल में हल्की बूंदाबांदी, बादल छाए रहे

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

प्रदेश में एक बार फिर मौसम ने करवट बदल ली है। गुरुवार से आसमान पर छाए बादलों के साथ शुक्रवार से मौसम में ठंडक आ गई है। जिससे देर रात से प्रदेश के डिंडौरी, मंडला, अनूपपुर के अमरकंटक, शहडोल, पन्ना और मैहर में बिजली गिरने और ओलावृष्टि होने और तेज आंधी चलने का संभावना है। शुक्रवार को भोपाल, सीहोर और सागर समेत कई जिलों में हल्की बारिश हुई। भोपाल ▶▶ शेष पेज 4 पर



बोट क्लब में पर्यटक मौसम का आनंद लेते हुए।

### सह सरकार्यवाह सीआर मुकुंद ने कहा

आरएसएस की 3 दिवसीय प्रतिनिधि सभा की बैठक शुरू

# मातृभाषा जरूरी है.. पर लोकल और बाजार स्तर की बोली जानना चाहिए

एजेंसी ▶▶ बेंगलुरु

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) की तीन दिवसीय प्रतिनिधि सभा की बैठक बेंगलुरु में शुक्रवार को प्रारंभ हो गई। बैठक का शुभारंभ सरसंचालक डॉ. मोहन भागवत और सरकार्यवाह दत्तात्रेय होसबाले ने किया। बैठक प्रारंभ होने के बाद पत्रकार वार्ता में भाषा से संबंधित सवाल पर आरएसएस के सह सरकार्यवाह सीआर मुकुंद ने कहा कि संघ हमेशा से अपना काम मातृभाषा में करने पर जोर देता आ रहा है। परंतु इसके साथ ही जहां आप रहते हैं, वहां के लोगों से बातचीत करने एवं बाजार में परेशानी से बचने के लिए स्थानीय भाषा और कार्य स्थल की भाषा जानना जरूरी है। पूर्वोत्तर के लोग दक्षिण में रहते हैं तो यहां की भाषा जानना होगा। तमिलनाडु के लोग दिल्ली में रहते हैं तो हिंदी सीखना होगा।

तमिलनाडु में रुपए के चिन्ह बदलने से संबंधित सवाल पर कहा कि स्थानीय नेताओं और सामाजिक लोगों को मिलकर बातचीत करना चाहिए। यह बदलाव देश हित में नहीं है। परिसीमन से संबंधित सवाल पर उन्होंने कहा कि सभी राज्यों की लोकसभा सीटों का ख्याल रखा जाना चाहिए। शाखाओं की संख्या पर उन्होंने बताया कि अभी ▶▶ शेष पेज 4 पर



सीआर मुकुंद




### विभेद पैदा करने का चल रहा है षड्यंत्र : होसबाले

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सरकार्यवाह दत्तात्रेय होसबाले ने कहा कि राष्ट्रीय एकता एकात्मता के सामने चुनौती बनी हुई कई शक्तियां समय-समय पर अपना सिर उठाकर विघटन कार्य को अंजाम देती रही है। देश में जाति, भाषा, प्रांत और पंथ के नाम पर विभेदक षड्यंत्र रखने का प्रयास किया जा रहा है। ऐसा पहले भी हुआ है। वर्तमान में भी ऐसी मानसिकता कुछ जनजाति क्षेत्र में या दक्षिण भारत की अलग पहचान जैसे विमर्श खड़ा करने में उभर रही है। इससे देश विशेष कर उन क्षेत्रों के लोग अधिक प्रभावित नहीं होंगे। तब भी इस साजिश के बारे में सावधान रहते हुए जनता को जागरूक करने की आवश्यकता है।

# विधानसभा में संविदा कर्मियों और आउटसोर्स कर्मियों का मुद्दा उठा, सरकार ने कहा-इस पर 3-4 महीने में बन जाएगी नीति

## मंत्री गौर ने कहा, राष्ट्रीय पेंशन योजना का लाभ प्रदान करने का प्रावधान किया जाएगा

पूर्व मंत्री व विधायक मलैया व विधायक राठौर ने उठाया मुद्दा

संविदा कर्मचारियों की सामाजिक सुरक्षा को लेकर किए सवाल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

विधानसभा में प्रश्नकाल के दौरान शुक्रवार को संविदा कर्मचारियों को सेवानिवृत्त उपरांत सामाजिक सुरक्षा देने तथा विभागों एवं शासकीय उपक्रमों में कार्यरत आउटसोर्स कर्मचारियों को वेतनवृद्धि आदि देने का मुद्दा उठा। संविदा कर्मियों के मामले में अधीकृत मंत्री कृष्णा गौर ने कहा कि वित्त विभाग की ओर तीन से चार महीने में नियम बन जाएंगे। उन्हें राष्ट्रीय पेंशन योजना का लाभ प्रदान करने का प्रावधान किया जाएगा।



सदन में संविदा कर्मचारियों को सामाजिक सुरक्षा देने का मुद्दा विधायक नितेंद्र राठौर ने उठाया। उन्होंने पूछा कि संविदा कर्मचारी के रिटारमेंट के बाद सामाजिक सुरक्षा के लिए सरकार के पास क्या प्लान है। उन्होंने कहा कि वर्षों तक यह कर्मचारी कार्य करते हैं, आधी-अधूरी तनख्वाह में काम करते हैं। बुढ़ापे में उनके पास सुरक्षा के लिए कुछ भी नहीं है। तो क्या नियमित कर्मचारियों की तरह उन्हें सुविधा नहीं मिलनी चाहिए? पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा था कि नियमित कर्मचारियो की तरह उन्हें लाभ मिलेगा। रिटायरेमेंट के बाद ग्रेच्युटी का लाभ भी मिलेगा। यदि संविदा कर्मियो से सरकार काम ले रही है तो उन्हें सरकारी कर्मचारियों की तरह ही लाभ मिलना चाहिए। मंत्री गौर ने कहा कि संविदा नीति के तहत रिटायरमेंट के बाद ऐसे कर्मियों को शासकीय सेवकों की तरह एनपीएस का लाभ प्रदान किया जाएगा। इस संबंध में अलग से आदेश जारी होंगे।




### आउटसोर्स कर्मचारियों की सेवा शर्तें नियमित कर्मचारियों के समतुल्य नहीं

पूर्व मंत्री व विधायक जयंत मलैया ने विभागों में कार्यरत आउटसोर्स कर्मचारियों का मामला भी उठाया। उन्होंने पूछा कि किन किन विभागों में किस किस पद पर आउटसोर्स कर्मचारी कार्य कर रहे हैं। इनकी सामाजिक सुरक्षा के लिए सरकार के पास क्या योजना है? कार्ययोजना कब तक लागू होगी। इस प्रश्न के जवा में मंत्री उदयप्रताप सिंह ने कहा कि विभिन्न विभागों में आउटसोर्स कर्मचारियों की सेवाएं ली जा रही है। आउटसोर्स कर्मचारियों की सेवा शर्तें नियमित कर्मचारियों के समतुल्य नहीं है। श्रम विभाग की ओर से न्यूनतम मूल वेतन एवं परिवर्तनशील मंहगाई भत्ते की मासिक एवं दैनिक वेतन की दरों के अनुसार भुगतान किया जा रहा है।

### परिवार को आयुष्मान योजना का लाभ दिया जाना चाहिए: मलैया

मलैया ने कहा कि आउटसोर्स कर्मचारियों को 15-15 वर्षो से काम करते हो गए, किंतु स्थाई कर्मियों समान कोई नीति नहीं है। क्या सरकार कोई नीति बनाएगी, ताकि वे सम्मानजनक ढंग से अपना जीवन यापन कर सके। मंत्री सिंह ने कहा कि आउटसोर्स कर्मचारी कुछ समय के लिए कभी तीन चार महीने, या कभी महीने भर के लिए जरूरत के अनुसार रखे जाते हैं। श्रम विभाग का इसके लिए अलग से नियम है। विधायक शैलेंद्र कुमार जैन ने कहा कि 15-17 साल से यह कर्मचारी कार्यरत हैं। ऐसी नीति बनाई जाए कि उनकी सामाजिक सुरक्षा हो सके। विधायक दिनेश जैन बोस ने कहा कि यह भी देखने को मिलता है कि सरकार से कंपनी 18 हजार ले रही है, पर उन्हें 10-12 हजार दे रही है। ऐसे में बड़ी राशि कंपनी काट लेती है। सरकार को तय करना होगा कि आउटसोर्स कर्मचारियों से तय राशि की कटौती हो। मंत्री ने कहा कि इस पर वे ध्यान देंगे।

## प्रत्येक विधानसभा स्तर पर खेल स्टेडियम बनाने वाला पहला राज्य बनेगा मध्य प्रदेश

# बीज का नया ब्रॉण्ड चीता जल्द होगा लांच सहकारिता में भर्ती के मामले में भी अव्वल

सहकारिता और खेल एवं युवा कल्याण मंत्री के जवाब के बाद उनके दोनों विभागों के लिए 2700 करोड़ 41 लाख 88 हजार की अनुदान मांगे सर्व-सहमति से पारित

विधानसभा में बजट सत्र में अनुदान मांगों के पर चर्चा के दौरान जवाब में सहकारिता और खेल एवं युवा कल्याण मंत्री विश्वास सारंग ने कहा कि अंतरराष्ट्रीय सहकारिता वर्ष के रूप में इस वर्ष को मनाया जा रहा है। मप्र सरकार बीज की दिशा में काम कर रही है। बीज संघ को उन्नत स्तर पर पहुंचाने का प्रयास है। बीज संघ के माध्यम से चीता बीज के नाम से नया ब्रॉण्ड लांच किया जा रहा है। पैक्स के माध्यम से चीता बीज का वितरण किया जाएगा।

इसमें भी मप्र लीड करेगा। उन्होंने कहा कि पैक्स को अग्रणी बनाने की दिशा में भी काम किया जा रहा है। एम-पैक्स की अवधारणा की गई है। प्राथमिक समिति केवल क्रेडिट का काम न कर बहुउद्देश्यीय बनाई जा रही है। दो पैक्स को पेट्रोल की डीलरशिप भी मिली है। मंत्री सारंग ने कहा कि पैक्स के कम्प्यूटराइजेशन में मप्र देश में नम्बर-1 पर है। सभी पैक्स संस्थाओं के कम्प्यूटराइजेशन का कार्य लगभग हो चुका है। सहकारिता विभाग में भर्ती के मामले में भी मप्र अव्वल है। आईबीपीएस के माध्यम से विभाग की ओर से भर्ती प्रक्रिया करवाई जा रही है। इसी संस्था के माध्यम से रिजर्व बैंक और नाबार्ड में भी भर्तियां होती हैं।

### पैक्स और अपेक्स दोनों के होंगे चुनाव, सहकार सभा भी होगी



मंत्री सारंग ने कहा कि पैक्स और अपैक्स दोनों के चुनाव भी होंगे। पंचायत स्तर तक जाकर खाद का वितरण करने की संभावनाओं को तलाशा जा रहा है। सहकारिता वर्ष में मप्र ने भी कैलेण्डर बनाकर सहकारी आंदोलन के माध्यम से लोगों को जोड़ने और पारदर्शिता लाने का काम किया है। जल्द ही सहकार सभा भी आयोजित की जाएगी, जिसमें सभी को जुड़ने का मौका मिलेगा। ईज ऑफ डूइंग बिजनेस के माध्यम से सेवाओं की पूर्ति हो सके, इस पर काम किया जा रहा है।

### *कृषि विकास दर में सहकारिता का बहुत बड़ा योगदान*

*मंत्री सारंग ने कहा कि हमने ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट में सीपीपीपी (को-ऑपरेटिव पब्लिक प्राइवेट पार्टनरशिप) मॉडल के माध्यम से लगभग 2300 करोड़ के 19 एमओयू किए। उन्होंने कहा कि मप्र की कृषि विकास दर में सहकारिता का बहुत बड़ा योगदान है। खाद-बीज, शार्टटर्म लोन और उपार्जन के माध्यम से सही दाम किसानों को मिल सके, यही सहकारिता की महत्वपूर्ण भूमिका है।*

### विधानसभा स्तर पर खेल स्टेडियमः मंत्री सारंग

मंत्री सारंग ने कहा कि मप्र सरकार खेल, खिलाड़ी और खेल मैदान के लिये काम कर रही है। विधानसभा स्तर पर खेल स्टेडियम बनाने वाला मप्र देश का पहला राज्य बनेगा। उन्होंने कहा कि मप्र में नई पार्थ (पीएआरटीएच) योजना और एमपीवायपी योजना के माध्यम से मप्र युवा पोर्टल की शुरूआत की है। मप्र सरकार ज्ञान (जीवायएएन) की अवधारणा पर काम कर रही है। उनके वक्तव्य के बाद विधानसभा में उनके दोनों विभाग सहकारिता और खेल एवं युवा कल्याण की 2700 करोड़ 41 लाख 88 हजार रुपए की अनुदान मांगों को सर्व-सम्मति से पारित किया गया।

## सूखाग्रस्त बुंदेलखंड के लिए दो बड़ी लिंक परियोजनाएं

# मंत्री सिलावट बोले- शिप्रा नदी को दूषित होने से बचाने कान्ह डायवर्सन क्लोज डक्ट परियोजना पर तेजी से हो रहा काम



हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

जल संसाधन मंत्री तुलसी सिलावट ने विभाग की अनुदान मांगों पर चर्चा के दौरान कहा कि शिप्रा नदी के जल को कान्ह नदी के दूषित जल से सुरक्षित रखने का काम किया जा रहा है। इसके लिए 900 करोड़ की लागत से कान्ह डायवर्सन क्लोज डक्ट परियोजना पर तेजी से काम हो रहा है। सिंहस्थ 2028 के पहले योजना को पूरा कर लिया जाएगा। शिप्रा के दोनों तटों पर 29 किमी घाट बनाए जाएंगे जिसके लिए 778 करोड़ की स्वीकृति दी जा चुकी है। साथ ही यह भी कहा कि मध्यप्रदेश में डैम सेफ्टी रिव्यू पेनल गठित है। सरकार बांधों की सुरक्षा को लेकर सजग है। बांधों के निरीक्षण के लिए बनाई गई कमेटी हर साल रिपोर्ट देती है। अब तक 44 लाख हेक्टेयर की सिंचाई क्षमता विकसित की जा चुकी है। अगले पांच साल में 100 लाख हेक्टेयर तक सिंचाई क्षमता बढ़ाने का काम किया। सिलावट ने जानकारी देते हुए बताया कि वर्तमान में जल संसाधन एवं नर्मदा घाटी विकास की विभिन्न परियोजनाओं के माध्यम से 50 लाख हेक्टेयर में सिंचााई की क्षमता विकसित की जा चुकी है। वहीं आगामी 2 वर्षो में इसे 65 हेक्टयर और 5 वर्षो में 100 हेक्टयर कर लिया जाएगा। उन्होंने कहा कि आगामी वर्ष 2025-26 में विभाग ने मूल बजट प्रावधान कुल 9196.22 करोड़ रुपए रखा है, जो विगत वर्ष से 22 प्रतिशत अधिक है।


### सवा 7 लाख 25 हजार परिवार लाभान्वित होंगे

सिलावट ने सदन में चर्चा के दौरान कहा कि प्रदेश में देश की दो बड़ी नदी लिंक परियोजनाओं पर तेजी से काम चल रहा है। केन-बेतवा लिंक परियोजना 44 हजार 605 करोड़ रुपए की लागत है। इस परियोजना के माध्यम से सूखाग्रस्त बुंदेलखंड क्षेत्र के 8 लाख 11 हजार हेक्टेयर क्षेत्र में सिंचााई की सुविधा प्राप्त होगी। इस परिजनों में 10 जिले छतरपुर, पन्ना, दमोह, टीकमगढ़, निवाड़ी, शिवपुरी, दतिया, रायसेन, विदिशा एवं सागर के लगभग 2 हजार ग्रामों के सवा 7 लाख 25 हजार परिवार लाभान्वित होंगे। एमपी को एक अन्य सिंचाई परियोजना संशोधित पार्वती-कालीसिंध चंबल नदी परियोजना के रूप में मिली है। परियोजना की अनुमानित लागत 72 हजार करोड़ रुपए की है, जिसमें मध्यप्रदेश की 35 हजार करोड़ और राजस्थान की 37 हजार करोड़ की हिस्सेदारी होगी। इस परियोजना में मालवा एवं चंबल के उज्जैन, शिवपुरी, मुरैना, सीहोर, मंदसौर, आगर मालवा, शाजापुर सहित 11 जिले लाभान्वित होंगे। मंत्री के जवाब के बाद विभाग की 9 हजार 183 करोड़ 21 लाख 58 हजार की अनुदान मांगे सदन में ध्वनिमत से पारित हुई।

# राजस्व न्यायालय में 4383 नामांतरण प्रकरण लंबित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

विधानसभा में शुक्रवार को ध्यानाकर्षण में राजस्व मंत्री करन सिंह वर्मा ने कहा कि प्रदेश के 55 जिलों के 319 तहसीलों के अभिलेखागार को डीआईएलआरएमपी योजना के तहत मोडेन रिकार्ड रूम के रूप में विकसित कर पूराना रिकार्ड जैसे खसरा, नामांतरण पंजी, किस्त बन्दी आदि के रिकार्ड डिजिटाइज कराए गए हैं। उपरोक्त रिकॉर्ड भू-अभिलेख पोर्टल पर ऑनलाइन उपलब्ध है, जिसे कोई भी व्यक्ति कभी भी देख सकता है और आवश्यकतानुसार फीस जमाकर सत्यापित नकल प्राप्त कर सकता है।



मंत्री वर्मा ने कहा कि शेष नवीन तहसीलों का रिकॉर्ड डिजिटाइज कराने की प्रक्रिया प्रचलित है। कहीं भी किसी प्रकार की कांट-छांट जैसी अव्यवस्थायें परिलक्षित नहीं होती। जहां रिकॉर्ड डिजिटाइज नहीं है, वहां ऑफलाइन सत्यापित कॉपी उपलब्ध कराई जाती है। इस प्रकार यह कहना सही नहीं है कि मप्र के भू-अभिलेख कार्यालयों के रिकार्ड रूम में कोई अव्यवस्था परिलक्षित हो रही है।

### *संवत 2015 का रिकॉर्ड उपलब्ध*

*सिंह ने कहा कि टीकमगढ़ जिला के तहत राजस्व न्यायालयों में मात्र 4383 नामांतरण प्रकरण लंबित है तथा इनमें से 3993 तीन माह अंतर्गत के तथा शेष 389 छह माह अंतर्गत के हैं। यह कहना सही नहीं है कि संवत 2015 का रिकॉर्ड न होने की टिप्पणी लेख कर नामांतरण प्रकरण निरस्त किए जाते है। राजस्व अभिलेखागार (रिकॉर्ड रूम) में संवत 2015 का रिकॉर्ड उपलब्ध है तथा चाहे जाने पर रिकॉर्ड की प्रतियां आवेदक उपलब्ध कराई जाती है। टीकमगढ़ जिले में इस वर्ष पंजीकृत में से 24555 नामांतरण प्रकरणों का निराकरण किया जा चुका है। जनमानस में किसी प्रकार का रोष व्याप्त होने की जानकारी नहीं है।*

## मंत्री के बयान से सवालों में घिरी सरकार

कांग्रेस विधायकों ने कहा: सरकार दे रही माफिया को संरक्षण

# कृषि मंत्री कंसाना बोलेः 'मुरैना में रेत नहीं, पेट माफिया'

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

प्रदेश सरकार के कृषि मंत्री एदल सिंह कंसाना का एक बयान सरकार के लिए मुसीबत बन गया है। दअरसल मुरैना जिले में रेत माफिया द्वारा वन विभाग की टीम पर हमला करने के मामले में विधानसभा में पत्रकारों से बात करते हुए उन्होंने कहा कि वहां रेत माफिया नहीं, पेट माफिया है।



पेट भरने के लिए लोग अपना काम कर रहे हैं। वहां कोई रेत माफिया नहीं है। मंत्री के इस बयान के बाद कांग्रेस विधायकों ने सरकार को जमकर घेरा और कहा कि यह तो एक मंत्री की बात है। पूरी सरकार माफिया को संरक्षण दे रही है।

### क्या वह उनको संरक्षण दे रहे हैं?: जयवर्धन



पूर्व मंत्री जयवर्धन सिंह ने मीडिया से चर्चा करते हुए कहा कि मोहन सरकार के मंत्री किस तरह की बात कर रहे हैं। केवल मुरैना की घटना नहीं, बल्कि मऊगंज, दमोह और इंदौर के महू में जो हुआ, वह सबके सामने है। प्रदेश में कानून व्यवस्था ध्वस्त हो गई है, जो वन कर्मी भी अवैध रेत उत्खनन रोकने जा रहे हैं, उन पर हमला हो रहा है और मंत्री कह रहे हैं कि माफिया नहीं, पेट माफिया है, तो मंत्री बताएं कि क्या वह उनको संरक्षण दे रहे हैं?

# कांग्रेस विधायकों ने विधानसभा अध्यक्ष तोमर को सौंपा ज्ञापन



हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मध्यप्रदेश विधानसभा के नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार के नेतृत्व में कांग्रेस विधायकों ने विधानसभा अध्यक्ष नरेंद्र सिंह तोमर को ज्ञापन सौंपकर भाजपा विधायकों की तरह उन्हें भी क्षेत्र के विकास के लिए 15-15 करोड़ रुपए दिलाने की मांग की। कांग्रेस विधायक दल ने उनके साथ सरकार द्वारा भेदभाव का आरोप लगाते हुए कहा कि मध्यप्रदेश में भाजपा के विधायक को अपने क्षेत्रों के विकास के लिए प्रतिवर्ष मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव द्वारा 15-15 करोड़ रुपए दिए गए हैं। ज्ञापन में कांग्रेस विधायकों ने कहा कि हमारे क्षेत्र की जनता में आक्रोश है। वो कांग्रेस विधायक हैं पर जन ससमयाओं का हल करना चाहते हैं।

## विधायक सबनानी ने आवास पूर्ण होने तथा हितग्राहियों को स्वामित्व देने का सवाल पूछा

# ध्यानाकर्षण में कोटरा में बने गंगानगर पीएम आवास योजना का मुद्दा उठा, मंत्री विजयवर्गीय ने दिया जवाब

नगरीय प्रशासन मंत्री कैलाश विजयवर्गीय ने ध्यनाकर्षण में भोपाल के कोटरा में बने आवास योजना के मुद्दे पर अपने जवाब में कहा कि प्रधानमंत्री आवास योजना-शहरी के एएचपी घटक के तहत गंगा नगर आवासीय परियोजना में कुल 600 आवास प्रस्तावित हैं, जिसमें 240 ईडब्लूएस आवास, 144 एलआईजी आवास एवं 216 एमआईजी आवास सम्मिलित हैं।

उक्त कार्य के लिये मेसर्स एमवी ओमनी प्रोजेक्ट इंडिया लि. अहमदाबाद, गुजरात को कार्य दिया गया था। कार्य पूर्ण करने की अवधि दिनांक 2018 तक थी। सदन में ध्यानाकर्षण में विधायक भगवानदास सबनानी ने कोटरा स्थित गंगानगर में आवास पूर्ण होने तथा बाकी आवास में उसका स्वामित्व देने का मुद्दा उठाया था। इस पर मंत्री विजयवर्गीय ने अपना जवाब प्रस्तुत किया।





उन्होंने कहा कि कार्य पूर्ण करने के लिए ठेकदार को 6 बार समयावृद्धि प्रदान की गई, परन्तु उक्त समयवृद्धि के उपरांत भी ठेकेदार ने निर्माण कार्य गति से नहीं किया गया। परियोजना के निर्माण कार्य की गति लक्ष्यानुरूप न होने के परिणामस्वरूप अनुबंध की शर्त के तहत 2023 को टर्मिनेट कर दिया गया है। शेष कार्य के लिए नवीन निविदा आमंत्रित की गई एवं सफल निविदाकार मे. एसआरएस इन्फ्रा. प्रोजेक्ट प्रालि को कार्यादेश 2023 को दिया गया है। अनुबंध के अनुसार निर्माण कार्य पूर्ण करने के लिए 18 माह की समयावधि निर्धारित की गई हैं। परियोजना के तहत स्वीकृत कुल 600 आवासों में से 342 हितग्राहियों की ही पूर्ण राशि जमा की गई है। विधायक ने पूर्व में 2024 के तारांकित प्रश्न के उत्तर में कार्य पूर्ण करने की समयावधि अप्रैल 2025 का उल्लेख किया गया था, परंतु वर्तमान में अनुबंधित ठेकेदार ने एमआईजी श्रेणी के कुल 72 आवासों का निर्माण कार्य पूर्ण कर दिया गया है, जिसका आधिपत्य दिए जाने की कार्रवाई प्रचलित है। परियोजना के शेष ब्लाकों का निर्माण कार्य प्रगतिरत है। निर्माण कार्य माह दिसंबर 2025 तक पूर्ण किया जाकर आवंटियों को आधिपत्य सौंपा जा सकेगा। यह कहना सही नहीं है कि योजना के पंजीकृत हितग्राहियों में रोष व्याप्त है।

## ग्वालियर रेडीमेड गारमेंट पार्क की 7 एवं मुरैना पिपरसेवा की 11 इकाईयों का भी हुआ भूमिपूजन

ग्वालियर-चंबल संभाग में स्थापित हो रही अनेक औद्योगिक इकाइयां

# मुख्यमंत्री ने मालनपुर में एक हजार करोड़ लागत की एलिक्सर इंडस्ट्रीज की आधुनिक मेगा इकाई का किया भूमिपूजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि प्रदेश के औद्योगिक विकास का जो सपना देखा है, चंबल क्षेत्र उसमें सुनहरा अध्याय लिख रहा है। चंबल की भूमि उपजाऊ है, कमाऊ है, साथ ही टिकाऊ भी है। चंबल जैसा टिकाऊ जज्बा और कहीं देखने को नहीं मिलता है। ग्वालियर-चंबल संभाग में भी अनेक औद्योगिक इकाइयां स्थापित हो रही हैं, जिनके माध्यम से ग्वालियर-चंबल संभाग के युवाओं को बेहतर रोजगार उपलब्ध होगा। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने शुक्रवार को भिण्ड जिले के मालनपुर में एक हजार करोड़ रुपए की लागत से एलिक्सर इण्डस्ट्रीज प्राइवेट लिमिटेड की आधुनिक मेगा इकाई का भूमिपूजन करते हुए यह बात कही।

उन्होंने रेडीमेड गारमेंट ग्वालियर की 7 इकाईयों और मुरैना जिले के औद्योगिक क्षेत्र पिपरसेवा की 11 इकाईयों का भी भूमिपूजन किया है। कार्यक्रम में जिले के प्रभारी मंत्री प्रहलाद पटेल, मंत्री राकेश शुक्ला, राष्ट्रीय अनुसूचित जाति आयोग के अध्यक्ष लाल सिंह आर्य, एलिक्सर इंडस्ट्रीज प्राइवेट लिमिटेड के चेयरमैन अरुण गोयल सहित क्षेत्रीय जन-प्रतिनिधिगण एवं बड़ी संख्या में गणमान्य नागरिक उपस्थित थे। ऊर्जा मंत्री प्रद्युम्न सिंह तोमर कार्यक्रम में वर्चुअल शामिल हुए।




### मप्र में औद्योगिक विकास का बेहतर माहौल बना: मंत्री पटेल

पंचायत एवं ग्रामीण विकास मंत्री एवं भिण्ड जिले के प्रभारी मंत्री पटेल ने कहा कि चंबल क्षेत्र औद्योगिक रूप से विकसित हो रहा है। यह हम सबके लिए प्रसन्नता की बात है। औद्योगिक विकास से न केवल क्षेत्र का आर्थिक विकास होगा, बल्कि यहां के युवाओं को बेहतर रोजगार भी उपलब्ध होंगे। ऊर्जा मंत्री तोमर ने कहा कि ग्वालियर के रेडीमेड गारमेंट पार्क में भी नई औद्योगिक इकाईयां शुरू हुई हैं, इससे ग्वालियर के युवाओं को बेहतर रोजगार मिल सकेगा। मंत्री शुक्ला ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी की सोच एवं मुख्यमंत्री डॉ. यादव के संकल्प के कारण मप्र में औद्योगिक विकास को नई गति मिली है।

## स्व. डॉ. देवेंद्र प्रधान को श्रद्धांजलि अर्पित...



**भोपाल।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव और पंचायत एवं ग्रामीण विकास मंत्री प्रह्लाद पटेल ने केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान के भुवनेश्वर स्थित निवास पहुंचकर उनके पिताजी स्वर्गीय डॉ. देवेंद्र प्रधान के निधन पर विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित की एवं शोकाकुल परिजनों को ढांढस बंधाया।

## कलेक्टर ने गेहूं खरीदी केंद्रों का लिया जायजा

# गेहूं खरीदी केंद्रों पर किसानों को मिलेगा नाश्ता में चना, मूंगफली और गुड़

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

कलेक्टर कौशलेन्द्र विक्रम सिंह ने शुक्रवार को तहसील बैरसिया और हुजूर के तहत आने वाले गेहूं खरीदी केंद्रों का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने बैरसिया स्थित भगवती वेयरहाउस तरावली एवं श्रीराम वेयरहाउस भैंसोंदा का दौरा किया।

श्रीराम वेयरहाउस में कलेक्टर ने स्वयं मॉइश्चर मशीन पर गेहूं के नमी स्तर का परीक्षण किया। पहले सूखे गेहूं की जांच की गई, फिर हल्का पानी छिड़ककर गीले गेहूं का परीक्षण किया गया, जिससे मॉइश्चर मीटर की कार्यक्षमता सुनिश्चित की जा सके। भगवती वेयरहाउस तरावली में उन्होंने गेहूं के बोरों पर किसान पंजीयन कोड की पर्चियों की स्थिति का निरीक्षण किया। मौके पर उपस्थित एसडीएम बैरसिया आशुतोष शर्मा एवं एसडीएम हुजूर



विनोद सोनकिया को निर्देश दिए गए कि सभी उपार्जन केंद्रों का राजस्व अधिकारी नियमित भ्रमण करें। साथ ही किसानों की सुविधा के लिए स्वच्छ और ठंडे पेयजल, छाया, पंडाल, कुर्सियों और अल्पाहार में चना, मूंगफली के दाने तथा गुड़ की व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। उपार्जन प्रक्रिया को सुचारू रूप से संचालित करने के लिए पर्याप्त संख्या में तौल कांटे, हम्माल एवं तुलावटी की उपलब्धता भी सुनिश्चित करने को कहा गया।

हरिभूमि

# भोपाल भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, शनिवार 22 मार्च 2025

रमज़ान मुबारक
इफ्तार 06.37 शाम (शनि)
सहरी 04.58 सुबह (रवि)




## रेलवे अधिकारियों की इस कार्यप्रणाली से सदस्य हुए नाराज, सदस्यों ने भोपाल-रीवा एक्सप्रेस को एलएचबी कोचों से संचालित करने व राज्य रानी एक्सप्रेस में कोचों की संख्या बढ़ाने के दिए सुझाव

# छह महीने पहले रेलवे अधिकारियों ने जो प्रेजेंटेशन सांसदों को दिखाया, वही उन्होंने डीआरयूसीसी को भी दिखा दिया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

भोपाल रेल मंडल के डीआरएम कार्यालय में मंडल रेल उपयोगकर्ता सलाहकार समिति (डीआरयूसीसी) की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में रेलवे अधिकारियों ने सदस्यों को रेलवे पावर पॉइंट प्रेजेंटेशन के माध्यम से भोपाल मंडल की उपलब्धियों एवं वर्तमान में प्रदान की जा रही यात्री सुविधाओं के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी दी। जैसे ही सदस्यों ने प्रेजेंटेशन देखा तो वह अधिकारियों पर भड़क गए। क्योंकि प्रेजेंटेंशन छः महीने पहले का था जो प्रेजेंटेंशन अक्टूबर में जीएम और क्षेत्रीय सांसदों की बैठक में दिखाया गया था, वही सदस्यों को भी दिखा दिया। यानी रेलवे ने इस बैठक के लिए कोई भी तैयारी नहीं की । इसलिए यह बैठक महज औपचारिकता की बैठक बन कर रह गई।

### दो सवाल और पत्राचार की शर्त

मंडल रेल उपयोगकर्ता सलाहकार समिति के सदस्यों ने बताया कि बैठक में रेलवे अधिकारियों से दो से ज्यादा सवाल पूछने पर मनाही थी। दो सवाल के बाद सदस्य पत्राचार के माध्यम से अपनी समस्या या सवाल रख सकते थे। जिस पर सदस्यों ने आपत्ति जाहिर की और बैठक को अगली बार से सुबह 11 बजे से करने की मांग की।

**भोपाल-रीवा एक्सप्रेस को प्रतिदिन नए एलएचबी कोच के साथ संचालित करने की मांग:** दक्षिण पश्चिम विधायक भगवानदास सबनानी ने बैठक में भोपाल रीवा एक्सप्रेस को प्रतिदिन चलाने की मांग रखी। अभी यह ट्रेन सप्ताह में दो दिन चलती है।



भोपाल रेल मंडल के डीआरएम कार्यालय में डीआरयूसीसी की बैठक करते अधिकारी।

### सुरक्षा और यात्री सुविधाओं की मांग

सांसद प्रतिनिधि अंशुल तिवारी ने भोपाल, रानी कमलापति स्टेशनों में सुरक्षा की मांग रखी। वहीं पोर्टल में लगातार आ रही शिकायतों को जल्द से जल्द समाधान किया जाए। अंशुल तिवारी ने बैठक को हर 4 महीने में कराने की बात रेलवे अधिकारियों से रखी और पत्राचार का जबाव तर्कसंगत दिए जाने को कहा। वहीं अन्य सदस्यों ने गुना गुड्स शेड को स्टेशन से दूर अन्यत्र स्थानांतरित करने तथा राज्य रानी एक्सप्रेस में कोचों की संख्या बढ़ाने जैसे सुझाव शामिल थे।

### सदस्य के रूप में ठाकुर का चयन

बैठक की अध्यक्षता मंडल रेल प्रबंधक देवाशीष त्रिपाठी ने की। बैठक में डीआरयूसीसी के 11 सदस्यों में से कुल 10 सदस्य उपस्थित रहे। इस अवसर पर वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक सौरभ कटारिया ,अपर मंडल रेल प्रबंधक द्वय श्रीमती रश्मि दिवाकर एवं योगेंद्र बघेल, सहित सभी वरिष्ठ शाखा अधिकारी एवं अन्य अधिकारीगण भी उपस्थित रहे। बैठक में उपस्थित सदस्यों ने सर्वसम्मति से बहुमत के आधार पर जोनल रेलवे उपयोगकर्ता सलाहकार समिति के सदस्य के रूप में संतोष सिंह ठाकुर का चयन किया।

## खबर संक्षेप

### गर्मी: हमीदिया अस्पताल में 10 नई पानी टंकियां और कूलर लगेंगे

**भोपाल।** गांधी मेडिकल कॉलेज (जीएमसी) में आयोजित कार्यकारी परिषद (ईसी) की बैठक में गर्मी को ध्यान में रखते हुए हमीदिया अस्पताल में ठंडे पानी और कूलर की उचित व्यवस्था करने का निर्णय लिया गया। बैठक की अध्यक्षता जीएमसी की डीन डॉ. कविता एन. सिंह ने की। डॉ. सिंह ने बताया कि अस्पताल के ऊपरी मंजिलों पर पानी और कूलर की कमी को दूर करने के लिए सीएसआर (कापोरेट सोशल रिस्पन्सिबिलिटी) की मदद से दस नई पानी की टंकियां और कूलर लगाए जाएंगे। यह कदम मरीजों और उनके परिजनों को भीषण गर्मी से राहत देने के लिए उठाया जा रहा है। बैठक में अस्पताल के गेट निर्माण कार्य पर भी चर्चा हुई। फिलहाल वर्कर्स की कमी के कारण गेट का काम रुका हुआ है, जिसे जल्द पूरा करने के निर्देश दिए गए हैं। प्रशासन ने आश्वासन दिया कि अस्पताल परिसर में पेयजल संकट न हो, इसके लिए नियमित मानिटरिंग की जाएगी। बैठक में अधिकारियों और चिकित्सकों ने अस्पताल की व्यवस्थाओं को सुचारू रूप से संचालित करने के लिए अपने सुझाव भी दिए।

### महंगा पड़ा बिना टिकट यात्रा करना, स्टॉल संचालकों पर भी जुर्माना

**भोपाल।** भोपाल मंडल की ओर से इन दिनों नियमित टिकट चेकिंग की जा रही है। टिकट जांच के दौरान टिकट चेकिंग स्टाफ द्वारा बिना टिकट, अनुचित टिकट एवं बिना बुक कराए सामान लेकर यात्रा करने वाले यात्रियों की सघन जांच की गई। भोपाल रेल मंडल के प्रवक्ता एवं एसीएम नवल अग्रवाल ने बताया कि रेलवे मजिस्ट्रेट द्वारा विशेष जांच अभियान चलाया गया। इस विशेष अभियान का नेतृत्व रेलवे मजिस्ट्रेट अनुराग खरे द्वारा किया गया, जिसमें उनके साथ डीसीटीआई सुनील वर्गीस, 13 टिकट चेकिंग स्टाफ, 6 आरपीएफ स्टाफ और 4 जीआरपी स्टाफ मौजूद थे।

**विभिन्न धाराओं में 89 मामलों में हुई कार्रवाई :** इस दौरान रेलवे स्टेशन परिसर एवं वहां स्थित स्टॉल्स का गहन निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान टिकट चेकिंग स्टाफ द्वारा यात्रियों के टिकटों की जांच की गई, जिसमें कुल 80935 का जुर्माना वसूला गया। इसके अलावा रेलवे मजिस्ट्रेट द्वारा स्टॉल्स एवं स्टेशन परिसर में की गई अनियमितताओं के तहत विभिन्न धाराओं में 89 मामलों में कार्रवाई कर कुल 1,72,810 का जुर्माना लगाया गया। इस प्रकार इस विशेष अभियान के दौरान कुल 2,53,745/- का जुर्माना वसूला गया। रेलवे मजिस्ट्रेट द्वारा की गई कार्रवाई के तहत प्रमुख रूप से धारा 144 (अवैध रूप से खाद्य सामग्री बेचने पर), धारा 141 (अवैध रूप से चेन पुलिंग करने पर), धारा 145 (गंदगी फैलाने पर), धारा 137 (बिना टिकट यात्रा करने पर), धारा 147 (बिना प्लेटफार्म टिकट के स्टेशन परिसर में पाए जाने पर), धारा 155 (विकलांग कोच में अवैध रूप से यात्रा करने पर) एवं धारा 159 (नो पार्किंग क्षेत्र में वाहन खड़ा करने पर) के अंतर्गत कुल 66 मामलों में कार्रवाई की गई।

## दिल्ली की टीम ने शहर के 24 सिटी प्रोफाइल के वार्डों का लिया जायजा

# शहर में घूमी स्वच्छता सर्वे टीम, देखे नाले सुलभ शौचालय, बाजारों में भी देखी सफाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

### नगर निगम के अन्य जोनों में भी सफाई का बेहतर रहा स्तर

देश में स्वच्छता को लेकर सर्वेक्षण का काम शुरू हो गया है, जिसके तहत शुक्रवार को दिल्ली से आई स्वच्छता टीम ने शुक्रवार को सिटी प्रोफाइल के तहत शामिल वार्डों में पहुंची टीम ने स्वच्छता के हाल जाने। टीम ने जोन तीन, छह, 18 और 19 का दौरा किया। जहां टीम ने साफ-सफाई की स्थिति का जायजा लिया। इस मौके पर टीम ने नाले-नालियों, सुलभ शौचालयों और प्रमुख बाजार क्षेत्रों की सफाई व्यवस्था को बारीकी से देखा। चार सदस्यीय टीम ने खास तौर पर तीन स्लम क्षेत्रों में स्वच्छता के हालात देखे और वहां रह रहे आम लोगों से फीडबैक भी लिया।

लोगों से पूछा कि क्या उनके क्षेत्र में नियमित रूप से सफाई होती है और क्या वे सफाई व्यवस्था से संतुष्ट हैं। लोगों ने साफ-सफाई को लेकर अपनी राय दी, जिसे टीम ने सर्वेक्षण के रिकार्ड में दर्ज किया। वहीं दूसरी और शहर के अन्य जोनों में सफाई व्यवस्था बेहतर नजर आई। लिंक रोड जैसे प्रमुख मार्गों पर कहीं भी कचरा या प्लास्टिक पन्नी तक नहीं दिखाई दी, जिससे साफ-सफाई को लेकर नगर निगम की तैयारियों का अंदाजा लगाया जा सकता है।

स्वच्छता को लेकर लोगों से लिया फीडबैक पूछे कई सवाल




### आज भेल जाएगी टीम

शनिवार को स्वच्छता सर्वेक्षण टीम भेल क्षेत्र का दौरा करेगी और वहां की स्वच्छता व्यवस्था का मूल्यांकन करेगी। नगर निगम के अफसरों का कहना है कि सभी क्षेत्रों में सफाई व्यवस्था को चाक-चौबंद रखने के लिए विशेष अभियान चलाया जा रहा है, जिससे शहर को सर्वेक्षण में बेहतर रैंकिंग मिल सके।

### अंधेरा होने से टीम नहीं देख पाई शाहपुरा का नाला, वापस लौटी

देर शाम टीम शाहपुरा का नाला देखने पहुंची, लेकिन अंधेरा होने की वजह से टीम नालों की हकीकत नहीं देख सकी। अब शनिवार की सुबह दोबारा सर्वे शुरू होगा। यह टीम सिर्फ स्वच्छता सर्वेक्षण की है और अभी दो टीमों को आना बाकी है। वहीं पूरा सर्वे 31 मार्च से पहले पूरा करना है। यह सर्वेक्षण तीन चरणों में होना है।

### दो टीमें करेंगे गार्बेज फ्री, वाटर प्लस का सर्वे

अगली टीम गार्बेज फ्री सिटी और वाटर प्लस की आना बाकी है। सर्वे 31 मार्च तक होना है, लेकिन इसकी तारीख आगे भी बढ़ सकती है। नगर निगम कमिश्नर हरेंद्र नारायण ने स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों को फील्ड में रहने को कहा है। जिसके लिए निगम कमिश्नर खुद पूरे शहर की सफाई व्यवस्था की मानीटरिंग कर रहे हैं।

### कर्मियों की लगाई ड्यूटी

देर शाम टीम जोन 6 के तहत शाहपुरा के दो नाले देखने पहुंची। लेकिन अंधेरा होने से सर्वे नहीं हो सका। अब टीम शनिवार सुबह पहुंचेगी। निगम ने नाले के आसपास कर्मी तैनात कर दिए हैं, जिससे कोई कचरा न फैंके।

## 1283 जगहों पर बढ़ाए जा रहे जमीनों के दाम

# प्रॉपर्टी के दाम बढ़ने का डर, बीस दिन में हो गईं पांच हजार रजिस्ट्री

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

जिले में प्राप्टी के खरीदार मार्च महीने में जमकर रजिस्ट्री करवा रहे हैं। वित्तीय वर्ष 2024-25 के आखिरी महीने के 20 दिनों में लगभग पांच हजार रजिस्ट्रियां की गई हैं। जिससे करीब 100 करोड़ रुपए का राजस्व पंजीयन विभाग को मिला है। वहीं शुक्रवार को भी पंजीयन कार्यालयों में खासी भीड़ रही और देर शाम सात बजे तक रजिस्ट्रियां करने का सिलसिला चलता रहा। शुक्रवार को भी देर शाम तक पंजीयन दफ्तरों में तीन सौ से अधिक रजिस्ट्रियां दर्ज की गईं।

वित्तीय वर्ष 2025-26 की गाइडलाइन का प्रस्ताव जारी कर दिया गया है। जिसमें जिले के 1283 स्थानों पर औसत 18% वृद्धि प्रस्तावित की गई है। यही कारण है कि लोग मौजूदा दरों पर रजिस्ट्री कराने पहुंच रहे हैं। शुक्रवार को आइएसबीटी, परी बाजार और बैरसिया स्थित पंजीयन कार्यालयों में खासी भीड़ रही। इन कार्यालयों में पदस्थ करीब 10 सब रजिस्ट्रारों ने लगभग 300 रजिस्ट्रियां दर्ज करते हुए करीब 35 करोड़ रुपए का राजस्व मिला। मार्च में रजिस्ट्री का आंकड़ा दस हजार तक पहुंच सकता है।

◆ शनिवार और रविवार को भी करा सकेंगे रजिस्ट्री



### निगम के आवासीय मकानों की कराई रजिस्ट्री

नगर निगम द्वारा लोगों को आवासीय योजनाओं के तहत दिए गए घरों के दस्तावेजों को भी रजिस्टर्ड किया जा रहा है। पंजीयन कार्यालयों में शुक्रवार को कोकता ट्रांसपोर्ट नगर सहित अन्य जगह स्थित आवासों की रजिस्ट्रियां वर्तमान दरों पर कराई गई हैं।

### 85 प्रतिशत राजस्व मिला

पंजीयन विभाग ने भोपाल को इस वर्ष 1700 करोड़ रुपए का लक्ष्य दिया है। जिसको पूरा करने के लिए अवकाश के दिनों में भी पंजीयन कार्यालय निरंतर खोले जा रहे हैं। अब तक तय राजस्व का 85 प्रतिशत यानि 1450 करोड़ रुपए टॉरगेट हासिल कर लिया है। पिछले वित्तीय वर्ष में विभाग को 1389 करोड़ रुपए का टॉरगेट दिया गया था।

एमपीएमएसयू की लापरवाही नर्सिंग छात्रों का करियर दांव पर

# फिर टलीं नर्सिंग की परीक्षाएं छात्रों का भविष्य फिर अधर में

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मध्य प्रदेश में नर्सिंग छात्रों की परीक्षाएं एक बार फिर टल गई हैं, जिससे हजारों छात्रों का भविष्य अधर में लटक गया है। मप्र आयुर्विज्ञान विश्वविद्यालय (एमपीएमएसयू) ने बीएससी, एमएससी और पीबीबीएससी नर्सिंग परीक्षाओं की तारीखें एक बार फिर बढ़ा दी हैं। पहले यह परीक्षाएं मार्च 2025 में प्रस्तावित थीं, लेकिन अब इन्हें अप्रैल-मई 2025 में आयोजित किया जाएगा।

नर्सिंग छात्रों को परीक्षा की देरी के कारण रोजगार और इंटर्नशिप के अवसरों से हाथ धोना पड़ रहा है। खासतौर पर 2019-20 बैच के बीएससी नर्सिंग चौथे वर्ष के छात्रों की परीक्षाएं अब तक नहीं हुईं। वहीं, 2020-21 और 2021-22 बैच की परीक्षाएं भी चार साल की देरी से हो रही हैं। छात्रों का आरोप है कि मेडिकल यूनिवर्सिटी ने परीक्षा और अगले सत्र की फीस तो ले ली, लेकिन समय पर परीक्षाएं नहीं कराई, जिससे उनका करियर बुरी तरह प्रभावित हो रहा है। नर्सिंग स्टाफ की भारी कमी के बावजूद परीक्षाएं बार-बार टाली जा रही हैं।

### चार बार बदली जा चुकी हैं तारीखें

अब तक चार बार परीक्षाओं की तारीखें बदली जा चुकी हैं। जिन परीक्षाओं का आयोजन हो चुका है, उनमें भी सिर्फ आधे छात्रों का ही रिजल्ट जारी हुआ है, जिससे उनकी डिग्री अधर में लटक गई है।

### विधायक जयवर्धन ने विस में भी उठाया था मामला

नर्सिंग परीक्षाओं में देरी का मुद्दा विधानसभा में भी गूंज चुका है। मार्च 2024 में कांग्रेस विधायक जयवर्धन सिंह ने इस मामले को उठाते हुए कहा था कि डिग्री न मिलने से हजारों छात्रों का भविष्य अंधकार में है। वहीं जुलाई 2024 में ध्यानाकर्षण प्रस्ताव के दौरान डिप्टी सीएम राजेंद्र शुक्ला ने कहा था कि मुख्यमंत्री ने स्पष्ट निर्देश दिए हैं कि परीक्षाएं प्रभावित नहीं होनी चाहिए। इसके बावजूद परीक्षाएं लगातार टल रही हैं।


# तेज रफ्तार कार ने दो बाइक को मारी टक्कर, 1 की मौत, 3 गंभीर

*लांबाखेड़ा ब्रिज पर हुआ हादसा, कार जब्त, आरोपी की तलाश जारी*

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

ईंटखेड़ी थाना क्षेत्र स्थित लांबाखेड़ा ब्रिज पर तेज रफ्तार कार ने दो बाइक पर सवार चार लोगों को टक्कर मार दी। हादसे के बाद घायल बाइक सवारों को हमीदिया और निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया था। वहां इलाज के दौरान एक व्यक्ति की मौत हो गई, जबकि उनकी बेटी का इलाज चल रहा है। हादसे में दो अन्य घायलों का हमीदिया अस्पताल में इलाज चल रहा है। पुलिस ने मर्ग कायम कर कार जब्त कर ली। घटना के बाद कार का चालक कार छोड़कर फरार हो गया था।

पुलिस के अनुसार गणेश साहू पिता राम प्रसाद साहू शिव नगर करोंद में रहते थे और प्राइवेट काम करते थे। गुरुवार शाम वे अपनी 29 साल की बेटी ज्योति साहू को बाइक से लेकर अपने घर निशातपुरा लौट



रहे थे। लांबाखेड़ा ब्रिज पर पहुंचते ही तेज रफ्तार कार ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी। उनकी बाइक को टक्कर मारने के बाद कार के चालक ने एक अन्य बाइक को भी टक्कर मार दी थी। टक्कर मारने के बाद आरोपी कार चालक कार छोड़कर फरार हो गया। इधर गंभीर रूप से घयल गणेश साहू और उनकी बेटी ज्योति साहू समेत अन्य घायलों को निजी अस्पताल और हमीदिया अस्पताल में भर्ती कराया गया था। शुक्रवार दोपहर इलाज के दौरान गणेश साहू की मौत हो गई।

## एक परिवार बच्चे को उठाकर ले गया अस्पताल

# नवजात बच्चे को झाड़ियों में छोड़कर चली गई मां

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

ईंटखेड़ी थाना क्षेत्र स्थित लांबाखेड़ा दुर्गा मंदिर के पास मुख्य सड़क से पचास मीटर अंदर झाड़ियों में अज्ञात मां एक दिन के नवजात बच्चे को छोड़कर चली गई। वहां से गुजर रहे परिवार को बच्चे की रोने की आवाज और वह झाड़ियों में पहुंचे, वहां उन्हें बच्चा रोते हुए नजर आया। वे बच्चे को उठाकर अस्पताल ले गए और हनुमानगंज पुलिस से संपर्क किया। हनुमानगंज पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर केस डायरी ईंटखेड़ी पुलिस को सौंप दी है। ईंटखेड़ी पुलिस अज्ञात मां पर पैदाइश छिपाने की गरज से बच्चे को छोड़कर जाने की धाराओं में प्रकरण दर्ज कर उसकी तलाश कर रही है।

### पुलिस खंगाल रही फुटेज

एसआई रिंकू जाटव ने बताया कि समीर मंसूरी, कबाड़खाना, हनुमानगंज में रहते हैं। गुरुवार शाम वह ईंटखेड़ी स्थित लीलावती अस्पताल जा रहे थे। उनके साथ उनकी पत्नी और बच्चा था। शाम करीब सवा 7 बजे लांबाखेड़ा में दुर्गा मंदिर के पास पहुंचते ही मुख्य सड़क से उन्हें बच्चे के रोने की आवाज आई। वे आवाज सुनकर सड़क से पचास मीटर अंदर झाड़ियों की तरफ पहुंचे तो उन्हें एक बच्चा रोता बिलखता हुआ नजर आया। वे बच्चे को उठाकर तत्काल अस्पताल पहुंचे। इसके बाद अपने घर पहुंचे और हनुमानगंज पुलिस को शिकायत दर्ज कराई। पुलिस ने प्रकरण दर्ज केस डायरी ईंटखेड़ी पुलिस को सौंप दी थी। पुलिस ने मंदिर और आसपास सीसीटीवी कैमरे की तलाश कर रही है।

## लोगों ने संचय किया बारिश का पानी, जिससे बढ़ा भू-जल स्तर, अब हमेशा रहता है हैंडपंप में पानी

# पानी बचाने की मिसाल बना पन्ना जिले का फुलवारी गांव

रूबी सरकार ▶▶ भोपाल

अलग खबर

जिला मुख्यालय से 38 किलोमीटर की दूर फुलवारी गांव में कुल 162 परिवार रहते हैं। 500 आबादी वाला यह गांव दशकों से पानी की कमी और इसके खारेपन की समस्या से जूझ रहा था। जनवरी से ही गांव के कुएं और बोरवेल सूखने लगते थे, जिससे ढाई किलोमीटर पैदल चलकर गांव की महिलाओं को दूसरे गांव से पानी लाना पड़ता था। महिलाएं झुंड बनाकर इटवा तिलहा गांव पानी लेने जाया करती थीं। पानी की कमी इस गांव की पहचान बन चुकी थी। जनवरी 2025 में यहां जल जीवन मिशन ने हर घर नल से जल पर काम करना शुरू किया। सरकार के साथ ही एक निजी संस्था समर्थन ने भी ग्रामीणों की मदद के लिए आगे आया। दरअसल, समर्थन पन्ना जिले के 32 पंचायतों के 40 गांवों में जल जीवन मिशन और अटल भू-जल योजना में सरकार के साथ मिलकर काम कर रहा है। इन्हीं में फुलवारी भी शामिल है।

गांव में जल संकट को देखते हुए संस्था ने वर्षा जल संचयन पर कार्य करने की योजना बनाई। ग्रामीणों को वर्षा जल संचयन के महत्व के बारे में जागरूक किया गया। हालांकि यह काम इतना आसान नहीं था। क्योंकि ग्रामीण सुबह होते ही मजदूरी के लिए गांव से निकल जाते थे। संस्था ने महिलाओं को जागरूक करना शुरू किया।




### शुरुआती संघर्ष और लोगों की मानसिकता बदलने में ज्यादा समय नहीं लगा

समर्थन के कार्यकारी अध्यक्ष डॉ. योगेश कुमार बताते हैं कि संस्था ने यह पहल शुरू की तो गांव के लोगों ने इसे गंभीरता से नहीं लिया। उनका मानना था कि जल संचयन संरचना का निर्माण व्यर्थ है और इससे कोई लाभ नहीं होगा। कई ग्रामीणों ने संस्था पर अविश्वास जताया और उनके प्रयासों को नकार दिया। वे इसे एक सरकारी या गैर-सरकारी योजना समझकर नजरअंदाज कर रहे थे, लेकिन संस्था के ब्लॉक समन्वयक कमल ने गांव की महिला कविता, राखी और माया को जल मित्र बनाया और उन्हें साथ लेकर ग्रामीणों को जागरूक करने लगे।

### स्कूल की अनुमति मिलते ही आया बदलाव

उनकी मेहनत का पहला परिणाम तब देखने को मिला जब पंचायत की मदद से गांव के स्कूल ने अपनी छत पर वर्षा जल संचयन संरचना के निर्माण की अनुमति दे दी गई। बस यहीं से बदलाव शुरू हो गया। गांव के स्कूल में एक हैंडपंप था, जो दिसंबर और जनवरी में सूख जाया करता था। संस्था ने स्कूल की छत से वर्षा जल को पाइप के माध्यम से जमीन के अंदर भेजने के लिए एक जल संचयन संरचना बनाई। कुछ ही महीनों में इसका असर दिखने लगा। जो हैंडपंप सर्दियों में ही पानी देना बंद कर देता था, वह अब साल भर पानी देने लगा। सबसे बड़ी बात यह थी कि पहले पानी खारा होता था, लेकिन अब मीठा पानी मिलने लगा। यह बदलाव ग्रामीणों के लिए चौंकाने वाला था। जो लोग पहले जल संचयन संरचनाओं के निर्माण को लेकर संदेह में थे, वे अब इसे अपनाने के लिए आगे आने लगे।

### गांव में बड़ा बदलाव

स्कूल में हुए इस सकारात्मक बदलाव को देखते हुए ग्रामीणों की सोच बदल गई। अब ग्रामीण खुद जल संचयन के लिए संरचनाओं के निर्माण के लिए आगे आने लगे। फरवरी 2025 तक गांव में 57 जल संचयन संरचनाएं बनाई गईं। पहले संस्था पाइप और अन्य सामग्री उपलब्ध कराती थी, लेकिन अब गांव के लोगों ने स्वयं इस पहल में योगदान देना शुरू कर दिया।

### गांव के लोगों ने अपने पैसों से खरीदे पाइप

गांव के 40 से 45 परिवारों ने अपने पैसे से पाइप खरीदे, जिससे लगभग 90 हजार रुपए का योगदान दिया। इन संरचनाओं की मदद से गांव में छतों से गिरने वाले लगभग 5 लाख लीटर बारिश के पानी को जमीन के अंदर पहुंचाया जा रहा है। इसका सीधा प्रभाव भूजल स्तर पर पड़ा और पानी की समस्या अब बीते समय की बात हो गई।

चिंतन

# जाति-धर्म की जंजीरें जितना जल्द तोड़ दें, उतना अच्छा

हमारे कानून में सबके समान अधिकार हैं। सबसे कमजोर समुदाय के लिए विशेष प्रावधान भी हैं। आजादी के बाद से अब तक सरकारों ने भी अनेक तरह की सुविधाएं, लाभ देकर कमजोर तबके को सक्षम बनाने के लिए अरबों रुपये खर्च किए। न जाने कितने जागरूकता अभियान चलाए गए, लेकिन इन सबके बावजूद आज भी ऐसी घटनाएं सामने आ जाती हैं, जो न केवल शर्मसार करने वाली हैं बल्कि सोचने पर भी मजबूर करती हैं कि हम 21वीं सदी में पहुंचने के बाद भी भेदभाव से ऊपर नहीं उठ पा रहे हैं। बीते दिनों एक के बाद एक दो ऐसी ही खबरें सामने आईं। आगरा के धनौली गांव में रहने वाले मुकेश के बेटे की शादी 6 मार्च को थी। गांव के एक रसूखदार परिवार ने बारात रुकवा दी। मुकेश कहते हैं, 'हम दलित हैं, इसीलिए हमारे साथ ऐसा हुआ। हमारे साथ मारपीट की गई। पुलिस ने भी उनकी शिकायत दर्ज नहीं की। जब मामला सुर्खियों में आया तो 10 मार्च को एफआईआर दर्ज की गई। जाति के नाम पर ये बर्ताव झेलने वाले मुकेश अकेले नहीं हैं। उतरप्रदेश के ही बुलंदशहर में फरवरी में एक गांव से ऐसी दो घटनाएं सामने आईं। यहां भी दलित परिवार के लड़कों को बैंड-बाजे के साथ बारात नहीं निकालने दी गई। हर दिन ऐसी खबरों से अखबारों के पन्ने अटे मिलते हैं। जाहिर है कि ये कानून व्यवस्था का मामला नहीं है। ये वो दाग हैं जो हमारे विकसित होने पर प्रश्नचिह्न लगाते हैं। क्या विकास का मतलब केवल फ्लाईओवर, सड़क, शेयर बाजार, उद्योग, एफडीआई वगैरा ही हैं। समाज के सभी तबकों को साथ लिए बिना विकास की बात करना भी बेमानी है। अगर आप इस तरह के मामलों पर किसी भी उच्च वर्ग से बात करें तो वे तपाक से कहते हैं कि अब ऐसी घटनाएं यदाकदा ही होती हैं। जबकि सच्चाई ये है कि ऐसे मामले लगातार बढ़ रहे हैं। देश में 2018 में दलित उत्पीड़न के 42793 केस दर्ज हुए वहीं 2022 आते-आते यह संख्या बढ़कर 57582 हो गई। देश के सबसे बड़े राज्य उतरप्रदेश में 2018 में दलित पर अत्याचार के 11924 मामले दर्ज हुए वहीं 2022 में यह संख्या बढ़कर 15368 हो गई। अब बताए कहां कम हो रहे हैं दलितों पर अत्याचार। देखा जा सकता है कि रवींद्रनाथ, प्रेमचंद और गांधी के दौर से ही जाति और धार्मिक समुदाय पर आधारित राष्ट्रवाद का एक अटूट सिलसिला रहा है। यह भी साफ है कि आम जनमानस में बड़े पैमाने पर मौजूद जातिवाद, धार्मिक रूढ़ियों और सामंती निरंकुशता को आजादी के बाद दूर करने का सचेत रूप से व्यापक प्रयास भी किया गया, लेकिन समाज में गहरी जड़ें जमा चुका भेदभाव महज कुछ कम हुआ है, खत्म होना आज भी दूर की कौड़ी है। यह भी देखा जा सकता है कि भारत की बहुलता में श्रेष्ठता के काफी तत्व हैं। उन्हें अब भी खोजकर उपयोग में लाया जा सकता है। लेकिन ऊंच-नीच भारतीय जनता की एकता और सांस्कृतिक सुधार के रास्ते में सबसे बड़ी बाधा हैं। यह देखना महत्वपूर्ण है कि हमारे पास क्या चीजें ज्यादा हैं, अतीत की बुरी स्मृतियां या भविष्य के बड़े स्वप्न। इसी पर निर्भर करेगा कि भारत के भावी इतिहास में यह भेदभाव क्या रंग दिखाएगा। इस समय न वैश्वीकरण एक जाति और एक धर्म को लेकर चल सकता है और न ही लोकतंत्र एक विशेष जाति और एक विशेष धर्म को लेकर विकसित हो सकता है। इस तथ्य को ध्यान में रखना चाहिए कि दुनिया का बदलना अभी रुका नहीं है। इसलिए पुरानी खाइयां और जंजीरों को जितनी जल्द तोड़ दिया जाए उतना अच्छा है, वरना हम विकसित नहीं पिछड़े ही रहेंगे।



अर्थव्यवस्था
डॉ. जयंतीलाल भंडारी

# बढ़ती घरेलू मांग से आर्थिक उन्नति

ग्लोबल रेटिंग एजेंसी फिच रेटिंग्स ने कहा है कि हालांकि अमेरिका की आक्रामक ट्रेड पॉलिसी एक बड़ा जोखिम है, लेकिन भारत इससे काफी हद तक अप्रभावित रहेगा और इस पर कोई खास असर नहीं पड़ेगा। रिपोर्ट में कहा गया है कि भारत की बाहरी मांग पर कम निर्भरता और पर्याप्त आत्म-निर्भरता के कारण अर्थव्यवस्था इसके व्यापक असर से बची रहेगी। फिच ने इसके पहले भारत की संप्रभु रेटिंग के परिदृश्य को स्थिर बताते हुए कहा कि देश का विकास मजबूत दिख रहा है। वित्त वर्ष 2025-26 में भारत की जीडीपी ग्रोथ 6.5 प्रतिशत रहेगी। अगले कुछ सालों तक भारतीय अर्थव्यवस्था दुनिया की सबसे तेज गति से बढ़ती हुई अर्थव्यवस्था बनी रहेगी।

हाल ही में 19 मार्च को एक बार फिर अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने ब्रेटबार्ट न्यूज को दिए साक्षात्कार में कहा कि यद्यपि भारत के साथ उनके रिश्ते बहुत अच्छे हैं, लेकिन भारत के साथ एकमात्र समस्या यह है कि वह दुनिया में सबसे अधिक शुल्क लगाने वाले देशों में से एक है। उन्होंने कहा कि मेरा मानना है कि भारत शायद उन शुल्क को काफी कम करने जा रहा है। फिर भी 2 अप्रैल से हम भारत से वही शुल्क वसूलेंगे जो भारत हमसे वसूलता है। ऐसे में विभिन्न वैश्विक रिपोर्टों में कहा जा रहा है कि एक ओर जब राष्ट्रपति ट्रंप लगातार भारत सहित दुनिया के विभिन्न देशों को टैरिफ चक्रव्यूह में लेते जा रहे हैं और दुनिया में वैश्विक मंदी की आशंका है, तब भारत की बढ़ती मजबूत घरेलू मांग भारत के लिए नई आर्थिक शक्ति बन गई है।

उल्लेखनीय है कि 20 मार्च को ग्लोबल रेटिंग एजेंसी फिच रेटिंग्स ने कहा है कि हालांकि अमेरिका की आक्रामक ट्रेड पॉलिसी एक बड़ा जोखिम है, लेकिन भारत इससे काफी हद तक अप्रभावित रहेगा और इस पर कोई खास असर नहीं पड़ेगा। रिपोर्ट में कहा गया है कि भारत की बाहरी मांग पर कम निर्भरता और पर्याप्त आत्म-निर्भरता के कारण अर्थव्यवस्था इसके व्यापक असर से बची रहेगी। फिच ने इसके पहले भारत की संप्रभु रेटिंग के परिदृश्य को स्थिर बताते हुए कहा कि देश का विकास मजबूत दिख रहा है। फिच रेटिंग्स ने भारत की दीर्घकालिक विदेशी मुद्रा जारीकर्ता डिफॉल्ट रेटिंग को स्थिर परिदृश्य के साथ 'बीबीबी' के स्तर पर रखा है। फिच ने कहा कि भारत की रेटिंग अन्य देशों की तुलना में मजबूत ग्रोथ और बाहरी वित्तीय लचीलापन दर्शा रही है, जिससे अर्थव्यवस्था को पिछले साल के बड़े बाहरी झटकों से पार पाने में मदद मिली है। इस रिपोर्ट में यह भी कहा गया है कि वित्त वर्ष 2025-26 में भारत की जीडीपी ग्रोथ 6.5 प्रतिशत रहेगी। साथ ही अगले कुछ सालों तक भारतीय अर्थव्यवस्था दुनिया की सबसे तेज गति से बढ़ती हुई अर्थव्यवस्था बनी रहेगी।

यहां पर हाल ही में प्रकाशित वित्तीय सेवा कंपनी मॉर्गन स्टेनली की ताजा रिपोर्ट भी उल्लेखनीय है। इसमें कहा गया है कि भारत घरेलू मांग की ताकत पर 2028 तक दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन जाएगा। रिपोर्ट के अनुसार 2023 में 3.5 ट्रिलियन डॉलर वाली भारतीय अर्थव्यवस्था 2026 तक 4.7 ट्रिलियन डॉलर की हो जाएगी। इसके साथ ही भारत साल 2026 तक अमेरिका, चीन और जर्मनी के बाद दुनिया की चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन जाएगा और साल 2028 तक यह 5.7 ट्रिलियन डॉलर तक पहुंचकर जर्मनी से भी आगे निकल जाएगा। निःसंदेह देश के उपभोक्ता बाजार को देश का मध्यम वर्ग नई आर्थिक ताकत दे रहा है। देश में आर्थिक सुधारों के साथ ऊंची विकास दर और शहरीकरण की ऊंची वृद्धि दर के बलबूते भारत में मध्यम वर्ग के लोगों की संख्या तेजी से बढ़ी है।

हाल ही में प्रकाशित द राइज ऑफ मिडल क्लास इंडिया नामक डॉक्यूमेंट के मुताबिक भारत के मध्यम वर्ग के लोगों की संख्या तेजी से बढ़कर 2020-21 में लगभग 43 करोड़ हो गई है और 2047 तक यह संख्या बढ़कर



102 करोड़ तक पहुंचने का अनुमान है। इस वर्ग को 5 लाख से 30 लाख रुपये की वार्षिक आय वाले परिवारों के रूप में परिभाषित किया गया है।

निश्चित रूप से नए टैरिफ युद्ध की बढ़ती आशंकाओं के बीच भारत का मध्यम वर्ग भारतीय अर्थव्यवस्था की नई शक्ति बन गया है। भारत के मध्यम वर्ग की मुट्ठियों में बढ़ती क्रय शक्ति और जेन जी एवं मिलेनियल्स की आंखों में उपभोग और खुशहाली के जो सपनें दिखाई दे रहे, उनके कारण जहाँ दुनिया के कई देश भारत से आर्थिक और कारोबारी संबंध बढ़ाने के लिए तत्पर हैं, वहीं दुनिया की बड़ी-बड़ी कंपनियाँ अपने नामी ब्रांडों के साथ भारत के बहुआयामी उपभोक्ता बाजार में नई रणनीतियों के साथ दस्तक दे रही हैं। वैश्विक खुदरा सेवाओं से जुड़ी कंपनियां भारत में तेजी से पैर पसार रही हैं। चूंकि घरेलू मांग और खपत भारत की शक्ति है, अतएव निश्चित रूप से एक अप्रैल 2025 से प्रभावी होने वाला वित्त वर्ष 2025-26 का बजट करदाताओं, निवेशकों तथा मध्यम वर्ग की खरीदी की क्षमता बढ़ाते हुए दिखाई दे रहा है। वित्तमंत्री के द्वारा टैक्स में कटौती और टैक्स ढांचे को आसान बनाकर खर्चों और सेविंग्स को बढ़ाने की कोशिश इस बजट में दिखाई दी है। वित्तमंत्री ने मजबूत वित्तीय मुठ्ठी से आयकर के नए टैक्स रिजीम की व्यवस्थाओं के तहत करदाताओं को अभूतपूर्व राहतों से लाभांवित किया गया है।

नई टैक्स रिजीम के तहत आयकर स्लैब में बड़ा बदलाव है, ताकि अधिक से अधिक करदाता इसे अपनाने के लिए प्रेरित हैं। वित्तमंत्री ने नए बजट के तहत न्यू टैक्स रिजीम में टैक्स स्लैब में बदलाव और अतिरिक्त रिबेट की घोषणा की, जिसके तहत 12 लाख रुपये तक की आमदनी पर कोई इनकम टैक्स नहीं देना होगा। निश्चित रूप से इस बजट से सरकार लंबे समय से लंबित मध्यम वर्ग की आर्थिक वित्तीय शिकायतों का समाधान करते हुए आर्थिक वृद्धि की गति को फिर से तेज कर उपयुक्त कर राहत से एक अच्छा आर्थिक चक्र करने की डगर पर आगे बढ़ी हैं।

निश्चित रूप से मध्यम वर्ग पर कर का बोझ कम करने से खपत बढ़ेगी। इससे जीएसटी संग्रह में वृद्धि होगी और कर योग्य आय वालों का आधार बढ़ेगा। निःसंदेह इस समय जब ट्रंप के टैरिफ वार की आशंका से दुनिया में बहुत तेजी के साथ आर्थिक और कारोबारी उठापटक चल रही है, तब दुनिया में होते इस बदलाव के मद्देनजर हमें भी भारत के आर्थिक और कारोबारी हितों को सबसे पहले और सबसे ऊपर रखना होगा। इस समय वैश्विक व्यापार नए सिरे से दोबारा स्थापित होने जा रहा है। विश्व व्यापार संगठन (डब्ल्यूटीओ) अब मुख्य स्तम्भ के रूप में नहीं बचा है और सबसे पसंदीदा राष्ट्र (एमएफएन) के दर्जे के तहत गैर-भेदभावपूर्ण शुल्क खत्म हो रहे हैं। हर देश चाहता है कि उसके साथ विशेष व्यवहार किया जाए। हमें उसी रास्ते पर चलना होगा तथा देश की मजबूत घरेलू मांग और मध्यम वर्ग की चमकती हुई क्रय शक्ति का आधार बनाकर दुनिया के विभिन्न देशों के साथ आर्थिक और कारोबारी संबंधों को नई दिशा देना होगी।

निःसंदेह ट्रंप की टैरिफ संबंधी नई चुनौतियों के बीच भारत की बढ़ती हुई मजबूत घरेलू मांग भारत की नई आर्थिक शक्ति है। ऐसे में भारत घरेलू बाजार में तेजी से खपत बढ़ाने की रणनीति के साथ अमेरिका से टैरिफ मार के मुकाबले के लिए सुनियोजित रूप से आगे बढ़ते हुए दिखाई देगा। साथ ही मजबूत घरेलू बाजार की रणनीति देश को वर्ष 2047 तक विकसित राष्ट्र बनाने के संकल्प को पूरा करने की दिशा में भी मील का पत्थर बनते हुई दिखाई देगी।

(लेखक ख्यात अर्थशास्त्री हैं, ये उनके अपने विचार हैं।
लेख पर अपनी प्रतिक्रिया edit@haribhoomi.com पर दे सकते हैं।

शहीदी दिवस
विवेक शुक्ला




# हिंदी में लिखते थे भगत सिंह

शहीदे ए आजम भगत सिंह की मातृभाषा पंजाबी थी। वे पंजाबी, हिंदी, उर्दू, अंग्रेजी और संस्कृत सही से लिख-पढ़ लेते थे। पर उन्होंने अपने विचारों को दूर तक लेकर जाने की गरज से हिंदी में लिखना शुरू किया। हिंदी में उनका पहला महत्वूर्ण निबंध संभवतः 'पंजाब में भाषा और लिपि की समस्या' विषय पर 1924 में लिख दिया गया था। वे तब 17 साल के थे। यह 28 फरवरी, 1933 के 'हिन्दी संदेश' में प्रकाशित हुआ था। भगत सिंह ने इस मुद्दे के विभिन्न पहलुओं गहराई से विश्लेषण किया था। भगत सिंह भाषा को जन चेतना और प्रगति का एक महत्वपूर्ण हथियार मानते थे। वे अपने गृह प्रदेश पंजाब में भाषा को लेकर चल रहे विवाद से परेशान थे। उस समय, पंजाब में मुख्य रूप से हिंदी, पंजाबी और उर्दू भाषाओं का प्रयोग होता था और प्रत्येक भाषा को बोलने वाले अपने-अपने दावों और हितों के साथ खड़े थे। उन्होंने इस बारे में सवाल खड़ा किया था- "... हमारे प्रांत का दुर्भाग्य रहा कि यहां भाषा को मजहबी रंग दे दिया गया।" भगत सिंह का जन्म 1907 के उस पंजाब में हुआ था, जहां पंजाबी और उर्दू का वर्चस्व था। हालांकि, हिंदी भी व्यापक रूप से समझी और उपयोग की जाती थी। हिंदू परिवारों में हिंदी पढ़ने-लिखने की परंपरा थी। उस दौर के पंजाब में आर्य समाज और सनातन धर्म हिंदी का प्रचार-प्रसार कर रहे थे। भगत सिंह का परिवार आर्य समाजी था। दिल्ली विश्वविद्यालय के पीजीडीएवी कॉलेज में इतिहास के प्रोफेसर और 'भगत सिंह- रीविजिटेड' किताब के लेखक डॉ. चंद्रपाल सिंह कहते हैं कि भगत सिंह के दादा सरदार अर्जुन सिंह ने आर्य समाज से सक्रिय रूप से जुड़े हुए थे। वे दयानंद सरस्वती के भी करीबी थे। उनके परिवार में तब ही से हिंदी पढ़ी-लिखी जा रही थी।

दरअसल भगत सिंह जैसे-जैसे क्रांतिकारी गतिविधियों में शामिल हुए, उन्होंने समझ लिया कि वे हिंदी में लिखकर देश के आमजन तक पहुंचने में सफल रहेंगे। वे हिंदुस्तान सोशलिस्ट रिपब्लिकन एसोसिएशन (एचएसआरए) का हिस्सा बनने से भारत के विभिन्न हिस्सों के क्रांतिकारियों के संपर्क में आए, जिनमें से अधिकतर हिंदी भाषी थे। इस लिहाज से महान क्रांतिकारी चंद्रशेखर आजाद का नाम लेना होगा। भगत सिंह के मन में चंद्रशेखर आजाद के प्रति गहरे सम्मान का भाव था। भगत सिंह मुख्य रूप से राजनीतिक और सामाजिक मुद्दों पर कलम चलाते थे। उन्होंने कई हिंदी समाचार पत्रों और पत्रिकाओं के लिए लिखा। भगत सिंह ने 'बलवंत सिंह, 'रणजीत' और 'विद्रोही' सहित कई छद्म नामों से लिखा। यह गिरफ्तारी से बचने के लिए एक आम बात थी। छद्म नाम से लिखने का एक बड़ा नुकसान ये हुआ कि उनके लेखों का कायदे से संकलन नहीं हुआ। भगत सिंह 1925 में कानपुर में गणेश शंकर विद्यार्थी के अख़बार 'प्रताप' में नौकरी करने कानपुर गए थे। पीलखाना में प्रताप की प्रेस थी। वे उसके पास ही रहते थे। कहना ना होगा कि कानपुर में रहते हुए वे हिंदी को बेहतर तरीके से लिखने लगे होंगे। आखिर कानपुर हिंदी का गढ़ रहा है। भगत सिंह के अधिकांश प्रारंभिक लेखन अन्य स्वतंत्रता सेनानियों और उनके संघर्षों पर हैं। चाँद पत्रिका ने उन स्वतंत्रता सेनानियों पर एक विशेष अंक निकाला जिन्होंने अपने जीवन का बलिदान दिया था और भगत सिंह ने इसमें योगदान दिया था। उन्होंने उन बुनियादी मूल्यों और कार्यक्रमों के बारे में अधिक लिखा जिन्हें वे स्वतंत्रता, समानता, न्याय और सांप्रदायिक सद्भाव प्राप्त करने के लिए फैलाना चाहते थे। भगत सिंह के लेखन का भारतीय स्वतंत्रता आंदोलन पर, विशेष रूप से युवाओं पर महत्वपूर्ण प्रभाव पड़ा। उनके जोशीले और स्पष्ट तर्कों ने कई लोगों को स्वतंत्रता के संघर्ष में शामिल होने के लिए प्रेरित किया। उनके स्पष्ट हिंदी लेखन से उनके पाठकों की तादाद बढ़ती गई। हालांकि वे पारंपरिक अर्थों में पत्रकार नहीं थे, लेकिन हिंदी पत्रकारिता में उनका योगदान महत्वपूर्ण था और इसने भारतीय स्वतंत्रता आंदोलन की दिशा को आकार देने में मदद की। यह आश्चर्यजनक और प्रेरणादायक है कि भगत सिंह ने यह सब इतनी कम उम्र में लिखा और वह भी एक प्रमुख स्वतंत्रता सेनानी और आयोजक के रूप में अपनी अन्य सभी गतिविधियों के बीच। यह केवल बेहद कड़ी मेहनत के कारण संभव था जो प्रतिबद्धता के बहुत उच्च स्तर से प्रेरित था, साथ ही जो कुछ भी थोड़े अवसर मौजूद थे, उनका बहुत रचनात्मक उपयोग था। एक बात और, भगत सिंह ने अपने विचारों को फैलाने और लोगों को आंदोलनों में शामिल करने के लिए हिंदी में पर्चे और घोषणाएं भी जारी कीं। ये पर्चे सार्वजनिक स्थानों पर बांटे जाते थे और लोगों को स्वतंत्रता के लिए लड़ने के लिए प्रेरित करते थे। भगत सिंह ने अदालत में भी हिंदी का प्रयोग किया। उनका मानना था कि हिंदी आम लोगों की भाषा है और इसके माध्यम से वे अधिक लोगों तक अपनी बात पहुंचा सकते हैं।

(लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)


## व्यक्ति को कैसे मिल सकती है दुखों से मुक्ति



संकलित
दर्शन

छठी शताब्दी ईसा पूर्व में संपूर्ण विश्व दर्शन के नए क्षितिज स्पर्श कर रहा था। चीन में कन्फ्यूशियस और लाओत्से, ईरान में जरथुस्त्र, यूनान में पाइथागोरस नए तर्क गढ़ रहे थे तो भारत में महावीर स्वामी और गौतम बुद्ध वैदिक दर्शन को नया आयाम देने में लगे थे। गौतम बुद्ध ने बताया कि जन्म से लेकर मृत्यु तक संपूर्ण जीवन दुखमय है। मृत्यु भी दुख का अंत नहीं है, बल्कि नए दुख का आरंभ है, क्योंकि मृत्यु के बाद भी पुनर्जन्म होता है। उनका मानना था कि प्राणी की इच्छा अपूर्ण रहती है तो पुनर्जन्म लेना पड़ता है। बुद्ध अनात्मवादी और अनीश्वरवादी तो थे, किंतु भौतिकवादी नहीं थे। उनका मत है कि सृष्टि में जो कुछ है वह क्षणिक है, परिवर्तनशील है। द्वितीय आर्य सत्य है कि प्रत्येक कार्य का कारण अवश्य होता है, जिसे बुद्ध ने प्रतीत्यसमुत्पाद कहा। इस दुख के कारणता सिद्धांत को द्वादश निदान चक्र भी कहा जाता है। इस दुख का मूलभूत कारण अविद्या है। अविद्या से संस्कार या पूर्व में किए गए कर्मों की प्रवृत्तियां उत्पन्न होती हैं। संस्कार से विज्ञान, विज्ञान से नामरूप, नामरूप से षडायतन, षडायतन से स्पर्श, स्पर्श से वेदना, वेदना से तृष्णा, तृष्णा से उपादान, उपादान से भव, भव से जाति, जाति या जन्म से जरा-मरण का दुख भोगना पड़ता है। बौद्ध दर्शन का तृतीय आर्यसत्य दुख-निरोध है। दुखों के मूल कारण अविद्या को दूर करके इसी जीवन में दुखों का अंत किया जा सकता है। दुखों का निरोध ही निर्वाण है।

## कभी भी अपने पद और धन का घमंड न करें



संकलित
प्रेरणा

देवताओं के कोषाध्यक्ष को एक दिन अपने पद और धन का घमंड हो गया है। इसी घमंड में वे शिव जी के पास पहुंच गए और शिव जी को सपरिवार अपने महल में खाने के लिए निमंत्रण दिया। शिवजी ने कहा कि मैं तो कहीं आता-जाता नहीं हूं, आप एक काम करें, गणेश को अपने साथ ले जाएं। खाने का निमंत्रण पाकर गणेश जी कुबेर के महल पहुंच गए। कुबेर ने उनके लिए बहुत सारा खाना बनवाया। गणेश जी खाने बैठे तो वे खाए जा रहे थे, थोड़ी ही देर में कुबेर की रसोई का पूरा खाना खत्म हो गया। गणेश जी ने और खाना मांगा। कुबेर ये देखकर घबरा गए। गणेश जी बार-बार खाना मांग रहे थे। कुबेर ने गणेश जी के सामने हाथ जोड़ लिए और कहा कि अब तो मेरे घर का सारा खाना खत्म हो गया है। गणेश जी ने कहा कि लेकिन मेरी भूख तो अभी शांत ही नहीं हुई है। मुझे अपने रसोईघर में ले चलो। कुबेर गणेश जी को रसोईघर में ले गए तो वहां रखी सभी चीजें गणेश खा गए। उन्होंने शिव जी को पूरी बात बता दी। शिव जी ने गणेश जी से कहा कि जाओ, माता पार्वती को बुलाकर लाओ। मां पार्वती को देखकर गणेश ने कहा कि मां, कुबेर देव के खाने से मेरी भूख शांत नहीं हुई है। पार्वती अपने रसोईघर में गईं और खाना बनाकर ले आईं। उन्होंने जैसे ही गणेश जी को अपने हाथ से खाना खिलाया तो गणेश तृप्त हो गए। मां और खिलाने लगी तो गणेश जी ने कहा, मां मेरा पेट भर गया है। ये सब देखकर कुबेर देव का घमंड टूट गया और उन्हें अपनी गलती समझ आ गई। कुबेर ने सभी से क्षमा मांगी।

## सटाका




## आज की पाती

### वनों को काटने से रोका जाए

21 मार्च को अंतरराष्ट्रीय वन दिवस मनाया जाता है। दुनिया भर में इस उपलक्ष्य में प्रोग्राम आयोजित किए गए। संयुक्त राष्ट्र महासभा ने वनों की सुरक्षा के प्रति जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से 28 नवंबर 2012 को हर वर्ष 21 मार्च को अंतरराष्ट्रीय वन दिवस के रूप में मनाने के लिए एक प्रस्ताव पारित किया था। वन हैं तो हम हैं। जो वृक्ष हमें फल नहीं देते हैं, वो भी बहुत महत्वपूर्ण होते हैं, क्योंकि ये हमें जीवित रहने के लिए ऑक्सीजन, बिना किसी मूल्य के देते हैं। लेकिन बहुत अफसोस है कि वनों की संभाल के लिए लापरवाही बरती जा रही है। भारत में बहुत पहले से ही वनों और वृक्षों को काटने से रोकने के प्रयास सरकारों, सामाजिक संस्थाओं और पर्यावरण प्रेमियों द्वारा आरंभ कर दिए गए थे। फिर भी परियोजनाओं के लिए बड़े पैमाने पर जंगल काटे जा रहे हैं। हमें इसे रोकना होगा। - **महेश पांडे**, धमतरी

## ससुराल में बिटिया...


*अब वो मुस्कुराती नहीं है*
*अपने होठों पर हंसी लाती नहीं है*
*चिड़िया जो फुदकती फिरती थी पूरे आंगन में*
*जाने क्यों अब वो चहचहाती नहीं है*
*घोंसला बनाने को पंख खोल उड़ गई*
*फिर क्या हुआ कुछ बताती नहीं है*
*याद करती होगी मुझे भी जैसे मैं करता हूं*
*लिखती होगी डायरी में कुछ जैसे मैं लिखता हूं।*
*पापा को बेटियां यूं भुलाती तो नहीं हैं*
*वो थी यहां तो बाग के सब पेड़ हरे थे*
*फूलों से भरे से खुशबू से भरे थे*
*अब तो बहार भी इस ओर आती नहीं है।*
*बेटियां पिता का जीवन होती हैं*
*उनका हृदय और धड़कन होती हैं*
*डोली जब उठती है तो सांस जैसे आती नही है*
*आऊंगी बोल कर गई थी पिछले बरस*
*व्यस्त रहती होगी शायद, अब फोन भी लगा पाती नहीं है*
*अब आती होगी सोच कर मैं राह तकता रहता हूं*
*सुबह अच्छी नहीं लगती शाम सुहाती नहीं है*
*हर रोज आती है खयालों में वो*
*हर बार त्योहार पर आती थी शुरू के सालों में वो*
*जीवन की कशमकश में वो उलझ सी गई*
*अब पापा के घर उतना आती जाती नहीं है।*
*बेटी का चेहरा खिले तो फूल खिलते हैं*
*सारे रंग सुनहरे लगते हैं*
*गर बेटी दुखी हो तो घुटन सी है जिंदगी*
*व्यर्थ है हर पूजा व्यर्थ है हर बंदगी।*

*कैप्टन (से.नि.) विकास पांडेय*
*अधिवक्ता*

## करंट अफेयर

### उ. कोरिया ने मिसाइलों के परीक्षण का किया दावा

उत्तर कोरिया ने नई विमान भेदी मिसाइलों का परीक्षण करने का शुक्रवार को दावा किया। उत्तर कोरिया ने ऐसे समय में यह दावा किया है जब उसकी सेना ने अमेरिका और दक्षिण कोरिया के संयुक्त सैन्य अभ्यासों के खिलाफ गंभीर कदम उठाने की हाल में धमकी दी है। उत्तर कोरिया इन सैन्य अभ्यासों को उस पर हमले के अभ्यास के तौर पर देखता है। उत्तर कोरिया की आधिकारिक 'कोरियन सेंट्रल न्यूज एजेंसी' ने कहा कि देश के नेता किम जोंग उन की निगरानी में बृहस्पतिवार को ये मिसाइल परीक्षण किए गए। उसने कहा कि ये मिसाइल उत्तर कोरिया के लिए ''एक और प्रमुख रक्षा हथियार प्रणाली'' हैं। यह मिसाइल प्रक्षेपण इस वर्ष उत्तर कोरिया का छठा हथियार परीक्षण है। यह परीक्षण उसी दिन किया गया जब अमेरिका और दक्षिण कोरिया की सेनाओं ने अपना वार्षिक 'फ्रीडम शील्ड कमांड पोस्ट' अभ्यास समाप्त किया। अमेरिका और दक्षिण कोरिया के अधिकारी अपने संयुक्त सैन्य अभ्यास को रक्षात्मक प्रकृति का बताते हैं लेकिन उत्तर कोरिया इसे अपनी सुरक्षा के लिए एक बड़ा खतरा बताता रहा है।



## ऑफ बीट

### बुध ग्रह अभी भी सिकुड़ता जा रहा

ग्रह वैज्ञानिक लंबे समय से जानते हैं कि बुध अरबों वर्षों से सिकुड़ रहा है। सूर्य के सबसे निकट ग्रह होने के बावजूद, आंतरिक गर्मी निकल जाने के कारण इसका आंतरिक भाग ठंडा होता जा रहा है। इसका मतलब यह है कि जिस चट्टान (और, उसके भीतर, धातु) से यह बना है, उसका आयतन थोड़ा सिकुड़ता जा रहा है। हालाँकि, यह अज्ञात है कि ग्रह आज भी किस हद तक सिकुड़ रहा है – और, यदि यह वाकई सिकुड़ रहा है, तो यह भी कोई नहीं जानता कि यह प्रक्रिया कितने समय तक जारी रहने की संभावना है। चूँकि बुध का आंतरिक भाग सिकुड़ रहा है, इसकी सतह (परत) के पास ढकने के लिए उत्तरोत्तर कम क्षेत्र रह गया है। यह 'दबाव थ्रस्ट' विकसित करके इसका जवाब देता है – जहां क्षेत्र का एक भाग निकटवर्ती इलाके पर धकेल दिया जाता है। यह सेब के पुराने होने पर उस पर पड़ने वाली झुर्रियों की तरह है, फर्क सिर्फ इतना है कि एक सेब इसलिए सिकुड़ जाता है क्योंकि वह सूख रहा है जबकि बुध अपने आंतरिक भाग के तापीय संकुचन के कारण सिकुड़ रहा है। बुध के सिकुड़ने का पहला सबूत 1974 में सामने आया जब मेरिनर 10 मिशन ने सैकड़ों किलोमीटर तक अपना रास्ता बना चुकी कई किलोमीटर ऊंची स्कार्पियों (रैंप जैसी ढलानों) की तस्वीरें प्रसारित कीं।



अपने विचार
हरिभूमि कार्यालय
पीबी-2, चतुर्थ तल, मानसरोवर कॉम्पलैक्स, वार्ड नं. 50, शिवाजी नगर, निकट रानी कमलापति रेलवे स्टेशन, होशंगाबाद रोड, भोपाल, (म.प्र.) 462016
aapkepatra.haribhoomi@gmail.com पर भेज सकते हैं।

## खबर संक्षेप



### कलश यात्रा के साथ शिव महापुराण कथा शुरू

**मंडीदीप।** औद्योगिक नगर में शिव महापुराण कथा शुक्रवार से शुरू हुई। कथा से पहले कलश यात्रा निकाली गई। कलश यात्रा महावीर कॉलोनी फेस 1 से शुरू होकर स्टेशन रोड, दुर्गा चौक, राधेकृष्ण चौक, गणेश चौक होते हुए कथा स्थल पर जाकर समाप्त हुई। कलश यात्रा में बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए। इसके बाद कथा व्यास आचार्य नरेन्द्र कृष्ण शास्त्री ने पूजा-अर्चना कर शिव महापुराण कथा का वाचन किया जाएगा। कथा 27 मार्च तक चलेगी।

### युवाओं से पर्यावरण से जुड़ने का आह्वान



**संतनगर।** विश्व पर्यावरण दिवस पर शुक्रवार को पंडित दीनदयाल पार्क के वन्य कर्मियों द्वारा पर्यावरण का संदेश देता सेल्फी बोर्ड के साथ जागरूक अभियान चलाया गया। पार्क में आए सैलानियों ने इस अभियान में विशेष रुचि दिखाई। अभियान में शामिल रेंजर नरेन्द्र जैन ने बताया कि वन ही हमारे जीवन का पर्याय है, स्वस्थ जीवन जीने के लिए हमें वनों से जुड़ना आवश्यक है। हमारे दीनदयाल पार्क में सुंदरता वाले तथा औषधीय वृक्षों का खजाना है, जिसका लाभ यहां के रहवासियों को मिलता है।

### भाजपा कार्यकर्ता पटवा के लिए समर्पित

**औबेदुल्लागंज।** भोजपुर क्षेत्र के भाजपा कार्यकर्ता कहते हैं कि विधायक सुरेंद्र पटवा भाजपा के सदस्यों की समास्या को सुनते हैं और उसका समाधान भी करते हैं। पटवा ने औबेदुल्लागंज भाजपा मंडल अध्यक्ष बदलकर भाजपा कार्यकर्ताओं का दिल जीता है। भाजपा कार्यकर्ता भी पटवा के लिए समर्पित हैं। अब भाजपा कार्यकर्ताओं का कहना है कि जिला महामंत्री भी नया चेहरा बने। जिससे भाजपा कार्यकर्तागण संगठित होकर समर्पित भाव से कार्य कर सकें।

### नितिन चावरिया बने नगर अध्यक्ष



**मंडीदीप।** अखिल भारतीय सफाई मजदूर कांग्रेस ट्रेड यूनियन का नगर अध्यक्ष नितिन चावरिया को चुना गया है। प्रदेश अध्यक्ष कमल भाटी वाल्मीकि द्वारा नितिन की नियुक्ति की घोषणा की गई है। जिला अध्यक्ष राजेंद्र अग्रवाल, स्वच्छता प्रभारी आशीष कानूनगो, समाज अध्यक्ष रवि पवार, अजय, अनिल पवार, कैलाश सहित अन्य लोगों ने शुभकामनाएं दी है।

### शिविर में दी विभिन्न योजनाओं की जानकारी

**औबेदुल्लागंज।** जनपद में धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान अंतर्गत विभागीय शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें कलेक्टर अरुण कुमार विश्वकर्मा ने उपस्थित ग्रामीणों से कहा कि एक ही स्थान पर विभिन्न विभागों द्वारा शिविर आयोजित कर जनजातीय वर्ग के लोगों को शासन की योजनाओं की जानकारी देकर और लाभ देकर उनका जीवन स्तर सुधारा जा रहा है। इसके तहत जनजातीय ग्रामों में सड़क, बिजली, पानी, स्कूल, अस्पताल, मोबाइल नेटवर्क जैसी सुविधाएं दी जा रही है।

**शुभांक**

| | | | |
|---|---|---|---|
| कल्याणः | 8336 | | |
| दिनः | 160 | 70 | 677 |
| रातः | 156 | 29 | 234 |
| ताराः | | | |
| दिनः | 599 | 36 | 448 |
| रातः | 468 | 87 | 250 |

# सौरभ शर्मा केस में लोकायुक्त पुलिस ने पूछताछ के लिए दिया बार बार समन, फिर भी आधा दर्जन संदिग्ध नहीं पहुंचे बयान देने

अब इनके खिलाफ वारंट या अन्य कानूनी कार्रवाई करने पर विचार कर रहा लोकायुक्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

लोकायुक्त ने पूर्व आरक्षक सौरभ शर्मा के भ्रष्टाचार केस में लगभग दो दर्जन लोगों को पूछताछ के लिए नोटिस दिए गए। इसमें कई लोगों ने तो अपने बयान दर्ज कराए, लेकिन इनमें से आधा दर्जन ऐसे संदिग्ध हैं, जो गायब है और आज तक लोकायुक्त कार्यालय नहीं पहुंचे। अब इन सभी की जानकारी जुटाई जा रही है, इनके खिलाफ वारंट या अन्य कानूनी कार्रवाई करने पर विचार किया जा रहा है।

विगत दिनों सदन में जोर-शोर से मामले उठने और जमकर हंगामा होने के साथ नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार भी लोकायुक्त के दफ्तर पहुंचे थे। उन्होंने भी इस दौरान कुछ सबूत लोकायुक्त पुलिस को दिए हैं। लोकायुक्त पुलिस का कहना है कि इन सबूतों में सौरभ के जो नए घोटाले सामने आएंगे उन पर अलग से जांच कर एफआईआर दर्ज की जाएगी। इसके अलावा लोकायुक्त पुलिस ने तय किया है कि इस मामले की जांच पूरी होने के बाद फाइनल रिपोर्ट के आधार पर ही अन्य आरोपियों के नाम एफआईआर में जोड़ेगी। मामला विस में गूंजने के बाद इस केस की जांच में तेजी आई है। पिछले तीन माह में पंजीयन, परिवहन, बैंकों और अन्य विभागों से मिली जानकारी लोकायुक्त पुलिस के पास पहुंच गई है। लोकायुक्त पुलिस ने विगत 18 दिसंबर को सौरभ के ठिकानों पर छापा मारा था, जिसमें करोड़ों की प्रॉपर्टी मिली थी। इसके बाद आयकर, ईडी ने भी सौरभ और उससे जुड़े अलग-अलग ठिकानों पर छापेमारी कर लगभग 300 करोड़ की प्रॉपर्टी, कैश और गोल्ड जब्त किया था। फिलहाल इस केस में सौरभ और उसके दोनों पार्टनर शरद जायसवाल एवं चेतन सिंह गौर विगत 28 जनवरी से हिरासत में हैं। लोकायुक्त पुलिस ने आय से बेतहाशा अदिक संपत्ति के मामले में फिलहाल सौरभ, शरद और चेतन के अलावा उसकी पत्नी दिव्या तिवारी को सह आरोपी बनाया है, जबकि उसके ठिकानों से बरामद दस्तावेजों और सबूतों के आधार पर उसकी मां उमा शर्मा, जीजा विनय हासवानी, साले रोहित तिवारी और कुछ अन्य लोगों के नाम भी सामने आए हैं।

◆ विगत दिनों नेता प्रतिपक्ष सिंघार ने लोकायुक्त दफ्तर पहुंचकर कुछ सबूत दिए थे



### कायपान पान प्रोडक्ट लिमिटेड की जांच में 830 करोड़ रुपए का हेरफेर सामने आया

राजधानी में अलंकार ज्वेलर्स और गोल्डन सिटी प्रोजेक्टर पर किए गए आयकर सर्वे की कार्रवाई शुक्रवार को खत्म हो गई। दोनों प्रतिष्ठानों पर तकरीबन 24 घंटों तक चली दस्तावेजों की छीनबानी के बाद आयकर विभाग की टीमें कुछ दस्तावेज और बैंक ट्रांजेक्शन से जुड़े कागजात लेकर रवाना हो गई। इनका आकलन इनकम टैक्स की टीमों द्वारा किया जा रहा है। शुक्रवार देर रात तक दोनों प्रतिष्ठानों पर हुई कर चोरी का सही आंकड़ा आयकर विभाग से नहीं मिल सका था। हालांकि सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार दोनों स्थानों से अब तक लगभग 10 करोड़ की बेहिसाब आय मिली है, जिस पर टैक्स नहीं चुकाया गया। इधर, गुटखा बनाने वाली कायपान पान प्रोडक्ट लिमिटेड की जांच में 830 करोड़ रुपए का हेरफेर सामने आया है।

हबीबगंज थाना क्षेत्र स्थित ई-4 अरेरा कॉलोनी में हुई वारदात

# डॉक्टर के सूने मकान से दिनदहाड़े नगदी, मोबाइल और कारतूस चोरी

**आसपास लगे सीसीटीवी कैमरे के फुटेज चेक कर रही पुलिस**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल



हबीबगंज थाना क्षेत्र स्थित ई-4 अरेरा कॉलोनी में डॉक्टर के सूने मकान का ताला तोड़कर बदमाश 70 हजार रुपए की नगदी, मोबाइल और लाइसेंसी पिस्टल के 30 कारतूस चुराकर ले गए। घटना गुरुवार सुबह दस बजे से शाम चार बजे के बीच की बताई जा रही है। पुलिस ने डॉक्टर की शिकायत पर अज्ञात आरोपियों के खिलाफ नकबजनी का मामला दर्ज कर उनकी तलाश शुरू कर दी है।

पुलिस के अनुसार हबीबगंज डॉक्टर राजीव सक्सेना, ई-4 अरेरा कॉलोनी में रहते हैं। वे रिटायर्ड हैं और डीआईजी बंगले पर क्लीनिक चलाते हैं। उन्होंने पुलिस को शिकायत करते हुए बताया कि उनकी पत्नी और बेटा भी डॉक्टर हैं। गुरुवार सुबह करीब दस बजे सभी लोग अपनी ड्यूटी पर चले गए थे। शाम करीब चार बजे वापस लौटे तो घर का ताला टूटा मिला। अंदर जाकर देखा तो सामान बिखरा पड़ा था। चेक करने पर घर में रखी 70 हजार रुपए नगदी, एक मोबाइल और लाइसेंसी पिस्टल के 30 कारतूस समेत अन्य सामान नहीं था। पुलिस ने डॉक्टर राजीव की शिकायत पर प्रकरण दर्ज कर लिया है। पुलिस का कहना है कि डॉक्टर राजीव के घर सीसीटीवी कैमरे लगे हैं, लेकिन कैमरे खराब हैं। आसपास के मकानों में लगे सीसीटीवी कैमरे के फुटेज खंगाले जा रहे हैं।

### नशे के लिए वाहन चुराने वाले चार बदमाश गिरफ्तार



निशातपुरा पुलिस ने वाहन चोर गिरोह के 4 बदमाशों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने इनके पास से चोरी की एक कार 5 बाइक, 2 स्कूटी बरामद की है। आरोपी चोरी के वाहनों को बेचकर आपस में पैसा बांट लेते थे। पूछताछ में आरोपियों ने बताया कि वह नशे के खर्च के लिए वाहनों की चोरी करते हैं। ढाई माह में उन्होंने यह वाहन चोरी किए हैं। पुलिस के अनुसार सूचना मिली चार संदिग्ध युवक एक सफेद रंग की कार से पहुंचे है और नवीबाग रोड पर चाय पी रहे हैं। वे आपस में बात कर रहे हैं और बातों से लग रहा है कि कार चोरी की है। उसे बेचने के लिए ग्राहक तलाश रहे हैं। पुलिस ने घेराबंदी कर चारों को पकड़ा। कार के बारे में पूछताछ करने पर बताया कि उन्होंने एक महीने पहले कार को पन्ना नगर मैदान करोंद से चोरी किया है। उनसे सख्ती से पूछताछ करने पर 7 अन्य दो पहिया वाहन चोरी करना स्वीकारा। आरोपियों की पहचान नीफ कॉलोनी करोंद निवासी 25 वर्षीय मुश्ताक, फिजा कॉलोनी करोंद निवासी 25 वर्षीय मोहम्मद शाहरूख, भानपुर रोड निवासी 20 वर्षीय मोहम्मद यासिन, जहांगीराबाद निवासी फैजान उर्फ मुन्ना के रूप में हुई है। सभी आरोपियों का आपराधिक रिकॉर्ड है। जो साथ मे मिलकर चोरी कि वारदातों को अंजाम देते हैं। वाहनों को बेचकर अपना अपना हिस्से का बंटवारा करते हैं।

### दीप मोहनी गेट के पास महिला के गले से चेन झपटने का प्रयास

पिपलानी थाना क्षेत्र स्थित दीप मोहनी गेट के पास बाइक सवार बदमाशों ने गुरुवार शाम टहलने निकली महिला से चेन झपटने का प्रयास किया। महिला ने गले पर हाथ रख लिया और चेन बच गई। महिला ने घटना की शिकायत तत्काल पिपलानी पुलिस को की थी। पुलिस ने अज्ञात बाइक सवार बदमाशों के खिलाफ झपटमारी के प्रयास का मामला दर्ज कर उनकी तलाश शुरू कर दी है। पुलिस के अनुसार शैलश्री पटनायक (54) बिजली कॉलोनी आनंद नगर में रहती हैं और गृहणी हैं। गुरुवार शाम को वह टहलने के लिए घर से निकली थी। वह शाम करीब साढ़े 7 बजे एसओएस रोड की तरफ जा रही थी, तभी दीप मोहिनी गेट के पास पहुंचते ही बाइक सवार दो बदमाशों ने उनके गले पर झपट्टा मारकर चेन छीनने का प्रयास किया, लेकिन शैलश्री ने गले पर हाथ रख लिया, जिससे बदमाशों के हाथ में चेन नहीं आई। जब उन्होंने शोर मचाया तो दोनों बदमाश मौके से भाग निकले।



# मैनिट परिसर के जंगल में आग, दो घंटे में पाया काबू

पांच किमी दूर से आसमान में नजर आया धुआं

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मैनिट परिसर के अंदर जंगल में शुक्रवार शाम करीब साढ़े चार बजे अचानक भीषण आग लग गई। आग झाड़ियों में लगी थी, जिससे वह तेजी से पूरे क्षेत्र में फैल गई। आग की लपटें इतनी भयावह थी कि 10 से 20 फीट तक ऊंची उठ रही थीं। आग से उठता काला धुआं दूर शाहपुरा रोड से भी दिखाई दे रहा था, जिससे लोगों में दहशत फैल गई। जैसे ही आग चारों ओर फैलने लगी, मैनिट परिसर में भी अफरा-तफरी का माहौल बन गया। यह आग पं. खुशीलाल अस्पाल जाने वाले मार्ग में बिजली कंपनी के कार्याल्य के पास झाड़ियों में लगी थी।

सुरक्षाकर्मियों ने मैनिट प्रबंधन और फायर कंट्रोल रूम को इसकी सूचना दी, जिसके बाद माता मंदिर, पुल बोगदा और फतेहगढ़ फायर स्टेशन से दो-दो दमकल वाहन मौके पर रवाना किए गए। फायर ब्रिगेड की टीम ने करीब दो घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। समय पर दमकलें पहुंचने से आग परिसर की अन्य महत्वपूर्ण इमारतों और आवासीय क्षेत्रों तक नहीं पहुंच पाई अन्यथा बड़ा नुकसान हो सकता था। हालांकि आग से जंगल क्षेत्र की झाड़ियों को काफी नुकसान पहुंचा है। अगर समय रहते आग पर काबू नहीं पाया जाता तो काफी नुकसान हो सकता था। मैनिट प्रबंधन और नगर निगम आग लगने के पीछे की वजह की जांच में जुटे हुए हैं। अनुमान लगाया जा रहा है कि झाड़ियों में पड़े कचरे की वजह से आग लगी होगी। प्रबंधन ने परिसर के अंदर साफ-सफाई को और पुख्ता करने का निर्णय लिया है। कोलार फायर स्टेशन के प्रभारी पंकज खरे ने बताया कि झाड़ियों में आग लगने की जानकारी लगते ही टीमें मौके पर रवाना हो गईं। मेन रोड से काफी नीचे आग लगी है। इसलिए पाइप बिछाकर आग पर काबू पाया जा सका।

### ऑनलाइन ठगी करने वाले 6 दोषियों को 3 साल की सजा

**भोपाल।** मोबाइल फोन के माध्यम से ऑनलाइन लॉटरी के नाम पर राशि दुगना करने का झांसा देकर ठगी करने वाले आरोपियों विपिन सिंह ठाकुर, संतोष, पुनीत पटेल, अनिल सोनी, राजीव और अमृतलाल को अपर सत्र न्यायाधीश अजय नील करोठिया ने दोषी ठहराते हुए 3 वर्ष के सश्रम कारावास और 2-2 हजार रुपए के अर्थ दण्ड से दंडित किया है। आरोपियों ने जून 2012 से जुलाई 2013 के बीच फरियादरियों को अलग-अलग मोबाइल नंबरों से खुद और विदेशी राष्ट्र में बैठे हुए सह आरोपियों से फोन कराकर फर्जी तरीके से 15 से 25 लाख रुपए की लॉटरी खुलने का झांसा दिया। साथ ही यह भी प्रलोभन दिया की उन लोगों के बताए गए विभिन्न बैंक खातों में पैसा जमा करने के बाद ही लॉटरी की राशि का भुगतान मिलेगा। इस तरह आरोपियों ने हीरालाल से 2 लाख 20 हजार रुपए, रेखा से 40 हजार रुपए व इमरतलाल से 56 हजार रुपए ऑनलाइन अपने खाते में जमा कराकर उन्हें ठग लिया था। साइबर क्राइम पुलिस ने फरियादियों की रिपोर्ट पर आरोपियों के विरुद्ध धोखाधड़ी का अपराध पंजीबद्ध कर आरोपियों को गिरफतार कर न्यायालय में अभियोग पत्र प्रस्तुत किया था।

# पार्षदों को बिना बताए ही पास कर दिया जाता है बजट, नहीं देते कोई जानकारी

**नौ पार्षदों ने लगाया आरोप, कलेक्टर और विधायक से करेंगे शिकायत**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ औबेदुल्लागंज



नगर परिषद का यह तीसरा बजट है, जिसमें पार्षदों को यह तक पता नहीं है कि परिषद का सालाना बजट कितने का होता है। सीएमओ, अध्यक्ष पार्षद को बजट की जानकारी नहीं देते कि किस मध्य में कितना पैसा आता है। नपा उपाध्यक्ष नमिता बागीश अग्रवाल, पार्षद भारती सेठी, पार्षद हेमलता चौरसिया, पार्षद राजेश खटीक, प्रीति अनूप चौधरी आदि नौ पार्षदों ने सीएमओ से मांग करी है कि उन्हें बजट की और तीन साल में पीआईसी में कितने प्रस्ताव पास किए गए हैं उनकी जानकारी दी जाए। अग्रवाल पांच पार्षदों के साथ कलेक्टर और विधायक से शिकायत करने की बात कही हैं।

### किसी भी पार्षदों से नहीं लेते कोई सलाह

नगर परिषद के तीन बड़े लोग मिलकर काम कर लेते हैं। किसी प्रकार की कोई सलाह नहीं ली जाती। 2023-24 एवं 2025 का बजट पेश हुआ, उसे बजट का पार्षदों को पता ही नहीं, कि बजट में किस मध्य में कितना पैसा आया और कहां-कहां खर्च हुआ, जबकि परिषद के हर पार्षद को बजट की एक-एक प्रति देना चाहिए, मगर बजट की प्रति किसी को नहीं दी गई। इसीलिए पार्षदों में असंतोष बढ़ता जा रहा है। प्रभारी सीएमओ राजकुमार शर्मा ने बताया कि मुझे जॉइन किए हुए ज्यादा समय नहीं हुआ है। बजट पेश करने में क्या हुआ, मुझे नहीं मालूम। मगर आगे से नियम अनुसार बजट पेश होगा।



### पूर्व नपा अध्यक्ष ने किया होली मिलन समारोह आयोजित

**मंडीदीप।** औद्योगिक नगर में वार्ड 23 में नपा के पूर्व अध्यक्ष उमेश पाल ने होली स्नेह मिलन समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम में सैकड़ों कार्यकर्ताओं ने उत्साह के साथ कार्यक्रम में हिस्सा लिया। सभी ने एक-दूसरे को गुलाल लगाकर होली की शुभकामनाएं दीं। इस दौरान आपसी सौहार्द्र और एकता का संदेश भी दिया गया। इस अवसर पर पूर्व जिला अध्यक्ष राजेन्द्र अग्रवाल, गोविंद शर्मा, बद्रीसिंह चौहान, जीवनसिंह पाल, कैलाश गुप्ता, उधमसिंह पाल, जगदीश शर्मा, कपिल पाल, सुनील पाल, लोचन पाल सहित बड़ी संख्या में समाजसेवी मौजूद रहे।

# पीआईसी से पास 212 करोड़ का बजट, 28 को परिषद की बैठक में रखा जाएगा प्रस्ताव

**पीआईसी की बैठक में बजट के अलावा 15 प्रस्तावों पर भी की गई चर्चा**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मंडीदीप



नगर पालिका कार्यालय में प्रेसिडेंट इन काउंसिल (पीआईसी) की बैठक में वित्तीय वर्ष 2025-26 के अनुमानित 212 करोड़ की राशि के बजट पर चर्चा की गई। जिस पर पीआईसी के सभी 7 सदस्यों ने एक मत होकर अनुमोदन कर दिया। इसके अलावा भी कई मुद्दों पर चर्चा की गई।

सीएमओ प्रशांत जैन ने बताया कि बजट के अलावा बैठक में 15 प्रस्ताव पर भी चर्चा की गई। इनमें मुख्य रूप से 4 ट्रैक्टर, 2 ट्रॉली, 10 टैंकर, पाइपलाइन खरीदने, उद्यान शाखा अन्तर्गत वित्तीय 2025-26 के लिए रख-रखाव, सौंदर्याकरण एवं पौधेरोपण वार्षिक दरों को निविदा के माध्यम से कार्य कराने, वार्ड 14 में बनने वाले सार्वजनिक शौचालय निर्माण कार्य की निविदा निरस्त कर पुनः निविदा आमंत्रित किए जाने, वार्ड क्र. 10 में अस्थाई ट्रेंचिंग ग्राउंड को आयरन प्रोफाइल शीट से कवर करने की प्रशासकीय स्वीकृति दी गई।

इसके अलावा बैठक में वार्ड 23 मंडी क्षेत्र दाहोद रोड पर पूर्व निर्मित श्मशान घाट का सौंदर्याकरण एवं विकास कार्य की दर स्वीकृति करने, जल शाखा में गर्मी के मौसम के लिए 10 अस्थाई कर्मियों की भर्ती करने सहित अन्य बिंदुओं पर चर्चा की गई। उन्होंने बताया कि पीआईसी से पास होने के बाद बजट को 28 मार्च को होने वाली परिषद की बैठक में पारित कराया जाएगा।

**धोखाधड़ी महिला के खातों से लाखों रुपए अन्य खातों में ट्रांसफर कर निकाले**

# एसबीआई के असिस्टेंट मैनेजर ने किया 23 लाख रुपए का गबन, 5 साल बाद दर्ज की गई एफआईआर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल



भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) इंदौर की बिचोली मर्दाना शाखा में पदस्थ रहे असिस्टेंट मैनेजर दिनेश डोंगरे के खिलाफ सीबीआई ने एफआईआर दर्ज की है। उनके खिलाफ धोखाधड़ी और गबन जैसे अपराधों के लिए अलग-अलग धाराओं में मुकदमा दर्ज किया गया है। डोंगरे ने पद पर रहते हुए एक महिला के खातों से लाखों रुपए न केवल अन्य खातों में ट्रांसफर कर दिए, बल्कि दस लाख रुपए नकद भी निकाल लिए। उनके खिलाफ बैंक प्रबंधन द्वारा भेजी गई शिकायत के बाद सीबीआई ने जांच की और आरोप प्रमाणित पाए गए। खुलासा हुआ कि डोंगरे की वजह से बैंक प्रबंधन को लगभग 23 लाख का नुकसान हुआ था। मामला पांच साल पुराना है।

एसबीआई की ब्रांच में पदस्थ डोंगरे ने 1 जून, 2020 को एक महिला की 23 लाख रुपए की एफडी का भुगतान अन्य बैंक खातों में कर दिया था। धोखाधड़ी को अंजाम देने के लिए डोंगरे ने एक प्लान तैयार किया। उन्होंने एफडी के मैच्योर होने पर मिली रकम को पहले तो जनक पाल्टा के खाते में ही जमा कराया। इसके बाद डोंगरे ने धोखाधड़ी कर उनके खाते से ये रकम पंकज जीनवाल नामक व्यक्ति के खाते में ट्रांसफर कर दी। जांच में सामने आया है कि यह रकम बाद में अलग-अलग खातों में भेजी की गई। इसके बाद असिस्टेंट मैनेजर ने जीनवाल के खाते से 10 लाख रुपए कैश निकाल लिया। इसके बाद 4 जून, 2020 को डोंगरे ने पंकज जीनवाल के खाते में अपना मोबाइल नंबर धोखाधड़ी से अपडेट कर दिया। इससे ओटीपी के जरिए उन्हें इस बैंक खाते का लेनदेन करने की अनुमति मिल गई। इसके बाद डोंगरे ने अपने मोबाइल नंबर पर आए ओटीपी का उपयोग करके कई इंटरनेट बैंकिंग लेनदेन किए।

### जांच में हुआ खुलासा

स्टेट बैंक के आला अफसरों को इसकी शिकायत मिली तो, डोंगरे के खिलाफ आंतरिक जांच की और बैंक का आडिट कराया गया। इसके बाद स्टेट बैंक के भोपाल स्थित लोकल हेड क्वार्टर (एलएचओ) ने इस मामले में डोंगरे की आर्थिक अनियमितताओं पाए जाने पर सीबीआई को प्रकरण पंजीबद्ध करने के लिए लिखा। सीबीआई ने अपनी जांच में पाया कि डोंगरे की वजह से बैंक को लाखों का नुकसान हुआ। सीबीआई ने अब उनके खिलाफ भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम की धारा 13(2) और 13(1)(ए) के तहत मामला दर्ज किया है। सीबीआई भोपाल के एंटी करप्शन ब्यूरो के एसपी शुभेंद्र कट्टा ने मामले की जांच इंस्पेक्टर शिल्पा शर्मा को सौंपी है।

# रमजान माह के तीसरे जुमा के साथ अंतिम अशरा शुरू

हरिभूमि न्यूज ▶▶ औबेदुल्लागंज



रमजान के पवित्र माह के तीसरे जुमा के साथ अंतिम अशरा शुरू हुआ। सदर गुड्डु मियां, उप सदर सलीम, अफसर, अकिल मियां, आमिर ममनून, सगीर, नफीस, आमीन, सुहेल सिद्दीकी, मेहमूद बेग, सोहन, रईस खान, नफीस खान, आसिफ पठान, राजा सिद्दीकी, इजराइल आदि ने बताया कि शुक्रवार से अंतिम अशरा शुरू हुआ, इसे जहन्नुम की आग से निजात का अशरा कहा जाता है।

इस दौरान लोग मस्जिदों में ऐतिकाफ के लिए बैठेंगे। रमजान के तीसरे अशरे में पांच खास रातें होती हैं, जिन्हें शब ए कद्र कहा जाता है। यह रातें 21वीं, 23वीं, 25वीं, 27वीं, 29वीं होती है। इनमें की गई इबादत और दुआओं की विशेष अहमियत होती है। खास तौर पर 27वीं रमजान की रात को सबसे महत्वपूर्ण माना जाता है। इन रातों में लोग मस्जिदों में और महिलाएं व बच्चे घरों में जाग कर इबादत करते हैं। 21वें रोजे से तीसरे अशरे की शुरुआत होती है। जो 29वें या 30वें रोजे तक चलता है। इस दौरान लोग खुदा से जहन्नुम की आग से निजात की दुआएं मांगते हैं।

# यह फैसला असंवैधानिक और तुष्टिकरण की पराकाष्ठा, विरोध पर उठाकर बाहर फेंका

## अन्य पिछड़ा वर्ग के आरक्षण में सेंधमारी...राहुल गांधी के कहने पर यह किया

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

भाजपा ने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर कर्नाटक की कांग्रेस सरकार को घेरा और उन पर तुष्टिकरण की राजनीति करने का आरोप लगाया। भाजपा प्रवक्ता और सांसद संबित पात्रा ने कर्नाटक में सरकारी ठेकों में मुस्लिमों को 4 प्रतिशत आरक्षण देने पर सवाल उठाए। उन्होंने कहा कि कर्नाटक में सरकारी ठेकों में चार प्रतिशत ठेके मुसलमानों को दिया जाएगा। यह आरक्षण अन्य पिछड़ा वर्ग के आरक्षण के सेंधमारी करके कर्नाटक सरकार ने राहुल गांधी के कहने पर मुसलमानों को दिया है।

कर्नाटक में मुस्लिम आरक्षण के मुद्दे पर भड़की भाजपा, प्रवक्ता पात्रा बोले



### यह एक तरह का कॉन्ट्रैक्ट जिहाद

पात्रा ने कहा कि पं.जवाहरलाल नेहरू के प्रधानमंत्री बनने की महत्वाकांक्षा के चलते इस देश के दो टुकड़े हुए। अब उसी राह पर चलते हुए राहुल ने ये आरक्षण दिया है और ये कहना अतिशयोक्ति नहीं होगी कि यह भविष्य में 100 प्रतिशत भी हो सकता है। यह जिहाद की राजनीति है। पहले वक्फ बोर्ड को जमीन देकर गांव के गांव हड़पे गए। उसी तरह आर्थिक जिहाद हुआ, जब वक्फ बोर्ड के विकास के लिए बहुत बड़ा पैकेज दिया गया है। अब कॉन्ट्रैक्ट जिहाद हो रहा है, जिसमें मुसलमानों को चार प्रतिशत ठेके दिए जाएंगे।

### राहुल राजनीतिक रूप से अयोग्य

पात्रा ने कहा कि अन्य पिछड़ा वर्ग, एससी और एसटी वर्ग के लोगों को कर्नाटक सरकार के फैसले के खिलाफ एकजुटता दिखानी चाहिए। यह गैर संवैधानिक है। यह फैसला तुष्टिकरण की पराकाष्ठा है। राहुलकहीं न कहीं राजनीतिक रूप से अनफिट हैं और इसी वजह से वे तुष्टिकरण के माध्यम से अपनी राजनीतिक महत्वकांक्षाओं को आगे बढ़ाने की कोशिश कर रहे हैं।

### कर्नाटक ने मुस्लिम बजट बनाया, राहुल बने आलमगीर राहुलजेब

पात्रा ने कहा कि कर्नाटक सरकार का ये बजट मुस्लिम बजट है। जिसमें इमामों को छह हजार का भत्ता, मुस्लिमों को 50 हजार की सहायता, वक्फ संपत्तियों और कब्रिस्तानों के विकास के लिए 150 करोड़, ऊर्दू स्कूलों के लिए 100 करोड़, मुस्लिम बहुल इलाकों में आईटीआई कॉलेज के लिए पैसा, बंगलूरू में हज भवन का विस्तार, मुस्लिम कॉलोनियों के विकास के लिए हजार करोड़ बजट में आवंटित किए गए हैं। पात्रा ने राहुल को आलमगीर राहुलजेब कहकर कटाक्ष किया।

कर्नाटक विधानसभा में भारी बवाल



### भाजपा विधायकों को उठा-उठाकर किया गया बाहर

कर्नाटक में सरकारी ठेकों में मुस्लिमों को 4 प्रतिशत आरक्षण देने पर बवाल मचा हुआ है। कर्नाटक विधानसभा से जो तस्वीरें सामने आई वो चौंकाने वाली थीं। भाजपा विधायक इस कोटे का विरोध कर रहे थे, इसे लेकर विधायकों को मार्शलों ने उठा-उठाकर बाहर फेंक दिया। कर्नाटक विधानसभा में हंगामे के चलते 18 विधायकों को निलंबित कर दिया गया. इन सदस्यों पर स्पीकर के आदेशों की अवहेलना करने, अनुशासनहीन और असम्मानजनक आचरण करने का आरोप लगाया गया है। डोड्डनगौड़ा एच. पाटिल (विपक्ष के मुख्य सचेतक) समेत 16 विधायकों को बाहर फेंक दिया।

### निलंबन में ये प्रतिबंध भी लगाए गए

- विधानसभा हॉल, लॉबी और गैलरी में प्रवेश पर रोक
- किसी भी स्थायी समिति की बैठकों में भाग लेने की अनुमति नहीं
- इनके नाम से विधानसभा एजेंडे में कोई विषय सूचीबद्ध नहीं किया जाएगा
- इनके द्वारा जारी किसी भी निर्देश को स्वीकार नहीं किया जाएगा
- समिति चुनावों में मतदान का अधिकार नहीं होगा

---

## खबर संक्षेप

### अंसारी का बेटा अब्बास ढाई साल बाद रिहा

**कासगंज।** मुख्तार अंसारी का विधायक बेटा अब्बास अंसारी ढाई साल से भी अधिक समय तक जेल में रहने के बाद शुक्रवार को बाहर आ गया। अब्बास को 7 मार्च को सुप्रीम कोर्ट से कई शर्तों पर अब्बास अंसारी को जमानत मिली थी। करीब 15 दिनों बाद कोर्ट का परवाना कासगंज जेल पहुंचा। यह परिवार के लिए बड़ी खुशी है। वे खुदा की मेहरबानी मान रहे हैं।



### दिल्ली में रियल लाइफ के बंटी-बबली गिरफ्तार

**नई दिल्ली।** दिल्ली में रियल लाइफ के बंटी और बबली को गिरफ्तार किया गया है। ये दोनों चोर बॉलीवुड फिल्म बंटी और बबली से प्रेरित थे और राहगीरों से मोबाइल छीनने जैसी तमाम घटनाओं को अंजाम देते थे। इन्हें कृष्णा नगर पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। यह जोड़ा अपनी ऐशो-आराम की जिंदगी जीने के लिए स्नैचिंग की वारदातों को अंजाम दे रहा था।



### हाईकोर्ट में मकबरे को हटाने याचिका दाखिल

**मुंबई।** देशभर में मुगल बादशाह औरंगजेब के मकबरे को हटाने का मुद्दा चर्चा में बना हुआ है। बॉम्बे हाईकोर्ट में औरंगजेब के मकबरे को हटाने के लिए जनहित याचिका भी दायर की गई है। केतन तिरोडकर नाम के शख्स ने बॉम्बे हाईकोर्ट में एक जनहित याचिका दायर की है, जिसमें कब्र को ध्वस्त करने और उसे राष्ट्रीय स्मारकों की सूची से हटाने का निर्देश देने की मांग की है।



### न्यायमूर्ति टंडन उड़ीसा हाईकोर्ट के सीजे बने

**भुवनेश्वर।** न्यायमूर्ति हरीश टंडन उड़ीसा उच्च न्यायालय के नए मुख्य न्यायाधीश होंगे। न्यायमूर्ति टंडन को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू द्वारा उड़ीसा न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश के रूप में नियुक्त किया गया है। सुप्रीम कोर्ट कॉलेजियम ने उनकी नियुक्ति की सिफारिश की थी। न्यायमूर्ति हरीश टंडन वर्तमान में कोलकाता उच्च न्यायालय में न्यायाधीश हैं।



### भारद्वाज दिल्ली के अध्यक्ष सिसोदिया पंजाब के प्रभारी

**नई दिल्ली।** आम आदमी पार्टी की पॉलिटिकल अफेयर्स कमेटी की बैठक में संगठन को मजबूत करने पर फैसला लिया गया। 4 राज्यों में प्रभारी बनाने पर सहमति हुई। गुजरात में गोपाल राय प्रभारी, दुर्गेश पाठक सह प्रभारी, गोवा में पंकज गुप्ता प्रभारी, पंजाब में मनीष सिसोदिया प्रभारी और सतेंद्र जैन सह प्रभारी, छत्तीसगढ़ के लिए संदीप पाठक प्रभारी बनाए गए हैं।



---

## संसद में गरजे गृहमंत्री शाह- संपूर्ण विपक्ष को आईना दिखाया

# आतंकवाद, नक्सलवाद व उग्रवाद देश के लिए नासूर, आतंकी दिखे तो माथे पर गोली मारेंगे

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह राज्यसभा में जमकर गरजे। उन्होंने कहा कि वह जमाना गया जब वोट बैंक खोने के डर से आतंकी घटनाओं पर लचर प्रक्रिया थी। यह मोदी सरकार है जिसमें जम्मू कश्मीर के आतंकवाद, वामपंथी उग्रवाद और उत्तर पूर्व के उग्रवाद के प्रति जीरो टोलरेंस है।

आतंकियों को देखकर हम सीधे गोली मारते हैं। इन 3 समस्याओं के चलते चार दशक में देश के 92 हजार नागरिक मारे गए। ये नासूर बन गई थी जिसे खत्म करने के लिए सुनियोजित प्रयास कभी नहीं हुआ था। अमेरिका और इजराइल के बाद भारत तीसरा देश बन गया है जो आंतकवादियों का सफाया पड़ोसी मुल्क में घुसकर करता है। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने राज्यसभा में गृह मंत्रालय के कामकाज पर चर्चा का जवाब दिया। इस दौरान उन्होंने आतंकवाद पर करारा हमला बोलते हुए सरकार की जीरो टॉलरेंस की नीति का जिक्र किया। उन्होंने अनुच्छेद 370 समेत तमाम मुद्दों पर कांग्रेस समेत विपक्ष को घेरा। हमने आतंकवाद को मुंहतोड़ जवाब दिया।

> वह जमाना गया जब वोट बैंक की खातिर आतंकी घटनाओं पर सरकारें लचर रहीं

उस दौरान इसी लक्ष्य पर रही कांग्रेस

विपक्ष पर तंज- नजर में आतंकी तो सपने में भी आएगा



### बलिदानियों का कोटि-कोटि आभार

शाह ने कहा कि 21 सदस्यों ने सदन में अपने विचार रखे। एक तरह से गृह मंत्रालय के अनेक कार्यों के आयामों को समेटने का प्रयास किया गया। सबसे पहले मैं उन हजारों राज्य पुलिस और केंद्रीय अर्धसैनिक बलों के जवानों के प्रति आभार व्यक्त करता हूं, जिन्होंने देश की आंतरिक सुरक्षा के साथ-साथ सीमाओं को मजबूत करने के लिए अपना सर्वोच्च बलिदान दिया।

### 31 मार्च 2026 तक खत्म हो जाएगा वामपंथी उग्रवाद

शाह ने कहा कि नरेंद्र मोदी सरकार की नीति आतंकवाद को कतई बर्दाश्त नहीं करने की रही है। उन्होंने कहा कि संविधान की धारा 370 को हटा कर मोदी सरकार ने संविधान निर्माताओं के 'एक संविधान, एक ध्वज' सपने को पूरा किया। उन्होंने कहा कि कश्मीर में सिनेमा हॉल अब शाम में भी खुले रहते हैं, जी20 की बैठक हुई, मुहर्रम का जुलूस भी निकला। उन्होंने दावा किया कि मोदी सरकार के दौरान जम्मू कश्मीर में आतंकवादी घटनाओं में होने वाली मौतों में 70 फीसदी की कमी आई है। आतंकी घटनाएं भी तेजी से कम हुईं।

### अमेरिका-इजराइल के बाद भारत ने घुसकर दिया जवाब

गृह मंत्री शाह ने कहा कि पहले हमलों के बाद कोई कार्रवाई नहीं की जाती थी और मामले लंबित रहते थे, लेकिन मोदी के सत्ता में आने के बाद पुलवामा हमले के 10 दिनों के भीतर ही हमने पाकिस्तान में घुसकर हमला किया। पूरी दुनिया में केवल दो ही देश हैं जो अपनी सीमाओं और रक्षा बलों की रक्षा के लिए हमेशा तैयार रहते हैं। इजराइल और अमेरिका के बाद और पीएम मोदी ने इस सूची में हमारे महान राष्ट्र का नाम भी जोड़ दिया है।

### हमने लाल चौक पर हर घर पर तिरंगा फहराया

अमित शाह ने कहा कि 'हर घर तिरंगा' अभियान के तहत लाल चौक पर हर घर पर तिरंगा फहराया गया। उन्होंने वहां जन्माष्टमी, सरस्वती पूजा और खीर भवानी की पूजा होने की ओर भी ध्यान दिलाया। शाह ने कहा कि पहले आतंकवादियों के मारे जाने पर बड़े-बड़े जुलूस निकलते थे किंतु आज कोई जुलूस नहीं निकलता और आतंकवादी जहां मारे जाते हैं, उनको वहीं दफना दिया जाता है। उन्होंने कहा कि आतंकवाद और आतंकवाद के समर्थकों पर सरकारी नौकरियों, पासपोर्ट, सरकारी ठेकों में प्रतिबंध लगा दिया गया है।

**कश्मीर में बवाल कराने वाली हुर्रियत को गाड़ दिया :** शाह ने कहा कि हुर्रियत वाले कश्मीर में बवाल किया करते थे। हमारी सरकार ने हुर्रियत को जमीन में गाड़ दिया। 2019 से 2024 के बीच में हुर्रियत जैसे 14 आर्गेनाइजेशन बैन कर दिए गए। एक साथ देश के 24 राज्य में रेड डालकर एक एक को गिरफ्तार किया। हुर्रियत के साथ एक समय में बात करते थे. आतंवकवाद से बात करने के लिए मीडिएटर बनते थे। पीएफआई पूरा सदन जानता है।

भाषा विरोध पर डीएमके को जवाब

### हिम्मत हो तो मेडकिल-इंजीनियरिंग का कोर्स तमिल में करके दिखाएं



शाह ने कांग्रेस की सरकारों पर करारा हमला किया। उन्होंने कहा कि ाषा को लेकर सवाल उठाने वाले दक्षिण के नेताओं को जवाब दिया है। हिंदी हमारी मां है, लेकिन हमने मातृभाषा को इज्जत दी है। अगर आप में हिम्मत हो तो मेडकिल और इंजीनियरिंग का कोर्स तमिल में करके दिखाओ। हमारी सरकार आई तो ऐसा करके दिखाएंगे।

---

## नड्डा और बिरला ने साल में एक बार स्वास्थ्य जांच कराने का किया अनुरोध

# लोकसभा में तपेदिक के मामले पर देखने को मिला रोचक हास्य-विनोद

हरिभूमि ब्यूरो ⏭ नई दिल्ली



लोकसभा में शुक्रवार को तपेदिक (टीबी) के मामले पर लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला और केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री जेपी नड्डा के बीच हास्य विनोद का एक रोचक वाकया देखने को मिला। प्रश्नकाल में विभिन्न राजनीतिक दलों के सांसदों द्वारा पूछे जा रहे प्रश्नों के जवाब के दौरान नड्डा ने सदन के सभी सदस्यों से साल में एक बार अनिवार्य रूप से विस्तृत स्वास्थ्य जांच कराने का अनुरोध किया।

लोकसभा अध्यक्ष ने बीच में हस्तक्षेप करते हुए नड्डा को नसीहत देते हुए कहा कि अपनी नहीं अपने क्षेत्र की आम जनता की साल में एक बार व्यापक स्वास्थ्य जांच कराने के लिए कहिए। नड्डा ने लोकसभा अध्यक्ष की नसीहत को विनम्रता से स्वीकार करते हुए कहा कि जनता की चिंता तो स्वास्थ्य मंत्रालय कर रहा है। लेकिन सदन में कई लोग ओवरवेट हैं। इसलिए जब वे अपना स्वास्थ्य ठीक रख पाएंगे तभी जनता का भी रख पाएंगे।

### पानी से नहीं, हवा से फैलता है तपेदिक

कांग्रेस के लोकसभा में उपनेता गौरव गोगोई के असम के चाय बागान से जुड़े लोगों को गंदे पानी की वजह से टीबी होने के एक सवाल के जवाब में केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जेपी नड्डा ने कहा कि तपेदिक हवा से फैलने वाली बीमारी है। जो मरीज के निकट संपर्क में आने से होता है। लेकिन इसका पानी से कोई संबंध नहीं है। जहां तक चाय बागान का सवाल है तो बाकी देश की तरह यहां भी मंत्रालय द्वारा कराई जा रही लोगों की स्क्रीनिंग की प्रक्रिया जारी है। कम समय में ज्यादा सैंपलों की जांच करने के लिए जरूरी एक्स-रे मशीन का प्रयोग किया जा रहा है। इसकी खासियत यह है कि यह मशीन एक समय में एक साथ 32 सैंपलों की जांच कर सकती है। एआई की इसमें अहम भूमिका है। केंद्रीय मंत्री ने गोगोई को अपने जवाब के साथ ही मामले पर राजनीति न करने की सलाह दी और कहा कि चाय बागान को लेकर हम क्या काम कर रहे हैं? इस पर उन्हें विस्तृत जानकारी अलग से भी भेज दी जाएगी।

---

## राष्ट्रगान पर बवाल के बीच राजनीति

# लालू परिवार के हमले पर जदयू ने दिखाई पुरानी फोटो

एजेंसी ⏭ पटना

राष्ट्रगान के अपमान पर सियासी घमासान जारी है। राष्ट्रगान विवाद पर राजद ने सीएम नीतीश कुमार पर जमकर हमला बोला। अब सीएम नीतीश कुमार की पार्टी ने लालू परिवार पर पलटवार किया है। जदयू के एमएलसी और मुख्य प्रवक्ता नीरज कुमार ने विधान परिषद परिसर में एक तस्वीर दिखाई। इसमें राजद सुप्रीमो लालू यादव राष्ट्रगान के वक्त बैठे हुए थे। नीरज ने कहा कि राष्ट्रवाद का प्रमाण पत्र देने वाले आरजेडी के नेताओं को अपने इतिहास को याद करना चाहिए। यह तस्वीर 2002 की है, जब मार्च फास्ट चल रहा था और उस वक्त आरजेडी की नेता और मुख्यमंत्री राबड़ी राष्ट्रीय गान के दौरान कुर्सी पर बैठी रही थीं। नीरज ने आरोप लगाया कि उस वक्त के राज्यपाल पुरस्कार वितरण कर रहे थे।



---

## केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री चौहान ने मंत्रालय की अनुदान की मांगों पर दिया जवाब

# कृषि में विविधीकरण पर लगातार ध्यान, किसान की मजबूती से देश लगातार समृद्ध होगा: चौहान

कहा, 10 हजार नए एफपीओ बनाए, किसानों के आनलाइन व्यापार के लिए ई-नाम की व्यवस्था

हरिभूमि ब्यूरो ⏭ नई दिल्ली

केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने शुक्रवार को लोकसभा में कृषि मंत्रालय से संबंधित अनुदान की मांगों पर चर्चा के दौरान कहा कि मोदी सरकार की नीति-रीति किसानों को सशक्त करने की है। किसान मजबूत होगा तो देश समृद्ध होगा। उन्होंने विपक्ष पर निशाना साधते हुए कहा कि जिन्होंने खेत नहीं देखे, पगडंडियां नहीं देखी, मिट्टी नहीं जानते, वे किसान हित की बात करते हैं। उन्होंने कहा कि कृषि एवं किसान कल्याण को प्राथमिकता देने के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को धन्यवाद देता हूं। खाद्यान्न एवं फल-सब्जियों के उत्पादन व उत्पादकता में लगातार वृद्धि हो रही है, इसके पीछे प्रधानमंत्री की सुव्यवस्थित रणनीति, अनेक प्रयास किए जा रहे हैं।

### इस बीच खेती में बढ़ा निवेश



चौहान ने कहा कि उर्वरकों के संतुलित उपयोग का काम हो रहा है। खेती में निवेश बढ़ा है और अल्पकालिक ऋण में भी काफी वृद्धि हुई है। कृषि यंत्रीकरण के काम में भी तेजी आई है जिससे किसानों के लिए सुविधाएं बढ़ी हैं। प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना से देश के करोड़ों किसान भाइयों-बहनों को सहायता मिल रही है। इस योजना ने छोटे किसानों की जिंदगी बदलने का काम किया है। उन्होंने बताया कि 2.54 लाख करोड़ रुपए से ज्यादा खाद सब्सिडी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने किसानों के लिए दी है। मोदी सरकार ने किसानों को राहत दी है। चौहान ने कहा कि हम किसानों को किसी भी कीमत पर महंगी खाद नहीं खरीदने देंगे।

### 10 हजार नए एफपीओ बनाए

चौहान ने बताया कि हमने 10 हजार नए एफपीओ बनाए। किसानों के आनलाइन व्यापार के लिए ई-नाम की व्यवस्था भी की। सरकार ने लागत पर कम से कम 50 प्रतिशत मुनाफा जोड़कर एमएसपी तय की। किसानों से एमएसपी पर खरीदी मोदी सरकार के समय में सर्वाधिक 22.38 लाख करोड़ की हुई है। सरकार ने पीएम-आशा योजना बनाई और इसके अंतर्गत सोयाबीन सहित अन्य उपज की रिकार्ड खरीदी की। कर्नाटक, महाराष्ट्र सहित अन्य राज्यों में भी खरीद की समय-सीमा बढ़ाई, कहीं भेदभाव नहीं किया। बाजार हस्तक्षेप योजना बनाई ताकि उपज के भाव कम होने पर किसानों को नुकसान न हो।

---

## अब दिल्ली में मेरठ जैसी दरिंदगी, महिला मित्र के हत्यारे गिरफ्तार

# पहले गला घोंटा फिर हाथ-पैर बांधकर शव को नाले में फेंका

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

अब दिल्ली में मेरठ जैसी दरिंदगी सामने आई है। एक युवक ने कार में अपनी महिला मित्र की गला घोंटकर हत्या कर दी। वह दूसरे लड़कों से बातचीत करने से नाराज बताया जा रहा है। उसने शव ठिकाने लगाने के लिए वह काफी देर तक कार में इधर उधर घूमता रहा और फिर एक दोस्त की मदद से छावला में पहुंचा, जहां उसने नजफगढ़ नाले में शव फेंक दिया। शव बाहर न निकले, आरोपियों ने हाथ-पैर को रस्सी से बांधकर उसमें पत्थर बांध दिया, लेकिन 5 दिन के बाद ही शव पानी से बाहर निकल गया और छावला थाना पुलिस ने शव बरामद कर लिया। हत्या के इस मामले की जांच करते हुए पुलिस ने आरोपियों आसिफ और जावेद उर्फ जुबैर को गिरफ्तार कर लिया।

### मृतका कॉल सेंटर में करती थी काम, लाश बरामद



#### आसिफ व साथी के लिए मौत की सजा की मांग

मृतका कोमल की दादी विमला ने कहा कि उसकी पोती की आसिफ से कोई दोस्ती नहीं थी। उन्होंने दोनों आरोपियों के लिए मौत की सजा की मांग की है। दादी ने बताया कि जावेद उर्फ जुबैर उसके पड़ोस में रहता था, जबकि आसिफ सुंदर नगरी के ओ ब्लॉक में रहता था। कोमल के परिवार की जावेद और उसके परिवार से कोई बातचीत नहीं थी।

#### परिजनों ने की पहचान

इसी बीच नंद नगरी से लापता एक युवती के परिजनों ने शव की पहचान बेटी कोमल के तौर पर की। उन्होंने बताया कि कोमल 12 मार्च से लापता थी। इस बाबत नंद नगरी थाने में शिकायत की थी। छावला पुलिस ने हत्या का मामला दर्ज कर लिया।

### सड़ी-गली अवस्था में मिली लाश

मृतका की पहचान कोमल के रूप में हुई है। वह सुंदर नगरी में रहती थी और कॉल सेंटर में काम करती थी। द्वारका जिला पुलिस उपायुक्त अंकित सिंह ने बताया कि 17 मार्च को छावला थाना पुलिस को नजफगढ़ नाले में युवती का शव होने की जानकारी मिली थी। पुलिस ने शव नाले से बाहर निकाला। शव सड़ी-गली अवस्था में था। छावला पुलिस ने शव मिलने की जानकारी दिल्ली की सभी थाना पुलिस को दे दी।

---

## नागपुर हिंसा पर ताबड़तोड़ कार्रवाई

# अब तक 99 उत्पाती गिरफ्तार चार और एफआईआर दर्ज की

एजेंसी ⏭ नागपुर

महाराष्ट्र के नागपुर में हिंसा को लेकर अब तक 99 लोगों को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस आयुक्त रविंदर सिंगल ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। उन्होंने कहा कि पूरी घटना को लेकर निष्पक्ष जांच की जा रही है।

सिंगल ने कहा कि उनके खिलाफ कार्रवाई की जा रही है। हमारी ओर से निष्पक्ष जांच जारी है। शुक्रवार की नमाज को लेकर सुरक्षा व्यवस्था पर कहा कि पूरे इंतजाम किए गए थे। पूरी चौकसी बरती जा रही है। स्थानीय अदालत ने इस सिलसिले में गिरफ्तार 17 लोगों को 22 मार्च तक पुलिस हिरासत में भेज दिया है। अदालत ने अपराध की गंभीरता और प्रथम दृष्टया उनके खिलाफ पुख्ता आरोप लगाए जाने का हवाला दिया। फहीम खान ने औरंगजेब के खिलाफ विरोध प्रदर्शन के वीडियो को एडिट कर शेयर किया। गुणगान भी किया था।



रक्षा सचिव राजेश कुमार सिंह ने कहा कि आतंकवाद लगातार उभरती हुई चुनौती बना हुआ है, जिसके खतरे लगातार सीमाओं को पार कर रहे हैं। उन्होंने क्षेत्र में आतंकवाद का मुकाबला करने की दिशा में भारत के प्रयासों पर प्रकाश डाला

### आतंकवाद के मुद्दे पर आसियान रक्षा मंत्रियों की बैठक

# लगातार उभरते आतंकवाद पर जताई चिंता, निपटने के लिए व्यापक रणनीति विकसित करने पर ध्यान केंद्रित

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

आतंकवाद के मुद्दे पर आसियान रक्षा मंत्रियों की बैठक-प्लस (एडीएमएम-प्लस) विशेषज्ञ कार्य समूह (सीटी पर ईडब्ल्यूजी) की 14वीं बैठक 19 से 20 मार्च तक नई दिल्ली में हुई। बैठक में आसियान सचिवालय, आसियान देशों- लाओ पीडीआर, मलेशिया, इंडोनेशिया, म्यांमार, सिंगापुर, थाईलैंड, मलेशिया, फिलीपींस और वियतनाम, एडीएमएम-प्लस सदस्य राज्यों में चीन, अमेरिका, रूस, ऑस्ट्रेलिया, जापान और कोरिया गणराज्य के प्रतिनिधिमंडलों ने भाग लिया।

#### भारत के प्रयासों पर प्रकाश डाला



रक्षा सचिव राजेश कुमार सिंह ने मुख्य भाषण दिया और कहा कि आतंकवाद लगातार उभरती हुई चुनौती बना हुआ है, जिसके खतरे लगातार सीमाओं को पार कर रहे हैं। उन्होंने क्षेत्र में आतंकवाद का मुकाबला करने की दिशा में भारत के प्रयासों पर प्रकाश डाला। रक्षा मंत्रालय के संयुक्त सचिव अंतरराष्ट्रीय सहयोग अमिताभ प्रसाद, सेना के अतिरिक्त महानिदेशक विदेश मंत्रालय के वरिष्ठ अधिकारियों ने भाग लिया।

#### भारत और मलेशिया ने 2024-27 के लिए कार्य योजना प्रस्तुत की

#### एडीएमएम-प्लस मंच के माध्यम से भारत तालमेल स्थापित करेगा




#### इंडो-पैसिफिक क्षेत्र आतंकवाद से प्रभावित

रक्षा सचिव ने यह भी बताया कि इंडो-पैसिफिक क्षेत्र विशेष रूप से आतंकवाद और हिंसक चरमपंथ से प्रभावित है, क्योंकि यह क्षेत्र भू-राजनीतिक और आर्थिक दृष्टिकोण से अत्यधिक महत्वपूर्ण है। आतंकवादी संगठन इन सीमाओं को पार कर अपने हमलों को बढ़ा रहे हैं, जो क्षेत्र की स्थिरता को खतरे में डालते हैं। एक समग्र, अनुकूल और गहरे दृष्टिकोण की आवश्यकता है, जो इस क्षेत्र में सुरक्षा और शांति बनाए रखने में मदद कर सके।

#### आतंकवाद एक वैश्विक खतरा

रक्षा सचिव राजेश कुमार सिंह ने कहा कि आतंकवाद एक वैश्विक खतरा है, जिसे केवल अंतरराष्ट्रीय सहयोग और मजबूत सुरक्षा तंत्र के माध्यम से ही समाप्त किया जा सकता है। भारत की जीरो टॉलरेंस नीति और एडीएमएम-प्लस मंच पर इसके सक्रिय प्रयास यह सुनिश्चित करेंगे कि आतंकवाद से निपटने के लिए एकजुट होकर काम किया जाए और वैश्विक शांति बनाए रखी जाए। उन्होंने एडीएमएम-प्लस मंच के माध्यम से भारत अपनी रक्षा सेनाओं, सुरक्षा एजेंसियों और नीति ढांचे के बीच एक तालमेल स्थापित करना चाहता है, ताकि उभरते हुए खतरों का प्रभावी तरीके से मुकाबला किया जा सके।

#### जमीनी अनुभव साझा किए गए

*दो दिवसीय बैठक के दौरान आतंकवाद और उग्रवाद के उभरते खतरे से निपटने के लिए एक मजबूत और व्यापक रणनीति विकसित करने पर ध्यान केंद्रित करने के लिए चर्चा की गई। बैठक का उद्देश्य आसियान देशों के रक्षा बलों और उसके संवाद भागीदारों के जमीनी अनुभव को साझा करना था। बैठक के दौरान भारत और मलेशिया ने 2024-27 के लिए कार्य योजना प्रस्तुत की। इस दौरान 2026 में मलेशिया में विशेषज्ञ कार्य समूह के लिए टेबल-टॉप अभ्यास और 2027 में भारत में फील्ड प्रशिक्षण अभ्यास आयोजित करने का ऐलान किया गया। बैठक ने वर्तमान चक्र के लिए गतिविधियों, अभ्यासों, बैठकों और कार्यशालाओं की नींव रखी। बैठक में भाग लेने वाले देशों और आसियान सचिवालय के प्रतिनिधिमंडलों के प्रमुखों ने क्षेत्र में आतंकवाद का मुकाबला करने के प्रयासों पर अपने विचार रखे। सांस्कृतिक दौरे के हिस्से के रूप में प्रतिनिधियों ने आगरा का भी दौरा किया।*

#### भारत की जीरो टॉलरेंस नीति

रक्षा सचिव ने कहा कि भारत आतंकवाद के प्रति अपनी जीरो टॉलरेंस नीति पर पूरी तरह से दृढ़ है। भारत एक ऐसे दृष्टिकोण में विश्वास करता है, जिसमें मजबूत घरेलू तंत्र, खुफिया जानकारी का आदान-प्रदान और मजबूत क्षेत्रीय सहयोग शामिल हैं।

---

## खबर संक्षेप

### केंद्र सरकार के फैसलों से मणिपुर में जगी उम्मीद

**बेंगलुरु।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की तीन दिन की अखिल भारतीय



प्रतिनिधि सभा शुक्रवार को बेंगलुरु में शुरू हुई। संघ के सह सरकार्यवाह सीआर मुकुंद ने मणिपुर की स्थिति को लेकर चिंता जताई। उन्होंने कहा कि मणिपुर बीते 20 महीनों से बुरे दौर से गुजर रहा है, लेकिन केंद्र सरकार के कुछ राजनीतिक और प्रशासनिक फैसलों के बाद अब उम्मीद की किरण नजर आ रही है। हालांकि, राज्य में हालात सामान्य होने में अभी लंबा समय लगेगा। उन्होंने कहा कि बांग्लादेश में हिंदू उत्पीड़न पर प्रस्ताव आएगा।

### इटली ने छापा समाचार पत्र का एआई संस्करण

**रोम।** इटली में दुनिया का पहला एआई समाचार पत्र छापा गया है।




इतालवी अखबार 'इल फोग्लियो' ने समाचार पत्र का एआई संस्करण छाप कर इतिहास रचा है। यह प्रयोग एक महीने तक चलेगा और इसका उद्देश्य एआई की सीमाओं और संभावनाओं को समझना है। इल फोग्लियो हर दिन अपनी सामान्य अखबार की कॉपी के साथ चार पन्नों का एआई-संस्करण भी प्रकाशित कर रहा है। इसमें करीब 22 लेख और 3 संपादकीय होते हैं, जो एआई के जरिए तैयार किए जाते हैं।

---

### विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल बोले

# चरमपंथियों को दी गई खुली छूट की वजह से भारत और कनाडा के रिश्तों में आई खटास

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

कनाडा में हालिया हुए सत्ता परिवर्तन के बीच भारत की एक महत्वपूर्ण टिप्पणी सामने आई है। जिसमें शुक्रवार को साप्ताहिक मीडिया ब्रीफिंग में विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने कहा कि चरमपंथी और अलगाववादी तत्वों को कनाडा में दी गई खुली छूट यानी लाइसेंस की वजह से भारत के साथ उसके रिश्तों में खटास आई है।

■ कार्नी के पीएम बनने के बाद सुधरेंगे रिश्ते

रणधीर की यह टिप्पणी जस्टिन ट्रूडो की अगुवाई वाली कनाडा की पिछली सरकार के संदर्भ में की गई। हालांकि अब वहां पर सत्ता परिवर्तन की कवायद तेजी से आगे बढ़ रही है और आने वाले समय में कनाडा में मार्क कार्नी नए प्रधानमंत्री बनने वाले हैं। जिसे लेकर विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता ने उम्मीद जताते हुए कहा कि दोनों देश अपने संबंधों का आपसी विश्वास और संवेदनशीलता के आधार पर पुनर्निर्माण कर सकते हैं।

#### *कनाडा सरकार के साथ भविष्य में अच्छे संबंधों को लेकर विश्वास जताया*



#### व्यापार वार्ता आगे बढ़ाने में जुटे भारत-अमेरिका

*रणधीर जायसवाल ने अमेरिका के दो अप्रैल से लागू किए जाने वाले पारस्परिक टैरिफ को लेकर पूछे गए एक सवाल के जवाब में कहा कि दोनों देश द्विपक्षीय व्यापार समझौते को आगे ले जाने को लेकर चर्चा कर रहे हैं। इससे जुड़े हुए ढांचागत तंत्र पर भी विचार-विमर्श जारी है। भारत के वाणिज्य और उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने 3 से 7 मार्च तक अमेरिका की यात्रा कर उनके वाणिज्य-व्यापार सचिव से मुलाकात कर बातचीत की थी। सरकार अमेरिका की सरकार से तकनीकी स्तर पर मामले को लेकर बातचीत कर रही है।*

#### निज्जर की हत्या के बाद बिगड़े संबंध

दोनों देशों के संबंधों में साल 2023 में कनाडा में हुई सिख चरमपंथी आतंकवादी हरदीप सिंह निज्जर की हत्या के बाद से गिरावट आई है। इसे लेकर कनाडा के तत्कालीन प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो ने भारत को जिम्मेदार ठहराया था। जवाब में भारत ने नई दिल्ली से कनाडा के उच्चायोग कर्मियों को देश से बाहर निकाल दिया। जवाब में कनाडा ने भी भारतीय दूतावास के अधिकारियों की देश वापस भेज दिया था।

#### *अमेरिका के दो अप्रैल से लगाए जा रहे पारस्परिक टैरिफ, दोनों देश करेंगे चर्चा*

#### यूएस से निकाले जा रहे दो भारतीयों ने नहीं किया संपर्क

मंत्रालय के प्रवक्ता ने एक अन्य प्रश्न के जवाब में कहा कि हमें अमेरिका में रह रहे दो भारतीयों बदर खान सूरी और रंजनी श्रीनिवासन को हमास का प्रोपेगेंडा फैलाने के आरोप में यूएसए से बाहर निकाले जाने के मामले के बारे में कोई जानकारी नहीं है। इसे लेकर कुछ मीडिया रिपोर्ट्स से हमें पता चला है। लेकिन अभी तक दोनों भारतीयों में से किसी ने भी भारत सरकार या अमेरिका में मौजूद हमारी राजनयिक सुविधाओं से कोई संपर्क नहीं किया है। वहीं, छात्र वीजा या इमीग्रेशन के मामले में संबंधित देश का कानून ही सर्वोपरि होता है। फिर चाहे कोई व्यक्ति अगर बाहर से हमारे देश में आए या हमारा कोई नागरिक बाहर जाए तो उस पर संबंधित देश का कानून ही पूरी तरह से प्रभावी होगा। यहां बता दें कि रंजनी श्रीनिवासन अमेरिका से फिलहाल कनाडा चली गई हैं और सूरी को अमेरिका की एक अदालत ने देश से बाहर निकालने पर रोक लगा दी है।

#### कनाडा के साथ अच्छे संबंध बनाने के पक्ष में

कनाडा के अगले प्रधानमंत्री बनने जा रहे मार्क कार्नी ने अपना पदभार ग्रहण करने से पहले इस बात के संकेत दिए हैं कि वो भारत के साथ संबंधों को बेहतर बनाने के पक्ष में हैं। पत्रकारों के साथ हुई एक वार्ता में उन्होंने अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा लगाए गए टैरिफ से जुड़े एक सवाल के जवाब में कहा कि कनाडा समान विचारधारा वाले देशों के साथ विविधता चाहता है। भारत के साथ फिर से संबंधों को बनाने का मौका है। वाणिज्यिक रिश्तों के पीछे मूल्यों की साझा भावना होनी चाहिए। मैं इसे तैयार करने के लिए अवसरों की तलाश करूंगा।

---

#### *पाक की भारत संग संबंधों में 'नई सुबह' लाने की इच्छा के जवाब में भारत की खरी-खरी*

## असली मुद्दा पाकिस्तान प्रायोजित सीमा पार आतंकवाद को लेकर

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

पाकिस्तानी उच्चायोग के प्रभारी (चार्ज डी अफेयर्स) साद अहमद वराइच द्वारा बीते गुरुवार रात नवरोज के साथ मनाए गए अपने राष्ट्रीय दिवस समारोह में भारत के साथ संबंधों में नई सुबह लाने की इच्छा जताई गई है।

भारत की इस समारोह में हालांकि किसी तरह की कोई भागीदारी नहीं रही। जब इसे लेकर शुक्रवार को साप्ताहिक मीडिया ब्रीफिंग में विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल से सवाल पूछा गया तो उन्होंने कहा कि पूरी दुनिया साफ तौर पर यह जानती है कि असली मामला तो पाकिस्तान द्वारा बढ़ावा दिए जाने वाले और पाक प्रायोजित सीमा पार आतंकवाद से जुड़ा हुआ है। जो समूचे क्षेत्र की शांति और सुरक्षा के लिए गंभीर बाधा बना हुआ है। जहां तक राष्ट्रीय दिवस समारोह में भारत को बुलाने का सवाल है तो कोई भी निमंत्रण तो रिश्तों पर निर्भर करता है।

#### पीएम की टिप्पणी से बौखलाया पाक

बताते चलें कि पाकिस्तान के चार्ज डी अफेयर्स की यह टिप्पणी बीते दिनों प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा एक पाडकास्ट में उसे दिखाए गए आईने जवाब में दी गई है। जिसमें पीएम ने कहा था कि भारत की शांति की हर कोशिश का पाकिस्तान ने शत्रुता और विश्वासघात से जवाब दिया है। उन्होंने पाकिस्तान को सदबुद्धि आने और उसके द्वारा शांति का मार्ग अपनाए जाने की भी उम्मीद जताई थी। पाकिस्तान समर्थित आतंकवादियों द्वारा 2019 में जम्मू-कश्मीर के पुलवामा में सीआरपीएफ के काफिले पर किए गए आतंकवादी हमले के बाद से दोनों देशों के द्विपक्षीय संबंध पूरी तरह से पटरे से उतर गए थे।

#### यूं आएगी संबंधों में नई सुबह

पाकिस्तान के चार्ज डी अफेयर्स ने उक्त समारोह में ये भी कहा कि दोनों देशों के बीच आपसी समझ में इजाफा कर, साझा चिंताओं को दूर कर कश्मीर के साथ ही अन्य दीर्घकालिक मुद्दों का समाधान निकालकर भारत और पाकिस्तान के संबंधों में एक नई सुबह लाई जा सकती है। संप्रभु समानता, आपसी सम्मान और शांतिपूर्ण सह-अस्तित्व के सिद्धांतों के तहत इस्लामाबाद ने बाकी देशों के साथ मित्रतापूर्ण संबंध बनाने की कोशिश की है। उसकी यही सोच भारत के साथ संबंधों को शांतिपूर्ण बनाने में भी मार्गदर्शक रही है।

---

#### रक्षा कर्मियों को बेहतर बनाने की दिशा में कदम

## जवानों व उनके परिवारों के मानसिक स्वास्थ्य की देखभाल करेगा निम्हांस

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

देश के रक्षा कर्मियों के मानसिक स्वास्थ्य को बेहतर बनाने की दिशा में राष्ट्रीय मानसिक स्वास्थ्य और तंत्रिका विज्ञान संस्थान (निम्हांस) सहयोग करेगा। सशस्त्र बल चिकित्सा सेवा (एएफएमएस) ने अनुसंधान और प्रशिक्षण के लिए समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए गए हैं। यह समझौता तीनों सेनाओं के जवानों, उनके परिवारों तथा आश्रितों की मानसिक स्वास्थ्य समस्याओं को दूर करने पर केंद्रित होगा। सशस्त्र बल चिकित्सा सेवा की महानिदेशक सर्जन वाइस एडमिरल आरती सरीन और निम्हांस की निदेशक डॉ. प्रतिमा मूर्ति ने इस समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए।



#### चिंता और अवसाद से मिलेगा छुटकारा

समझौता ज्ञापन के मुख्य उद्देश्यों में सहयोगात्मक अनुसंधान, संकाय आदान-प्रदान और शैक्षणिक गतिविधियां शामिल हैं।निम्हांस सैन्य कर्मियों को उन्नत मनोचिकित्सा देखभाल और सहायता पर अनुसंधान करने में सहायता प्रदान करेगा, जो पोस्ट ट्रॉमेटिक स्ट्रेस डिसऑर्डर (पीटीएसडी), चिंता और अवसाद जैसी सामान्य समस्याओं से छुटकारा दिलाएगा। सर्जन वाइस एडमिरल आरती सरीन ने एक बयान में कहा कि हमारे सैनिकों का मानसिक स्वास्थ्य उनके शारीरिक स्वास्थ्य जितना ही महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा कि निम्हांस के साथ यह साझेदारी सुनिश्चित करेगी कि हमारे कर्मियों को देश की सेवा करते समय आने वाली चुनौतियों से निपटने में सर्वोत्तम संभव सहायता मिले।

---

#### खालिस्तान के खिलाफ बोलना पड़ा भारी

## हिंदू सांसद चंद्र आर्य अब नहीं लड़ पाएंगे चुनाव, काटा टिकट

एजेंसी ▶▶ ओटावा

कनाडा का खालिस्तान प्रेम एक बार फिर सामने आया है। खालिस्तान की खुलकर आलोचना करना हिंदू सांसद चंद्र आर्य को भारी पड़ गया है। दरअसल, सत्तारूढ़ लिबरल पार्टी ने उनके चुनाव लड़ने पर रोक लगा दी है। खालिस्तान समर्थक कही जाने वाली ट्रूडो की पार्टी ने उनका टिकट ही काट दिया है। कनाडा के हिंदू सांसद चंद्र आर्य ने बताया कि लिबरल पार्टी ने नेपियन में फिर से चुनाव लड़ने के लिए उनके नामांकन को रद्द कर दिया है। कनाडा में खालिस्तानी गतिविधियों के मुखर आलोचक रहे



62 वर्षीय चंद्र आर्य तीन बार सांसद रह चुके हैं और 2015 से ओटावा की नेपियन सीट का प्रतिनिधित्व कर रहे हैं। लिबरल पार्टी के राष्ट्रीय अभियान के सह-अध्यक्ष एंड्रयू बेवन के एक पत्र में इस निर्णय के बारे में सूचित किया गया था। आर्य को हटाने का निर्णय पार्टी द्वारा पूर्व पीएम जस्टिन ट्रूडो की जगह नेतृत्व की दौड़ में चुनाव लड़ने से लगभग दो महीने पहले लिया गया था।

---

#### पीएम मोदी ने ऐतिहासिक उपलब्धि को देश के लिए बताया गौरव का क्षण

## एक साल में जमीन से निकाला 1 अरब टन के पार 'काला सोना'

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

पीएम नरेंद्र मोदी ने शुक्रवार को देश की एक अरब टन कोयला उत्पादन की ऐतिहासिक उपलब्धि की सराहना की है। केंद्रीय कोयला एवं खान मंत्री जी किशन रेड्डी ने अपने आधिकारिक सोशल मीडिया हैंडल एक्स पर एक पोस्ट में इसकी जानकारी दी है। केंद्रीय कोयला मंत्री ने कहा कि देश ने एक बिलियन टन कोयला उत्पादन का ऐतिहासिक आंकड़ा पार कर लिया है। मंत्री की एक्स पोस्ट पर प्रतिक्रिया देते हुए पीएम मोदी ने एक्स पर लिखा कि भारत के लिए गर्व का क्षण! एक बिलियन टन कोयला उत्पादन को पार करना एक उपलब्धि है।



#### भारत में कोयला क्षेत्र की अहम भूमिका

*आंकड़ों के अनुसार, भारत दुनिया में पांचवां सबसे बड़ा कोयला भंडार रखने वाला देश है और दूसरा सबसे बड़ा उपभोक्ता है। राष्ट्रीय ऊर्जा खपत में कोयले का योगदान 55% है, जिससे यह ऊर्जा सुरक्षा के लिए एक अनिवार्य संसाधन बना हुआ है। भारत का कोयला उत्पादन वित्त वर्ष 2023-24 में 997.82 मिलियन टन के उच्च स्तर पर पहुंच गया है, जो वित्त वर्ष 2014-15 में 609.18 मिलियन टन से उल्लेखनीय वृद्धि दर्शाता है, पिछले दशक में 5.64% की चक्रवृद्धि वार्षिक वृद्धि दर के साथ। अकेले वित्त वर्ष 2023-24 में, पिछले वर्ष की तुलना में उत्पादन में 11.71% की वृद्धि हुई है। करीब 4.78 लाख व्यक्तियों को प्रत्यक्ष रोजगार प्रदान करता है।*

---

### अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने भारत के साथ संबंधों पर चर्चा में कहा

# रिश्ते बहुत अच्छे पर हाई टैरिफ समस्या, शुल्क में कटौती करना जरूरी

एजेंसी ▶▶ न्यूयॉर्क

अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने उम्मीद जताई है कि भारत अमेरिकी वस्तुओं पर टैरिफ में कटौती करेगा। उन्होंने कहा कि भारत के साथ हमारे बहुत अच्छे संबंध है, लेकिन वह अमेरिकी उत्पादों पर सबसे अधिक टैरिफ लगाने वाले देशों में शामिल है। ट्रंप ने इसके साथ ही अपनी उस धमकी को दोहराया भी है कि वह दो अप्रैल से भारत पर पारस्परिक शुल्क (रेसिप्रोकल टैरिफ) लगाएंगे। ट्रंप ने अमेरिकी न्यूज वेबसाइट को दिए एक इंटरव्यू में भारत के साथ अमेरिका के संबंधों पर चर्चा करते हुए यह बात कही। पीएम नरेंद्र मोदी के साथ पिछले महीने व्हाइट हाउस में हुई वार्ता के बारे में पूछे जाने पर अमेरिकी राष्ट्रपति ने कहा कि भारत के साथ उनके संबंध बहुत अच्छे हैं, लेकिन भारत के साथ इकलौती समस्या यह है कि वह दुनिया में सबसे अधिक टैरिफ लगाने वाले देशों में एक है। उन्होंने कहा कि मेरा मानना है कि वे संभवतः उन शुल्कों को काफी हद तक कम करने जा रहे हैं, लेकिन दो अप्रैल से हम उन पर उतना ही टैरिफ लगाएंगे, जितना वे हम पर लगाते हैं।

उन्होंने अपना यह दावा भी दोहराया था कि अमेरिका पर भारत बहुत अधिक टैरिफ लगाता है, जिससे वहां उत्पाद बेचना मुश्किल हो जाता है। हालांकि बीते 10 मार्च को नई दिल्ली में वाणिज्य सचिव सुनील बर्थवाल ने एक संसदीय समिति को बताया था कि वार्ता अब भी जारी है और भारत-अमेरिका के बीच व्यापार शुल्क पर अभी तक कोई समझौता नहीं हुआ है।

1. भारत दुनिया में सबसे अधिक टैरिफ लगाने वाले देशों में से एक
2. 2 अप्रैल से भारत के बराबर ही टैरिफ लगाने की भी दी चेतावनी

#### संघीय शिक्षा विभाग बंद, ट्रंप ने किए हस्ताक्षर



*राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप अमेरिका में शिक्षा विभाग को बंद करने की तैयारी कर रहे हैं। उन्होंने शुक्रवार को इस संबंध में एक कार्यकारी आदेश पर हस्ताक्षर भी कर दिए। संघीय शिक्षा विभाग को बंद करने संबंधी अहम दस्तावेज पर हस्ताक्षर से पहले ट्रंप एक स्कूल में पहुंचे। जहां उन्होंने बच्चों से पूछा कि क्या उन्हें साइन करना चाहिए? बच्चों ने सहमति में सिर हिलाए, जिसके बाद ट्रंप ने कहा, 'मैं बहुत भाग्यशाली हूं। मैंने एक और दस्तावेज पर हस्ताक्षर किए जो देश के लिए बहुत अच्छा साबित होगा।'*

#### *यूक्रेन के साथ खनिज को लेकर भी बड़ा समझौता किया*

*यूक्रेन के साथ खनिज को लेकर हुए समझौते के बारे में ट्रंप ने कहा कि हम दुनिया भर में दुर्लभ मृदा और खनिजों तथा बहुत सी अन्य चीजों को अनलॉक करने के लिए विभिन्न स्थानों पर समझौतों पर हस्ताक्षर कर रहे हैं। विशेष रूप से, हम यूक्रेन और रूस के संबंध में बहुत अच्छा कर रहे हैं। हम जितने काम कर रहे हैं, उनमें से एक यूक्रेन के साथ दुर्लभ मृदा के संबंध में बहुत जल्द ही एक समझौते पर हस्ताक्षर करना है।*

---

#### *केंद्रीय मंत्री शेखावत ने दी जानकारी*

## तस्करी कर बाहर भेजी गई 297 प्राचीन वस्तुओं को 2024 में अमेरिका से लाए

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

अब तक देश से तस्करी कर बाहर भेजी गई 588 भारतीय प्राचीन वस्तुएं अमेरिका से वापस लाई गई, इनमें से 297 को 2024 में वापस लाया गया। इसकी जानकारी केंद्र सरकार ने संसद को दी। केंद्रीय संस्कृति एवं पर्यटन मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत प्राचीन वस्तुओं के अवैध व्यापार को रोकने के लिए अमेरिका-भारत सांस्कृतिक संपत्ति समझौते के तहत वापस लौटाए गई 'लूटे या चुराए गए कलाकृतियों' की संख्या से संबंधित एक प्रश्न का उत्तर दे रहे थे।

#### इंटरपोल से मिला सहयोग

*केंद्रीय मंत्री से यह भी पूछा गया कि क्या सरकार चोरी हुई प्राचीन वस्तुओं को*



*वापस लाने के लिए अंतरराष्ट्रीय संगठनों या अन्य देशों के साथ सहयोग करने की योजना बना रही है। इस पर उन्होंने कहा कि भारत जरूरत पड़ने पर यूनेस्को और इंटरपोल सहित विभिन्न अंतरराष्ट्रीय संगठनों के साथ सहयोग करता है। भारत में प्राचीन परंपराओं का पुनरुत्थान, सांस्कृतिक और आध्यात्मिक धरोहर में बढ़ती रुचि और आधुनिक धार्मिक चुनौतियों के बीच गहरे अर्थ की तलाश जैसे कारणों से हो रहा है।*

## 27 मार्च तक चलेंगे खेलो इंडिया पैरा गेम्स 2025

# दिल्ली में मप्र के अर्पित ने जीता रजत

### मंत्री सारंग ने दी बधाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल



खेलो इंडिया पैरा गेम्स 2025 का आयोजन 20 से 27 मार्च तक दिल्ली में किया जा रहा है। इस प्रतियोगिता में मध्यप्रदेश के पैरा खिलाड़ी ने एथलेटिक्स खेल के टी-36 वर्ग की 100 मी. में अर्पित शर्मा शानदार प्रदर्शन कर रजत पदक अपने नाम किया है।

प्रदेश के खेल मंत्री विश्वास कैलाश सारंग ने अर्पित के इस साहसपूर्ण खेल प्रदर्शन की सराहना करते हुयें रजत पदक अर्जित करने पर बधाई दी है। उल्लखेनीय है कि 17 से 20 फरवरी तक 23वें पैरा नेशनल का आयोजन चैन्नई में किया गया। इस प्रतियोगिता में अर्पित शर्मा ने क्लॉस टी-36 में 100 मी. दौड़ में 14.06 सेकंड का समय लेकर रजत पदक अर्जित करते हुये मध्यप्रदेश को गौरवान्वित किया था।

एथलेटिक्स पैरा खिलाड़ी अर्पित शर्मा तात्याटोपे स्टेडियम भोपाल में प्रशिक्षणरत हैं। यहां यह भी उल्लेखनीय है कि दिल्ली में चल रहे इस खेलो इंडिया पैरा गेम्स 2025 में छः विधाओं पैरा तीरंदाजी, पैरा एथेलेटिक्स, पैरा बैडमिंटन, पैरा टेबिल टेनिस, पैरा पावरलिफ्टिंग और पैरा शूटिंग शामिल हैं। इस प्रतियोगिता में 36 राज्यों और केन्द्र शासित प्रदेशों का प्रतिनिधित्व करने वाले लगभग 1200 ऐथलीट, 200 तकनीकी अधिकारियों और लगभग 600 वॉलेयंटियर, सपोर्ट स्टॉफ एस्काट्र्स और क्लासिफायर भाग ले रहे हैं।

## स्कोप ग्लोबल स्किल्स यूनिवर्सिटी के फुटसल अरेना शुरू

# एसजीएसयू एफसी ने जीता उद्घाटन मैच आरएनटीयू एफसी को दी 3-2 से शिकस्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल






स्कोप ग्लोबल स्किल्स यूनिवर्सिटी के फुटसल अरेना का शुक्रवार को भव्य शुभारंभ स्कोप फुटसल लीग के आगाज के साथ किया गया। शुभारंभ अवसर पर आरएनटीयू की प्रो-चांसलर डॉ. अदिति चतुर्वेदी वत्स, स्कोप ग्लोबल स्किल्स यूनिवर्सिटी के कुलपति डॉ. विजय सिंह, कुलसचिव डॉ. सितेश सिन्हा, आरएनटीयू की कुलसचिव डॉ. संगीता जौहरी और मुख्य वित्त लेखा अधिकारी विनीत शुक्ला ने रिबन काट कर किया। इस अवसर पर ट्रॉफी का अनावरण अतिथियों द्वारा किया गया। उद्घाटन मैच आरएनटीयू एफसी और एसजीएसयू एफसी के मध्य खेला गया। एसजीएसयू एफसी ने मैच 3-2 से जीत लिया। शूटिंग स्टार और गेम ओं एफसी के मध्य मुकाबला हुआ। यह मुकाबला ड्रा पर गया।

**स्कोप फुटसल लीग में 17 चुनिंदा टीमों के मध्य खेले जा रहे आकर्षक मुकाबले**

वहीं तीसरा मैच टीटीएनएस एफसी और स्मैश एफसी के मध्य मुकाबला हुआ। स्मैश एफसी ने यह मुकाबला 2-0 से जीता। खिलाड़ियों के लिए सुनहरा अवसरशुभारंभ समारोह में स्वागत भाषण देते हुए डॉ. विजय सिंह ने कहा कि नर्मदापुरम रोड पर खुले इस अत्याधुनिक फुटसल अरेना के माध्यम से क्षेत्र के खेल प्रेमियों को एक बेहतरीन मंच उपलब्ध कराया गया है। टूर्नामेंट में भाग लेने वाली सभी टीमें अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करें और खेल भावना के साथ आगे बढ़ें। वही डॉ. अदिति चतुर्वेदी वत्स ने कहा कि स्कोप ग्लोबल स्किल्स यूनिवर्सिटी शिक्षा के साथ-साथ खेल को भी प्रोत्साहित करने के लिए प्रतिबद्ध है। यह टूर्नामेंट खिलाड़ियों के लिए अपने कौशल को निखारने और खेल में आगे बढ़ने का सुनहरा अवसर प्रदान करेगा।

### टीमों का पूल विभाजन

- **पूल ए:** गोरखा एफसी, रॉ एफसी, नवाब एफसी, मैदान एफसी।
- **पूल बी:** कसोल टाइगर एफसी, अंकुर एफसी, गॉडजिला एफसी, पीस मेकर एफसी।
- **पूल सी:** टीटीएनएस जूनियर एफसी, स्मैश एफसी, आरएनटीयू एफसी, एसजीएसयू एफसी।
- **पूल डी:** सेंट्रल बे एफसी, एस्पीरियन एफसी, शूटिंग स्टार एफसी, गेम ऑन एफसी, एटॉमिक एफसी।

## मुंबई में 20 से 21 मार्च तक आयोजित किया गया चौथा राष्ट्रीय ओपन थ्रो कॉम्पटीशन

# मप्र खेल अकादमी के खिलाड़ी शिवानी पटेल ने जीता रजत पदक



**भोपाल।** मुंबई में 20 से 21 मार्च आयोजित चौथी राष्ट्रीय ओपन थ्रो कॉम्पीटीशन में एथलेटिक्स खेल के जेवलिन थ्रो इवेन्ट में बेहतर खेल का प्रदर्शन कर मप्र खेल अकादमी की खिलाड़ी शिवानी पटेल ने रजत पदक अर्जित किया। इस प्रतियोगिता में शिवानी ने 40.59मी. लंबा थ्रो किया। खेल अकादमी की जेवलिन थ्रो खिलाड़ी शिवानी पटेल की इस उपलब्धि पर प्रदेश के खेल मंत्री विश्वास कैलाश सारंग ने बधाई दी है।

## प्रथम ध्रुव नारायण सिंह 'दरबार ट्रॉफी' अंडर-15 वन डे किक्रेट टूर्नामेंट


# एमसीसीए ने रेलवे गर्वित को 7 विकेट से हराया

**भोपाल।** सुनील श्रवण क्रिकेट अकादमी के तत्वावधान में प्रथम ध्रुव नारायण सिंह 'दरबार ट्रॉफी' अंडर-15 वन डे किक्रेट टूर्नामेंट में शुक्रवार को बाबे अली मैदान पर मयंक चतुर्वेदी क्रिकेट अकादमी और रेलवे गर्वित के बीच में खेला गया, जिसमें मयंक चतुर्थी क्रिकेट अकादमी ने टॉस जीतकर पहले बॉलिंग करने का फैसला किया। पहले बल्लेबाजी करते हुए रेलवे गर्वित की टीम 141 रन बनाकर ऑल आउट हो गई जवाबी पारी खेलने उतरी मयंक चतुर्वेदी क्रिकेट अकादमी की टीम ने 30 ओवर में तीन विकेट खोकर 142 रन बनाकर यह मैच 7 विकेट से जीत लिया। नैतिक जैन और अक्षत कुमार को सयुंक्त रूप से मैन ऑफ द मैच चुना गया उन्हें सचिन दास बब्बा और रवि शर्मा ने पुरस्कार दिया।



## लाइफ स्टाइल

# दो भागों में रिलीज होगी विजय देवरकोंडा की 'किंगडम'



**मुंबई।** विजय देवरकोंडा अभिनीत एक्शन थ्रिलर फिल्म 'किंगडम' 30 मई को रिलीज होगी। पहले कयास लगाए जा रहे थे कि 'किंगडम' को दो भागों में बनाया जाएगा, लेकिन अब फिल्म के निर्माता नामा वामसी ने आखिरकार इन खबरों पर चुप्पी तोड़ी है। नागा वामसी ने रिपोर्टों पर प्रतिक्रिया व्यक्त की और कहा, 'हमने कहानी को केवल दो-भाग की फ्रेंचाइजी बनाने के लिए नहीं बढ़ाया। फिल्म में दो भागों में रिलीज होने की गुंजाइश और पैमाना है।' उन्होंने आगे कहा कि किंगडम स्क्रीनप्ले, लॉजिक, भव्यता और एक्शन के मामले में सभी कसौटियों पर खरा उतरता है।

## लाइफ Style

# तमन्ना

## ब्रेकअप की अफवाहों के बीच खुद को किया मोटिवेट

इन दिनों तमन्ना भाटिया अपनी फिल्मों से ज्यादा अपने ब्रेकअप की अफवाह को लेकर चर्चा में हैं। खबर है कि उनका और अभिनेता विजय वर्मा का ब्रेकअप हो चुका है। अब तक अभिनेत्री ने इस मुद्दे पर चुप्पी साधी हुई है। लेकिन हाल ही में एक सोशल मीडिया पोस्ट में वह खुद को ही मोटिवेट करती नजर आईं।

एजेंसी ⏭ मुंबई

तमन्ना भाटिया और विजय वर्मा काफी समय से डेट कर रहे थे, इनकी शादी करने की खबर भी बीच में सुनने को मिली। फिर अचानक इनके ब्रेकअप की अफवाह और खबरें सामने आने लगीं। अब तक इस मुद्दे पर अभिनेत्री ने खुलकर कुछ नहीं कहा है, लेकि,न वह इशारों-इशारों में काफी कुछ कह रही हैं। इसके लिए सोशल मीडिया पोस्ट का भी सहारा लेती हैं। हाल ही में अभिनेत्री तमन्ना ने एक पोस्ट साझा की, इसमें वह काफी मोटिवेशनल बात करती दिखीं। एक अवॉर्ड फंक्शन में शामिल होने के लिए तमन्ना ने सफेद रंग की एक खूबसूरत ड्रेस पहनी। इस ड्रेस में अपनी कुछ तस्वीरें तमन्ना ने इंस्टाग्राम पर साझा कीं। इन फोटो के साथ अभिनेत्री ने संदेश लिखा- 'यह रंग मुझे याद दिलाता है कि आकाश की कोई सीमा नहीं है।'

इस मैसेज के जरिए वह खुद को शायद मोटिवेट कर रही हैं। अपने ब्रेकअप की अफवाह के बीच ही तमन्ना ने होली का त्योहार भी मनाया, साथ ही अपने दोस्तों संग पार्टी भी की। पिछले दिनों होली पर भी तमन्ना भाटिया रवीना टंडन के घर पहुंचीं। इसके अलावा वह रवीना टंडन की बेटी राशा थडानी के साथ पार्टी करती भी दिखीं। तमन्ना भाटिया इस साल कुछ फिल्मों में भी नजर आएंगी। जल्द ही उनकी एक फिल्म 'ओडेला 2' रिलीज होगी।



## हॉलीवुड मसाला

# नताशा की नहीं होगी वापसी



**लॉस एंजिल्स।** स्कारलेट जोहानसन और मार्वल के फैंस के दिलों में ब्लैक विडो आज भी बसती है। यही कारण है कि जहां मल्टीवर्स के कारण पुराने किरदार लौट रहे हैं। एजेंट नताशा रोमनॉफ की वापसी की भी खूब चर्चा रही है। अब खुद स्कारलेट जोहानसन ने इस पर चुप्पी तोड़ी दी है। 40 साल की स्कारलेट जोहानसन ने एक इंटरव्यू में कहा, 'नताशा मर चुकी है। हां, वो मर चुकी है। ठीक है?' एक्ट्रेस ने साफ शब्दों में कहा है वह फैंस से यही कहना चाहेंगी कि अब नताशा की वापसी नहीं होगी।



# आठ साल बाद पति से अलग हो रहीं ली सी यंग

**लॉस एंजिल्स।** साउथ कोरियन एक्ट्रेस ली सी यंग ने कथित तौर पर अपने आठ साल लंबे वैवाहिक जीवन के बाद पति से तलाक लेने के लिए अर्जी दी है। के-मीडिया समाचार आउटलेट वाईटीएन के मुताबिक 'स्वीट होम' के-ड्रामा स्टार और उनके पति मिस्टर जो, जो कि एक रेस्तरां के मालिक हैं। दोनों ने इस साल की शुरुआत में सियोल फैमिली कोर्ट में तलाक की कार्यवाही के लिए दस्तावेज जमा किए थे। रिपोट्र्स की मानें तो दोनों के बीच तलाक की प्रक्रिया अब अंतिम रूप ले रही हैं, क्योंकि माना जाता है कि तलाक की मुख्य शर्तों पर सहमति बन गई है। 42 वर्षीय अभिनेत्री ने साल 2017 में मिस्टर जो से शादी की। नौ साल की उम्र के अंतर वाले इस जोड़े ने अपनी शादी के अगले साल एक बेटे को जन्म दिया। कोरियाई अभिनेत्री की तलाक के बारे में 'एस फैक्ट्री' ने भी दोनों के तलाक की पुष्टि की।



# बॉयफ्रेंड पर खुलेआम प्यार लुटाते दिखीं

**मुंबई।** श्रद्धा कपूर कुछ दिनों से अपनी पर्सनल लाइफ को लेकर काफी सुर्खियों में हैं। ऐसी खबर आ रही है कि वह राहुल मोदी को डेट कर रही हैं। दोनों कई बार साथ में स्पॉट भी हुए हैं। यहां तक कि श्रद्धा सोशल मीडिया पर भी राहुल के साथ फोटोज शेयर करती हैं। अब एक्ट्रेस की राहुल के साथ एक क्लिप वायरल हो रही है जिसमें दोनों के बीच रोमांटिक मोमेंट नजर आ रहे हैं। दरअसल, एक क्लिप सामने आया है जिसमें श्रद्धा और राहुल गाड़ी की तरफ जाते हैं और उसके बाद एक-दूसरे को बाय बोलते हुए हग करते हैं। दोनों के इस रोमांटिक मोमेंट को देख फैंस दोनों को लेकर प्यारे कमेंट्स कर रहे हैं। वहीं, फैंस तो इसकी उम्मीद भी कर रहे हैं कि दोनों शायद जल्द शादी करने वाले हैं। एक ने कमेंट किया राहुल की आरोही। एक ने लिखा, स्त्री और पुरुष। एक ने लिखा लगता है जल्द शादी करने वाले हैं।



# 'किक' के सीक्वल को लेकर हैं उत्साहित

**मुंबई।** जैकलिन फर्नांडीस साल 2014 में आई फिल्म 'किक' के दूसरे पार्ट का हिस्सा बनने की उम्मीद जताई है। उनके मुताबिक फिल्म ने उनकी जिंदगी बदल दी थी। यह फिल्म साल 2009 में आई तेलुगु फिल्म 'किक' की रीमेक थी। फिल्म में सलमान खान, जैकलिन फर्नांडीस के अलावा नवाजुद्दीन सिद्दीकी और रणदीप हुड्डा भी थे। जैकलिन ने कहा 'मैं इस फ्रेंचाइज को लेकर बहुत उत्साहित हूं, लेकिन मुझे लगता है कि अगर साजिद नाडियाडवाला या सलमान खान इसकी तस्दीक करें तो ज्यादा अच्छा होगा। मैं उम्मीद करती हूं कि ये फिल्म जल्दी बने, क्योंकि 'किक' को लोगों से खूब प्यार मिला था। इस फिल्म ने मेरी जिंदगी बदल दी थी।' जैकलिन ने 'मर्डर 2', 'रेस 3' और 'ढिशूम' जैसी फिल्मों में काम किया है। साल 2025 में उनकी कई फिल्में रिलीज होने वाली हैं।

# इंडो-अमेरिकन फिल्म के लिए साथ आए मनोज-राणा

**मुंबई।** बॉलीवुड अभिनेता मनोज बाजपेयी साउथ सुपरस्टार राणा दग्गुबाती द्वारा निर्मित अमेरिकी निर्देशक बेन रेखी की आने वाली अनाम फिल्म में नजर आएंगे। पिंजर (2003) की रिलीज के बाद मनोज बाजपेयी अभिनेता फ्रैंक लैंगेला के साथ एक अंतर्राष्ट्रीय फिल्म में अभिनय करने वाले थे, लेकिन यह प्रोजेक्ट सफल नहीं हुआ। दो दशक से अधिक समय बाद मनोज बाजपेयी ने अपनी फिल्मोग्राफी में एक इंडो-



अमेरिकन फिल्म को जोड़ा है। रिपोट्र्स के अनुसार, अभिनेता अब अमेरिकी फिल्म निर्माता बेन रेखी द्वारा निर्देशित एक अनाम हिंदी सोशल ड्रामा फिल्म में काम कर रहे हैं, जिन्होंने पहले आश्रम (2018) और वॉच लिस्ट (2019) का निर्देशन किया था। फिल्म का निर्माण राणा दग्गुबाती ने किया है, जो मनोज बाजपेयी के साथ उनका पहला सहयोग है। यह कथित तौर पर मनोज बाजपेयी की पहली इंडो-अमेरिकन फिल्म भी होगी।

# 18 अप्रैल को रिलीज होगी 'केसरी चैप्टर 2'

**मुंबई।** अक्षय कुमार अभिनीत फिल्म 'केसरी' ने शुक्रवार 21 मार्च को छह साल का सफर पूरा कर लिया। यह फिल्म साल 2019 में सिनेमाघरों में रिलीज हुई और हिट रही। अब इसका सीक्वल भी आ रहा है। 'केसरी' की रिलीज पर मेकर्स ने सोशल मीडिया पर सीक्वल 'केसरी चैप्टर 2' की झलक शेयर की है। फिल्म 'केसरी चैप्टर 2' में अक्षय कुमार के अलावा आर. माधवन भी अहम



रोल में दिखाई देंगे। इसके अलावा अनन्या पांडे भी फिल्म का हिस्सा हैं। करण सिंह त्यागी के निर्देशन में बनी फिल्म अप्रैल में दस्तक देगी। यूं तो फिल्म को मार्च में होली के मौके पर रिलीज किया जाना था, लेकिन मेकर्स ने रिलीज डेट बदल दी। अब यह 18 अप्रैल को रिलीज होगी। इस फिल्म को धर्मा प्रोडक्शंस, लियो मीडिया कलेक्टिव और केप ऑफ गुड फिल्म्स के बैनर तले बनाया जा रहा है।




# आईपीएल : नए नियम और नए कप्तान बदलेंगे मैचों का रुख, 7 टीमों में नए खिलाड़ी पर भरोसा

एजेंसी ▶▶| कोलकाता

गत चैंपियन कोलकाता नाइट राइडर्स और रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के बीच शनिवार को यहां होने वाले मैच से इंडियन प्रीमियर लीग के 18वें सत्र का आगाज होगा जिसमें नए नियमों और नए कप्तानों पर सभी की निगाह रहेगी। नए नियमों में सबसे महत्वपूर्ण गेंद पर लार लगाने की अनुमति फिर से देना है। आईपीएल 2025 में कम से कम सात टीम नए कप्तान के साथ मैदान पर उतरेंगी। कोविड-19 महामारी के कारण गेंद पर लार लगाना प्रतिबंधित कर दिया गया था। अन्य नियमों में शाम को खेले जाने वाले मैचों में अगर अंपायरों को लगता है कि ओस खेल पर अपना प्रभाव डाल रही है तो वह दूसरी पारी के 11वें ओवर से नई गेंद का इस्तेमाल करने की अनुमति दे सकते हैं। शाम को होने वाले मैचों पर यह नियम लागू नहीं होगा। इसके अलावा टीम ऊंचाई और ऑफसाइड की वाइड के लिए भी निर्णय समीक्षा प्रणाली का उपयोग कर सकते हैं। इन सब के बीच इंपैक्ट प्लेयर का नियम पहले की तरह बरकरार रहेगा।



## रजत के नाम ने चौंकाया

आईपीएल 2025 में कम से कम सात टीम नए कप्तान के साथ मैदान पर उतरेंगी। इनमें से कुछ खिलाड़ी विभिन्न कारण से कुछ मैच में ही अपनी टीम की अगुवाई करेंगे। सबसे चौंकाने वाला फैसला आरसीबी ने रजत पाटीदार को कप्तान बनाकर किया। अक्षर पटेल दिल्ली कैपिटल्स की कप्तानी करेंगे जबकि 2024 में केकेआर को चैंपियन बनाने वाले श्रेयस अय्यर इस बार पंजाब किंग्स की कमान संभालेंगे। कोलकाता की टीम की कप्तानी इस बार अजिंक्य रहाणे को सौंपी गई है। संजू सैमसन की उंगली की चोट के कारण रियान पराग राजस्थान रॉयल्स के शुरुआती मैचों में कप्तानी करेंगे।

## 43 वर्षीय धोनी की धमक 13 के वैभव में सूर्य सा ओज





पिछले कुछ वर्षों से महेंद्र सिंह धोनी की आईपीएल से संन्यास को लेकर चर्चा चलती रही है, लेकिन यह 43 वर्षीय खिलाड़ी अब भी चेन्नई की टीम का अभिन्न अंग बना हुआ है। उन्होंने 2020 में अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट को अलविदा कह दिया था, लेकिन उन्होंने आईपीएल में खेलना जारी रखा है। धोनी से ठीक 30 साल छोटे वैभव सूर्यवंशी भी इस बार आईपीएल का हिस्सा होंगे। राजस्थान रॉयल्स ने उन्हें अपनी टीम से जोड़ा है और यह देखना दिलचस्प होगा कि उन्हें कितने मैच में खेलने का मौका मिलता है।

## टीमों ने बदले सहयोगी स्टाफ

आईपीएल में इस बार कुछ टीमों के सहयोगी स्टाफ में भी बदलाव किया गया है। रिकी पोंटिंग दिल्ली कैपिटल्स को छोड़कर पंजाब किंग्स में मुख्य कोच बन गए हैं। पोंटिंग की जगह हेमांग बदानी को दिल्ली कैपिटल्स का मुख्य कोच बनाया गया है। केविन पीटरसन दिल्ली कैपिटल्स में मेंटर के रूप में शामिल हो गए हैं, जबकि राहुल द्रविड़ मुख्य कोच के रूप में राजस्थान रॉयल्स में लौट आए हैं। लंबे समय तक चेन्नई की तरफ से खेलने वाले ड्वेन ब्रावो केकेआर के मेंटर होंगे।

## रोहित-कोहली पर नजर

रोहित शर्मा और विराट कोहली पर भी इस बार नजर रहेगी। पिछले साल भारत के टी20 विश्व कप में भारत के विजय अभियान का अंग रहे इन दोनों बल्लेबाजों ने इसके बाद सबसे छोटे प्रारूप के अंतरराष्ट्रीय स्तर से संन्यास ले लिया था। इसके बाद वह पहली बार टी20 क्रिकेट में खेलते हुए नजर आएंगे।



## वरुण के चक्र का विराट असर

अगर शनिवार को होने वाले मैच की बात करें तो कोलकाता और बेंगलुरु दोनों ही जीत के साथ शुरुआत करने के लिए तैयार हैं। इस मैच में सभी की निगाह स्पिनर वरुण चक्रवर्ती पर टिकी रहेंगी जिसमें उनका सामना कोहली और फिल साल्ट जैसे धुरंधर बल्लेबाजों से होगा। चक्रवर्ती ने चैंपियंस ट्रॉफी में भारत की जीत में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी।



## आईपीएल से जुड़े आंकड़े

### सबसे ज्यादा रन

| खिलाड़ी | टीम | रन |
|---|---|---|
| विराट कोहली | बेंगलुरु | 8004 |
| शिखर धवन | 5 टीम | 6769 |
| रोहित शर्मा | मुंबई | 6628 |
| डेविड वार्नर | दिल्ली/हैदराबाद | 6565 |
| सुरेश रैना | चेन्नई/गुजरात | 5528 |

### व्यक्तिगत स्कोर

| खिलाड़ी | गेंद | रन |
|---|---|---|
| क्रिस गेल | 66 | 175 |
| ब्रैंडन मैकुलम | 73 | 158* |
| क्विंटन डिकॉक | 70 | 140* |
| एबी डिविलियर्स | 59 | 133* |
| लोकेश राहुल | 69 | 132* |

### सबसे ज्यादा रन से जीत

| टीम | खिलाफ | जीत |
|---|---|---|
| मुंबई | दिल्ली | 146 |
| बेंगलुरु | गुजरात | 144 |
| कोलकाता | बेंगलुरु | 140 |
| बेंगलुरु | पंजाब | 138 |
| बेंगलुरु | पुणे | 130 |

### टीम का सर्वोच्च स्कोर

| टीम | खिलाफ | स्कोर |
|---|---|---|
| हैदराबाद | बेंगलुरु | 287/3 |
| हैदराबाद | मंबई | 277/3 |
| कोलकाता | दिल्ली | 272/7 |
| हैदराबाद | दिल्ली | 266/7 |
| बेंगलुरु | पुणे | 263/5 |

### टीम का सबसे छोटा स्कोर

| टीम | खिलाफ | रन |
|---|---|---|
| बेंगलुरु | कोलकाता | 49 |
| राजस्थान | बेंगलुरु | 58 |
| राजस्थान | बेंगलुरु | 59 |
| दिल्ली | मुंबई | 66 |
| दिल्ली | पंजाब | 67 |

### सबसे सफल टीम

मुंबई इंडियंस : 5 खिताब
2013, 2015, 2017, 2019, 2020

चेन्नई सुपर किंग्स : 5 खिताब
2010, 2011, 2018, 2021, 2023

कोलकाता नाइट राइडर्स : 3 खिताब
2012, 2014, 2024

### सबसे ज्यादा विकेट

| खिलाड़ी | विकेट |
|---|---|
| युजवेंद्र चहल | 205 |
| पीयूष चावला | 192 |
| ड्वेन ब्रावो | 183 |
| भुवनेश्वर कुमार | 181 |
| सुनील नारायण | 180 |

### सबसे ज्यादा मैच

| खिलाड़ी | मैच |
|---|---|
| महेंद्र सिंह धोनी | 264 |
| दिनेश कार्तिक | 257 |
| रोहित शर्मा | 257 |
| विराट कोहली | 252 |
| रविंद्र जडेजा | 240 |

### सबसे ज्यादा कैच

| खिलाड़ी | कैच |
|---|---|
| विराट कोहली | 114 |
| सुरेश रैना | 109 |
| कीरोन पोलार्ड | 103 |
| रविंद्र जडेजा | 103 |
| रोहित शर्मा | 101 |

IPL आज का मुकाबला
कोलकाता बेंगलुरु
शाम 7.30 बजे से

## खबर संक्षेप

### आईपीएल में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करेगा हार्दिक

**नई दिल्ली।** मुंबई इंडियंस के पूर्व कोच मार्क बाउचर का मानना है कि आईपीएल के पिछले सत्र में मुश्किल दौर से गुजरने के बाद हार्दिक पंड्या अधिक मजबूत खिलाड़ी बने हैं। इस टूर्नामेंट के शनिवार से शुरू होने वाले नए सत्र में वह अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने में सफल रहेंगे। हार्दिक को जब पिछले सत्र में मुंबई इंडियंस का कप्तान नियुक्त किया गया तब बाउचर उसके मुख्य कोच थे। बाउचर ने कहा, 'पिछला सत्र वास्तव में उसके लिए बेहद मुश्किल रहा। वह जब भी मैदान पर कदम रखता दर्शक उसकी हूटिंग करने लग जाते। उसके साथ ऐसा व्यवहार नहीं किया जाना चाहिए था। वह 100 प्रतिशत सम्मान का हकदार था।'

### निरंतरता पर ध्यान, अन्य गेंदों पर भी कर रहे काम

**कोलकाता।** 'मिस्ट्री' स्पिनर वरुण चक्रवर्ती भारतीय टीम के साथ कोलकाता नाइट राइडर्स के प्रमुख खिलाड़ी रहे हैं और उनका मानना है कि निरंतरता ही सफलता की कुंजी है और वह अपनी कला में नयी विविधता जोड़ने पर काम कर रहे हैं। फिटनेस चुनौतियों से जूझने से लेकर भारत की हालिया चैंपियंस ट्रॉफी जीतने के सफर में अहम भूमिका निभाने तक 'आर्किटेक्ट से क्रिकेटर' बने इस खिलाड़ी का सफर शानदार रहा है। केकेआर में अब अजिंक्य रहाणे के रूप में नया कप्तान है और 'मेंटोर' के तौर पर टी20 के महान क्रिकेटर ड्वेन ब्रावो हैं।

### विश्व कप टीम में जगह बना सकते हैं यशस्वी

**नई दिल्ली।** यशस्वी जायसवाल के बचपन के कोच ज्वाला सिंह का मानना है कि अगले साल होने वाले टी20 विश्व कप के लिए भारत की टीम में फिर से जगह बनाने के लिए इंडियन प्रीमियर लीग का शनिवार से शुरू होने वाला सत्र इस सलामी बल्लेबाज के लिए बेहद महत्वपूर्ण होगा। यह 23 वर्षीय बल्लेबाज भारतीय टेस्ट टीम का अभिन्न अंग है लेकिन टी20 क्रिकेट में उन्हें संजू सैमसन और अभिषेक शर्मा जैसे खिलाड़ियों से कड़ी चुनौती का सामना करना पड़ रहा है।



**स्विस ओपन**
**तीन बार के विश्व चैंपियन को 18-21, 21-12, 21-5 से रौंदा**

# शंकर का बड़ा उलटफेर, वर्ल्ड नंबर-2 एंडर्स एंटोनसेन को 66 मिनट में रौंदा

एजेंसी ▶▶| बासेल

भारत के शंकर मुथुसामी सुब्रमण्यम ने डेनमार्क के विश्व में नंबर दो खिलाड़ी एंडर्स एंटोनसेन को तीन गेम के रोमांचक मुकाबले में उलटफेर का शिकार बनाकर यहां स्विस ओपन सुपर 300 बैडमिंटन टूर्नामेंट के पुरुष एकल क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया।

विश्व जूनियर चैंपियनशिप 2022 के रजत पदक विजेता और वर्तमान में दुनिया में 64वें नंबर के 21 वर्षीय खिलाड़ी सुब्रमण्यम ने अपने रक्षण का प्रभावशाली प्रदर्शन करते हुए तीन बार के विश्व चैंपियनशिप पदक विजेता को 66 मिनट में 18-21, 21-12, 21-5 से हराया।

तमिलनाडु के रहने वाले सुब्रमण्यम के कॅरियर की यह सबसे बड़ी जीत है। उनका अगला मुकाबला फ्रांस के विश्व में 31वें नंबर के खिलाड़ी क्रिस्टो पोपोव से होगा। सुब्रमण्यम टूर्नामेंट में बचे एकमात्र भारतीय एकल खिलाड़ी हैं, जबकि त्रीसा जॉली और गायत्री गोपीचंद की महिला युगल जोड़ी भी क्वार्टर फाइनल में पहुंच गई है। विश्व में नौवें नंबर की भारतीय जोड़ी ने गुरुवार को खेले गए मैच में जर्मनी की एमिली लेहमैन और सेलिन हब्श को 21-12, 21-8 से हराया।



### बरुआ हारकर बाहर

*अन्य भारतीय खिलाड़ियों में इशरानी बरुआ चीन की हान कियान शी से 63 मिनट में 19-21, 21-18, 18-21 से जबकि अनुपमा उपाध्याय महिला एकल के एक अन्य मैच में इंडोनेशिया की पुत्री कुसुमा वर्दानी से 17-21, 19-21 से हार गईं। सतीश करुणाकरन और आद्या वरियाथ की मिश्रित युगल जोड़ी को लियू कुआंग हेंग और झेंग यू चीह से 14-21, 16-21 से हार का सामना करना पड़ा।*

## क्रोएशिया ने फ्रांस को 2-0 से हराया



**जाग्रेब।** क्रोएशिया ने किलियन एम्बाप्पे और ओस्मान डेम्बेले की आक्रामक जोड़ी पर अंकुश लगाकर नेशंस लीग फुटबॉल टूर्नामेंट के क्वार्टर फाइनल के पहले चरण में फ्रांस को 2-0 से हराया। एंटे बुदिमिर ने गुरुवार को खेले गए मैच में 26वें मिनट में इवान पेरीसिक के क्रॉस पर क्रोएशिया को बढ़त दिलाई। पेरिसिक ने पहले हाफ के स्टॉपेज समय में बढ़त को दोगुना कर एम्बाप्पे की अपनी राष्ट्रीय टीम में छह महीने के बाद वापसी को फीका कर दिया। पहले चरण के अन्य क्वार्टरफाइनल मैचों में जर्मनी ने पिछड़ने के बाद वापसी करते हुए इटली को 2-1 से हराया, गत चैंपियन स्पेन ने नीदरलैंड के खिलाफ 2-2 से ड्रा खेला और डेनमार्क ने पुर्तगाल को 1-0 से पराजित किया।

# पाकिस्तान ने न्यूजीलैंड को नौ विकेट से रौंदा, हसन का शतक



एजेंसी ▶▶| ऑकलैंड

पाकिस्तान ने हसन नवाज की 45 गेंद में खेली गई नाबाद 105 रन की पारी से शुक्रवार को यहां तीसरे टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच में न्यूजीलैंड को नौ विकेट से हराकर श्रृंखला जीवंत रखी।

न्यूजीलैंड ने पांच मैच की श्रृंखला के शुरुआती दोनों मैच नौ विकेट और पांच विकेट से जीते थे। पाकिस्तान ने टॉस जीतकर गेंदबाजी करने का फैसला किया जिसके बाद घरेलू टीम को 19.5 ओवर में 204 रन पर समेट दिया। लक्ष्य का पीछा करते हुए नवाज ने अपना पहला शतक जड़ा। कप्तान सलमान अली आगा (51 रन) ने दूसरे विकेट के लिए नवाज के साथ 133 रन की अटूट साझेदारी बनाने में अच्छा साथ निभाया। टीम ने पूरे चार ओवर रहते एक विकेट पर 207 रन बनाकर न्यूजीलैंड को विकेटों के लिहाज से टी20 में सबसे करारी शिकस्त दी। नवाज पहले दो मैच में खाता भी नहीं खोल सके थे।

**फुटबॉल**

# विनीसियस ने दिलाई ब्राजील को जीत, कोलंबिया को हराया



एजेंसी ▶▶| साओ पाउलो

विनीसियस जूनियर के आखिरी मिनट में किए गए गोल की मदद से ब्राजील ने विश्व कप क्वालीफाइंग मैच में कोलंबिया को 2-1 से हराया। अगर यह मैच ड्रॉ रहता तो ब्राज़ील दक्षिण अमेरिकी तालिका में छठे स्थान पर खिसक जाता। इसके बजाय वह विनीसियस जूनियर के गोल से अर्जेंटीना के बाद दूसरे स्थान पर आ गया।

दक्षिण अमेरिका की शीर्ष छह टीमों को अगले साल कनाडा, अमेरिका और मैक्सिको में होने वाले विश्व कप में सीधा प्रवेश मिलेगा। अर्जेंटीना के अभी तक 12 मैच में 25 अंक और ब्राजील के 13 मैच में 21 अंक हैं।

पराग्वे ने एक अन्य मैच में चिली पर 1-0 की जीत दर्ज की। पराग्वे के 20 अंक हो गए हैं और वह अंक तालिका में चौथे स्थान पर है। चिली नौ अंकों के साथ राउंड-रॉबिन प्रतियोगिता में अंतिम स्थान पर है। इसके अलावा गुरुवार को पेरू ने बोलीविया को 3-1 से हराया। बोलीविया 13 अंकों के साथ सातवें स्थान पर है। पेरू के 10 अंक हैं और वह नौवें स्थान पर है।

## पनामा ने फाइनल में बनाई जगह



**इंगलवुड।** सेसिलियो वॉटरमैन ने दूसरे हाफ के इंजुरी टाइम के चौथे मिनट में गोल किया जिससे पनामा तीन बार के गत चैंपियन अमेरिका को 1-0 से हराकर कॉनकाफ नेशंस लीग फुटबॉल टूर्नामेंट के फाइनल में पहुंचने में सफल रहा। जब लग रहा था कि मैच अतिरिक्त समय तक खिंच जाएगा तब वाटरमैन ने अमेरिकी बॉक्स में एडलबर्टो कैरासक्विला से दाहिनी ओर से पास लिया और मैट टर्नर को पीछे छोड़ते हुए शानदार गोल दागा। अंतरराष्ट्रीय फुटबॉल में अपना 11वां गोल करने वाले वॉटरमैन ने मैच के बाद कहा, 'मेरे करियर में मेरे साथ कई अच्छी चीजें हुई हैं, लेकिन यह सबसे अलग है। यह अविश्वसनीय है।' पनामा फाइनल में कनाडा या मेक्सिको का सामना करेगा।

## प्रणति नायक विश्व कप में वॉल्ट फाइनल के लिए क्वालीफाई

**नई दिल्ली।** भारतीय जिमनास्ट प्रणति नायक ने तुर्की के अंताल्या में एफआईजी अप्लायन्सेज विश्व कप के क्वालिफिकेशन राउंड में तीसरा स्थान हासिल कर वॉल्ट फाइनल के लिए क्वालीफाई किया। टोक्यो ओलंपिक में भारत का प्रतिनिधित्व करने वाली 29 वर्षीय प्रणति ने वॉल्ट क्वालिफिकेशन में 13.317 के कुल स्कोर के साथ फाइनल में जगह बनाई। वह जयला हैंग (13.783) और क्लेयर पीज़ (13.584) की अमेरिकी जोड़ी से पीछे रहीं। प्रणति के कोच अशोक कुमार मिश्रा ने कहा, 'प्रणति ने क्वालीफिकेशन में अच्छा प्रदर्शन किया और अगर वह फाइनल में इससे बेहतर प्रदर्शन करती है तो पदक जीत सकती है।' प्रणति ने पिछले साल पेरिस ओलंपिक से पहले काहिरा में एफआईजी अप्लायन्सेज विश्व कप की महिला वॉल्ट स्पर्धा में कांस्य पदक जीता था। उन्होंने 2019 (उलानबटोर) और 2022 (दोहा) में एशियाई चैंपियनशिप में वॉल्ट में कांस्य पदक जीते थे।



# पुणे मैराथन चैंपियन किरुलकर 3 साल और मोरे 5 साल के लिए बैन

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

भारत के लंबी दूरी के धावक प्रधान किरुलकर और विवेक मोरे को प्रतिबंधित पदार्थों के जांच में पॉजिटिव आने पर 'एथलेटिक्स इंटीग्रिटी यूनिट' द्वारा क्रमशः तीन और पांच साल के लिए प्रतिबंधित कर दिया गया है। इन दोनों खिलाड़ियों के नमूने 15 दिसंबर 2024 को पुणे हाफ मैराथन के दौरान लिए गए थे। इससे पहले मंगलवार को अर्चना जाधव को चार साल के लिए प्रतिबंधित किया गया था। इसी स्पर्धा के दौरान लिया गया अर्चना का नमूना भी जांच में पॉजिटिव आया था।

किरुलकर ने 1:04:22 के समय के साथ पुणे हाफ मैराथन जीती थी। नई दिल्ली स्थित राष्ट्रीय डोप परीक्षण प्रयोगशाला में जांच के दौरान उनके नमूने में 'मेल्डोनियम' पाया गया था। उनकी प्रतिबंध अवधि 19 फरवरी से शुरू हुई है और 15 दिसंबर 2024 के बाद से उनके सभी परिणाम अयोग्य घोषित कर दिए जाएंगे।

चौबीस साल के मोरे का नमूना भी पिछले साल दिसंबर में इसी स्पर्धा में एकत्र किया गया था। उनके नमूने की जांच में 'मेफेनटेरमाइन, मेल्डोनियम और डीईपीओ' की पुष्टि हुई। अर्चना के नमूने में प्रतिबंधित पदार्थ 'ऑक्सन्ड्रोलोन' पाया गया। यह 'सिंथेटिक एनाबॉलिक स्टेरॉयड' शरीर में प्रोटीन उत्पादन और मांसपेशियों के निर्माण को बढ़ावा देता है।



**दो बार की ओलंपिक स्वर्ण पदक विजेता तैराक कॉवेंट्री को सौंपी कमान**

# आईओसी का ऐतिहासिक फैसला, पहली बार महिला बनी अध्यक्ष

एजेंसी ▶▶| कोस्टा नवारिनो

जिम्बाब्वे की खेल मंत्री और दो बार की ओलंपिक स्वर्ण पदक विजेता तैराक क्रिस्टी कॉवेंट्री को गुरुवार रात को अंतरराष्ट्रीय ओलंपिक समिति की नई अध्यक्ष चुना गया। कॉवेंट्री इस पद पर चुनी जाने वाली पहली महिला और संभवतः पहली अफ्रीकी हैं।

आइओसी के चुनाव में कॉवेंट्री के पक्ष में 97 सदस्यों में से 49 ने पक्ष में मतदान किए। 41 वर्षीय कॉवेंट्री 2033 तक आईओसी अध्यक्ष पद पर रहेंगी और वह इस पद पर चुनी जाने वाली सबसे युवा हैं। क्रिस्टी निवर्तमान अध्यक्ष थॉमस बाक की जगह लेंगी, जिनका कार्यकाल 23 जून को समाप्त होगा।

अध्यक्ष पद की दौड़ में ब्रिटेन के सेबेस्टियन को, स्पेन के जुआन एंटोनियो, फ्रांस के डेविड लेपार्टियंट, जॉर्डन के प्रिंस फैजल, स्वीडन की जोहान इलियाश और जापान के मोरीनारी वातानाबी भी थे। सेबेस्टियन को पद के प्रबल दावेदार माने जा रहे थे, लेकिन क्रिस्टी ने उन्हें पछाड़ दिया। जीत के बाद कॉवेंट्री ने कहा, मैं आप सभी को गौरवान्वित महसूस कराऊंगी और उम्मीद है कि आपने जो निर्णय लिया है, उस पर आप सभी को बहुत भरोसा होगा।



### मुक्केबाजी ओलंपिक में शामिल

इससे पहले आइओसी के 144वें सत्र की बैठक के दौरान सभी सदस्यों ने 2028 में होने वाले लॉस एंजेल्स ओलंपिक खेलों में मुक्केबाजी को शामिल करने के पक्ष में मतदान किया। पहले इस खेल को हटाने की बातें चल रही थीं और माना जा रहा था कि अगले ओलंपिक खेलों में मुक्केबाज नहीं होगी। हालांकि, अब ये तय है कि मुक्केबाजी भी 2028 में ओलंपिक पदक दिए जाएंगे।

### भविष्य के ओलंपिक मेजबान के चयन पर विचार जल्द

आईओसी की नव निर्वाचित अध्यक्ष क्रिस्टी कोवेंट्री ने 2036 ओलंपिक के आयोजन के लिए भारत की बोली पर उम्मीद के मुताबिक सतर्कता बरतते हुए कहा कि वह आने वाले दिनों में भविष्य के मेजबान के चयन पर अपने 'विचारों' का खुलासा करेंगी। यह पूछे जाने पर कि क्या मौजूदा अध्यक्ष थॉमस बाक के 23 जून को पद छोड़ने से पहले भारत की बोली पर कोई संभावना है तो कोवेंट्री ने कहा, 'आखिरकार एक प्रक्रिया होती है और वह प्रक्रिया जारी है और जहां तक मुझे पता है, यह अगले कुछ महीनों तक जारी रहेगी।'

# देवनागरी, गुरुमुखी, फारसी, लैटिन और रोमन लिपि के रूप में नजर आईं कैलीग्राफी पेंटिंग

हरिभूमि न्यूज ⏭भोपाल

हिंदी की लिपि देवनागरी, पंजाबी की लिपि गुरुमुखी, उर्दू की फारसी और फ्रेंच भाषा की लैटिन व रोमन लिपि को कैलीग्राफी पेंटिंग्स के रुप में आर्टिस्ट ने इतने सुंदर रूप में प्रस्तुत किया कि दर्शक देखते रह गए। इन पेंटिंग्स में मुख्य रूप से इंडो-फ्रेंच संबंधों को दर्शाने की कोशिश की। ऑलियांस फ्रांसिस में 'स्क्रिप्टेड डायलॉग्स ए केलिग्राफिक कन्वर्सेशन' पर आधारित चित्रों की प्रदर्शनी का आयोजन शुक्रवार को किया गया, जिसमें देशभर के आठ कलाकारों ने करीब 25 चित्रों में इंडिया-फ्रेंच संबंधों को विभिन्न लिपियों के रुप में पेंटिंग्स में दर्शाया।

- ऑलियांस फ्रांसिस में आठ आर्टिस्ट्स के 25 चित्रों की प्रदर्शनी
- आर्टिस्ट ने अपनी कल्पना से रंगों की कूची से कैनवास पर उकेरी कैलीग्राफिक पेंटिंग्स



## फ्रांस के प्रसिद्ध वास्तुकार की कला को गुरुमुखी लिपि में दर्शाया



इस एग्जीबिशन में तरुणदीप गिरधर ने पंजाबी की लिपि गुरुमुखी पर आधारित तीन पेंटिंग्स एग्जीबिट कीं। जिसमें उन्होंने चंडीगढ़ के फ्रांसीसी वास्तुकार ले कॉर्बूसियर के आर्किटेक्ट को अपने चित्रों में दर्शाया। आपकी पेंटिंग्स में सेंस ऑफ ग्रेटीटयूट की झलक साफ नजर आती है। इसके साथ ही चंडीगढ़ का प्रसिद्ध ओपन हैंड मॉन्यूमेंट भी उनकी पेंटिंग्स की खासियत है, जिसमें पंजाबी में लिखा है पूरे हाथ से मैंने प्राप्त किया और खुले हाथ से दिया, जिसके माध्यम से उन्होंने थैंकफुल ग्रिटीट्यूड के रुप में ईश्वर को धन्यवाद भी दिया।




## प्रसिद्ध फैशन डिजाइनर्स के कोट्स दिखे कैलीग्राफी अंदाज में



वहीं निखिल आफले की पेंटिंग में फ्रांस के प्रसिद्ध तत्वों को दर्शाया, जिसमें फैशन, आर्ट के साथ साथ लव एंड रोमांस को भी बड़ी की खूबसूरती से निखिल ने अपने चित्रों में दिखाया। निखिल की पेंटिंग में फ्रांस के प्रसिद्ध फैशन डिजाइनर के कोट्स को कैलीग्राफी अंदाज में पेंटिंग के रूप में चित्रित किया।

**अद्भुत दर्शन**

## पेंटिंग में दिखा 'जॉय ऑफ लिविंग' और 'रोड्स टू हैप्पीनेस'

वहीं आर्टिस्ट ने सुदीप गांधी की अपनी पेंटिंग्स में फ्रेंच स्क्रिप्ट के साथ देवनागरी लिपि के भी कनेक्शन को दर्शाया। फ्रेंच की लिपि पर आधारित इस कैलीग्राफिक पेंटिंग में सुदीप ने 'जॉय ऑफ लिविंग' और 'रोड्स टू हैप्पीनेस' को बखूबी दर्शाया।





रंगश्री लिटिल बैले में 'धरोहर-15' में भरतनाट्यम नृत्य की प्रस्तुति

# 20 कलाकारों ने दुर्गा महिमा में दिखाए मां के विभिन्न रूप

हरिभूमि न्यूज ⏭भोपाल

ऋषि मार्कण्डेय द्वार रचित अर्गला स्तोत्र और ब्रह्मानंद पद 'जय दुर्गे दुर्गति परिहारिणी' के रूप में मां दुर्गा के विभिन्न रूपों को दर्शाती प्रस्तुति जिसमें कहीं महिषासुरमर्दिनी, निशुंभ शुंभ हानिनी, चंड मुंड विनाशिनी दुष्टों का संहार कर रही है तो वहीं मां के रूप में भक्तों की तारणहार मां दुर्गा की महिमा कहती नृत्य प्रस्तुति ने दर्शकों को रोमांच से भर दिया। 'दुर्गा महिमा' की इस प्रस्तुति का संयोजन देखने को मिला शुक्रवार को रंगश्री लिटिल बैले में आयोजित 'धरोहर-15' में, जिसमें प्रसिद्ध भरतनाट्यम नृत्यांगना श्वेता देवेन्द्र व उनकी 20 शिष्याओं ने बड़ी ही खूबसूरती से मां दुर्गा की महिमा को मंच पर प्रस्तुत किया।





## आदि शंकराचार्य द्वारा रचित गणेश पंचरतनम की प्रस्तुति रही खास

कार्यक्रम का शुभारंभ पुष्पांजलि से हुआ, जिसमें उन्होंने ईश्वर की प्रार्थना की। इसके बाद ताल प्रधान अंग जतिस्वरं की प्रस्तुति दी जिसमें कलाकारों ने राग कल्याणी एवं ताल रूपकम में निबद्ध प्रस्तुति से दर्शकों की खूब तालियां बंटौरी। वहीं अगली कड़ी में आदि शंकराचार्य द्वारा रचित गणेश पंचरतनम स्त्रोत की प्रस्तुति दी, जिसमें नृत्यांगनाओं ने पंचरत्नम के श्लोकों और जति के बोलों का सुन्दर मेल प्रस्तुत किया।

**दर्शकों की खूब तालियां बटोरी**

### राग मालिका और आदि तालम में रचित सूरदास

गीत-संगीत और नृत्य के उचित संयोजन से सजी इन प्रस्तुतियों के अगले क्रम में नृत्यांगनाओं ने राग मालिका और आदि तालम में रचित सूरदास पद-सुन्दर श्याम को प्रस्तुत किया। इस प्रस्तुति में भगवान कृष्ण की सुंदरता का महिमा मंडल किय। वहीं भगवान शिव को समर्पित रही कीर्तनम की प्रस्तुति के बाद अंतिम चरण में तिल्लाना की प्रस्तुति दी गई। जो पल्लवी, अनूपल्लवी, साहित्य और चरणम में विभाजित रही।

**स्टोरीटेलर्स ग्रुप ने की प्रेस कॉन्फ्रेंस आयोजित**

## भोपाल अंतरराष्ट्रीय कथा महोत्सव का आयोजन कल



भोजपुर क्लब में 23 मार्च को होने वाले भोपाल अंतरराष्ट्रीय कथा महोत्सव के संदर्भ में शुक्रवार को भोजपुर क्लब में प्रेस कॉन्फ्रेंस का आयोजन किया गया।

आयोजन के संचालक प्रताप वर्मा ने बताया कि इस महोत्सव का उद्देश्य स्टोरीटेलिंग को एक आवश्यक हुनर बनाते हुए संस्कृति की रक्षा करना है।

### बच्चों की रचनात्मकता का होगा विकास

इस महोत्सव के आयोजक व भारत स्टोरीटेलर्स के संस्थापक अविरल पवार ने सरकार से विद्यालयों में स्टोरीटेलिंग को एक मुख्य विषय के रूप में स्थापित करने पर हुई चर्चा को प्रेस वार्ता में साझा किया। आयोजकों के अनुसार इस कार्यक्रम से बच्चों की रचनात्मकता में विकास होगा तथा स्टोरीटेलिंग के जरिए वे अपने भाव सही तरह से व्यक्त कर पाने में सक्षम होंगे। महोत्सव में ज्योति पांडे, जयंत गौर व दीपा किरण जैसे कई अन्य ख्यात कहानीकार भी शामिल होंगे।

मानव संग्रहालय के 49वें स्थापना दिवस समारोह में पारंपरिक नृत्य प्रस्तुति के साथ साउथ के व्यंजनों का मेला



# एक हजार बातियों वाले 'अल-विल्लकु' दीप प्रज्जवलन से जगमग हुआ मानव संग्रहालय

हरिभूमि न्यूज ⏭भोपाल

मानव संग्रहालय के 49वें स्थापना दिवस पर तीन दिवसीय भव्य समारोह का शुभारंभ शुक्रवार को हुआ, जिसमें संग्रहालय का प्रसिद्ध एक हजार बातियों वाले 'अल-विल्लकु' दीप प्रज्जवलन से पूरा मानव संग्रहालय जगमगा उठा। इसके साथ ही समारोह का मुख्य विषय 'आंध्र प्रदेश और तेलंगाना की सांस्कृतिक विविधता' रहा, जिसमें इन राज्यों की समृद्ध परंपराओं, लोककला, संगीत, नृत्य और पारंपरिक व्यंजनों को प्रदर्शित किया गया। इस कार्यक्रम मे आंध्र प्रदेश और तेलंगाना से लगभग 100 से अधिक कलाकारों ने भाग लिया।




**डप्पू नृत्य, थप्पेट्टा गुल्लू, नृत्य प्रस्तुति :** इस दौरान दर्शकों को कीलू गुर्रम, ओग्गू कथा, डप्पू नृत्य, थप्पेट्टा गुल्लू, गोंड-गुस्साड़ी नृत्य और चेक्का भजन जैसे पारंपरिक नृत्य व लोककथाओं का आनंद लेने का अवसर मिला। साथ ही आंध्र, तेलंगाना और केरल की सांस्कृतिक झलकियों को भी संग्रहालय परिसर में प्रस्तुत किया।

**परमन्नाम, झंटिकालु, पुनुकुलु का चखा स्वाद**

वहीं पारंपरिक व्यंजनों में आंध्र प्रदेश और तेलंगाना के प्रसिद्ध व्यंजनों में लेमन राइस, वड़ा, परमन्नाम, झंटिकालु, पुनुकुलु और नाटू कोडी जैसे पारंपरिक व्यंजनों ने आगंतुकों का मन मोह लिया। इस आयोजन के दौरान आगंतुकों को आंध्र प्रदेश और तेलंगाना की समृद्ध हस्तकला से भी रूबरू होने का अवसर मिला।

# आर्थिक संकट की विषम परिस्थितियों को दर्शाता नाटक

## त्रि-दिवसीय ब. व. कारंत स्मृति नाट्य समारोह में नाटक 'अस्सी लाख' का मंचन



हरिभूमि न्यूज ⏭भोपाल

शहीद भवन में आयोजित त्रि-दिवसीय ब.व. कारंत स्मृति नाट्य समारोह में शुक्रवार को नाटक 'अस्सी लाख' का मंचन किया गया। नाटक में नाट्य रूपांतरण आशीष पाठक का और निर्देशन रूपेश तिवारी तथा प्रस्तुति अनुभव थियेटर नाट्यकला के कलाकारों ने दी। नाटक के माध्यम से आज के आर्थिक संकट की विषम परिस्थितियों को दर्शाया गया।



### नाटक की कहानी

नाटक में दिखाया कि एक शुगर फैक्ट्री के कैश रूम में एक रोज चार कर्मचारियों के बीच होने वाली सामान्य बातचीत असामान्य रूप से आगे बढ़ते हुए डकैती के षड़यंत्र तक पहुंच जाती है। सामान्य दिनों से इतर कैश काउंटर से अस्सी लाख से वेतन दिया जाएगा। नाटक के किरदारों का आपसी द्वेष और उससे प्रकट हुआ अपराध बोध किरदारों की मुक्ति का मार्ग बनता है, जो आगे चलकर संघर्षशील रहते हुए बड़े सामाजिक और आर्थिक बदलावों की और इशारा करता है। भवेन्द्र नाथ सैकिया की कहानी को असामिया से हिंदी में नाट्य रूपांतरण करते हुए कई नए बिम्ब गड़े गए हैं जो नाटक को एक साथ सौंदर्य और विचार दोनों प्रदान करते है।

# डब्ल्यूडब्ल्यूएफः इंडिया ने किया अर्थ ऑवर 2025 के अवसर पर साइक्लोथॉन, नुक्कड़ नाटक

हरिभूमि न्यूज ⏭भोपाल

स्थिरता की दिशा में एक शक्तिशाली कदम उठाते हुए, शहर वासियों ने शुक्रवार को जल के प्रति सजग रहें थीम के तहत एक सफल अर्थ ऑवर 2025 साइक्लोथॉन देखा। डब्ल्यू डब्ल्यू एफ - इंडिया वॉलिंटियर्स और अन्य साइकिलिंग समूहों एवं स्थानीय युवा संगठनों सहित 110 से अधिक प्रतिभागियों ने आयोजित इस साइक्लोथॉन में



भाग लिया, जिसे संगीता सक्सेना, राज्य निदेशक डब्ल्यू डब्ल्यू एफ - इंडिया ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।



संसदीय चित्रकला प्रतियोगिता आयोजित

# कुंजीलाल दुबे राष्ट्रीय संसदीय विद्यापीठ में पुरस्कार वितरित




हरिभूमि न्यूज ⏭भोपाल

मप्र शासन संसदीय कार्य विभाग के तहत कार्यरत पं. कुंजीलाल दुबे राष्ट्रीय संसदीय विद्यापीठ भोपाल में संसदीय चित्रकला प्रतियोगिता वर्ष 2024-25 का आयोजन किया गया। संविधान की प्रस्तावना विषय पर आयोजित इस प्रतियोगिता में भोपाल स्थित महाविद्यालयों एवं विद्यालयों के 48 छात्र-छात्राओं ने भाग लिया।

विन्ध्याचल भवन स्थित विद्यापीठ के सभागार में शुक्रवार को संपन्न हुई प्रतियोगिता में उत्साहपूर्वक भाग लिया। प्रतियोगिता का उद्घाटन मुख्य अतिथि अनिरुद्ध माधव मारू विधायक मनासा एवं विशिष्ट अतिथि डॉ. संजय तिवारी, कुलगुरु, भोज विश्वविद्यालय की उपस्थिति में हुआ। इस अवसर पर संचालक, संसदीय विद्यापीठ डॉ. प्रतिमा यादव ने विद्यापीठ की विभिन्न गतिविधियों एवं उद्देश्यों के बारे में जानकारी प्रदान की। उन्होंने विद्यार्थियों को संविधान की प्रस्तावना के महत्व से अवगत कराते हुए लोकतांत्रिक मूल्यों के प्रति जागरूक रहने का संदेश दिया। विधायक मार ने सीमित बजट, सीमित अमले से विद्यापीठ की ओर से संसदीय क्षेत्र में किए जा रहे प्रयास की सराहना की।

# पटवारी ने विधायकों की विकास निधि आवंटन में लगाया भेदभाव का आरोप

## बोले, भाजपा विधायकों के फंड का 40% कमीशन में चला जाता है

हरिभूमि न्यूज ⏭भोपाल

मध्य प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष जीतू पटवारी ने प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव को पत्र लिखा है। सीएम को लिखे पत्र में पटवारी में उन्होने एमपी सरकार पर कई गंभीर आरोप लगाए हैं। पटवारी का आरोप है कि मोहन सरकार भेदभाव करती है। पत्र में लिखा है कि भाजपा अपने विधायकों को विधानसभा क्षेत्र के विकास के लिए 15 करोड़ रुपये की निधि दे रही है, जबकि कांग्रेस पार्टी के निर्वाचित जनप्रतिनिधियों के क्षेत्रों को इस विकास निधि से वंचित रखा जा रहा है। साथ ही अपने पत्र में लिखा कि, कांग्रेस विधायकों के क्षेत्र में जनता भी निवास करती है, जो करदाता हैं और जिन्हें समान रूप से सरकारी योजनाओं और विकास कार्यों का लाभ मिलना चाहिए। यदि एक लोकतांत्रिक सरकार ही अपने दायित्वों का निर्वहन भेदभाव के आधार पर करने लगे, तो इससे जनता का विश्वास प्रणाली से उठ जाएगा। इसके अलावा उन्होनें पत्र में विधायकों को मिलने वाली विकास निधि में भ्रष्टाचार का भी आरोप लगाया है। पत्र के माध्यम से कहा कि भाजपा के विधायकों को मिलने वाली इस निधि का 30-40% हिस्सा पहले ही भष्टाचार और कमीशनखोरी में चला जाता है। इसके बाद भी नौकरशाही और ठेकेदारी के स्तर पर व्यापक भ्रष्टाचार और कमीशन का बोलबाला है।



### कमीशनखोरी पर कठोर कार्रवाई की मांग

पटवारी ने पत्र के माध्यम से सीएम से तीन मांग की, इसमें सभी विधायकों को, चाहे वे किसी भी दल से हों, समान रूप से 15 करोड़ रुपए की विकास निधि प्रदान की जाए। वहीं निधि के आवंटन और व्यय की प्रक्रिया को पारदर्शी बनाया जाए, ताकि भ्रष्टाचार और कमीशनखोरी पर रोक लगाई जा सके। जिन अधिकारियों और ठेकेदारों पर कमीशनखोरी और भ्रष्टाचार के आरोप हैं, उनकी निष्पक्ष जांच कर कठोर कार्रवाई की जाए।

## जल्द बनेगा केन्द्रीय कृत कंट्रोल कमांड सेंटरः राजपूत

**भोपाल।** प्रदेश के खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण मंत्री गोविंद सिंह राजपूत ने अफसरों को निर्देश दिया है कि धान और गेहूं उपार्जन, परिवहन और भण्डारण में सामने आने वाली गड़बडियों को रोकने के लिए एकीकृत निगरानी तंत्र जल्द विकसित करें। खाद्य मंत्री श्री सिंह ने अपर मुख्य सचिव खाद्य एवं आयुक्त खाद्य को दिये निर्देश में कहा कि है धान और चावल के मिलिंग और परिवहन के दौरान वाहनों में जीपीएस सिस्टम आवश्यक रूप से लगवाने के साथ उसकी मॉनिटरिंग भी करें। उन्होंने निर्देश दिए हैं कि मुख्यालय स्तर पर कन्ट्रोल कमांड सेन्टर बनाया जाए जिससे खाद्य विभाग, नागरिक आपूर्ति निगम एवं वेयर हाउसिंग कार्पोरेशन के जुड़े अधिकारियों और कर्मचारियों को पूरे प्रदेश में भण्डारित किये गये उपार्जित धान एवं गेहूँ और चावल की मात्रा, परिवहन और मिलिंग की जानकारी एक ही क्लिक पर उपलब्ध हो जाए।

सोने की प्रतीकात्मक बिस्किट दिखाए

# कांग्रेस विधायकों के प्रतिनिधिमंडल ने आयकर महानिदेशक से की भेंट

हरिभूमि न्यूज ⏭भोपाल

मध्यप्रदेश के नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार के नेतृत्व में शुक्रवार को कांग्रेस विधायकों के प्रतिनिधिमंडल ने आयकर विभाग के महानिदेशक से भेंट की और मंत्री गोविंद राजपूत की प्रार्प्टी के दस्तावेज सौंपकर परिवहन घोटाले की जांच की मांग की। नेता प्रतिपक्ष और कांग्रेस विधायकों ने महानिदेशक को एक ज्ञापन भी सौंपा जिसमें राजपूत के द्वारा लोकसेवक के पद पर रहते हुये भ्रष्टाचार कर अपने स्वयं एवं पत्नि तथा पुत्रों, रिश्तेदारो एवं अन्य लोगों के नाम से सैकडों एकड़ जमीन अवैध लेनदेन कर खरीदने एवं बेनामी अवैध संव्यवहार की जाँच किये जाने एवं सम्पत्ति अटैच करने की मांग की गई। इसके बाद सिंघार ने मीडियाकर्मियों से बातचीत करते हुए सोने के प्रतीकात्मक बिस्किट



भी दिखाए।एक सिपाही को गिरफ्तार किया जाता है लेकिन जो बड़े मगरमच्छ हैं, जिन्होंने हजारों करोड़ की अवैध संपत्ति बनाई है, जिनके पास पैसा पहुंच रहा था। उनपर कार्यवाही नहीं होती। उन्होंने कहा कि ये सरकार भ्रष्टाचार को बढ़ावा दे रही है इसलिए हमने पहले लोकायुक्त, एडह और अब आयकर विभाग में शिकायत की है।

नेता प्रतिपक्ष ने कहा कि हमने आयकर विभाग को सोने और पैसों की जप्ती को लेकर बधाई दी साथ ही इस मामले में निष्पक्ष जांच सहित सभी बड़े नामों का खुलासा करने की मांग की है जिसपर महानिदेशक ने जांच का आश्वासन दिया है।

हरिभूमि कम्यूनिकेशन प्राइवेट लिमिटेड के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक अचिंत महेश्वरी द्वारा प्लॉट नं.160 न्यू एच-सेक्टर इंडस्ट्रियल एस्टेट, गोविंदपुरा, भोपाल (म.प्र.) 462023 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, पीबी-2, चतुर्थ तल, मानसरोवर कॉम्पलैक्स, वार्ड नं. 50, शिवाजी नगर, निकट रानी कमलापति रेलवे स्टेशन, होशंगाबाद रोड, भोपाल, (म.प्र.) 462016 से प्रकाशित। प्रधान संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी। स्थानीय संपादकः प्रमोद भारद्वाज। RNI No. MPHIN/2014/55906, फोन 0755-4049930